नई दिल्ली
मंगलवार 20 अक्टूबर 2026
अश्विन मास, शुक्ल पक्ष
नवमी, वर्ष : 30, अंक : 183
पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00

मौसम
अधि. 31
न्यून. 16

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच आज मुंबई में होगी द्विपक्षीय बैठक

विदेश मंत्रालय ने जारी किया अमेरिकी विदेश मंत्री का आधिकारिक यात्रा कार्यक्रम

इंतजार की घड़ियां जल्द खत्म होंगी, भारत-अमेरिका में होगा व्यापार समझौता: रुबियो

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में मंगलवार को होने वाली भारत और अमेरिका के विदेश मंत्रियों की उच्च स्तरीय बैठक से ठीक पहले सोमवार को मार्को रुबियो ने एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा है कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर जल्द ही कोई गुड न्यूज मिल सकती है। अभी हम फिलहाल इसे अंतिम रूप देने को लेकर नई दिल्ली के साथ प्रयास कर रहे हैं। हां इतना जरूर है कि मामले में हम बेहद करीब पहुंच गए हैं। वहीं, विदेश मंत्रालय ने 19 अक्टूबर को एक आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि अमेरिका के विदेश मंत्री की भारत यात्रा 20 से 22 अक्टूबर तक होगी। गौरतलब है कि अमेरिका के विदेश विभाग ने बीते दिनों कहा था कि मार्को रुबियो 17 से 22 अक्टूबर तक उज्बेकिस्तान और भारत की यात्रा पर रहेंगे। इस साल यह उनकी दूसरी भारत यात्रा है। पहले वह मई महीने में क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए नई दिल्ली आए थे।

ये है रूसी प्रतिबंधों में छूट की वजह

अमेरिकी विदेश मंत्री ने उज्बेकिस्तान में पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। जिसमें रूस से बड़ी मात्रा में तेल, गैस खरीदने वाले शीर्ष पांच देशों जैसे भारत, चीन से आने वाले सभी सामान पर लगाए जाने वाले 100% टैरिफ को लेकर हाल ही में दी गई चौंकाने वाली ढील के मामले पर उन्होंने कहा कि हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई आपूर्ति और कीमतों पर पड़ते प्रभाव की वजह से प्रतिबंधों में यह छूट देनी पड़ी है। तमाम मुद्दों का हमें प्रबंधन करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में वाशिंगटन डीसी, नई दिल्ली के साथ एक व्यापारिक समझौता करने के बेहद करीब पहुंच गई है। मूलरूप से यह मसला उन चीजों में शुमार है। जो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर दी जाने वाली छूट और ऐसी ही अन्य चीजों के बारे में फैसले करते वक्त ध्यान में रखते हैं। कुछ देशों के लिए वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों से ऊर्जा प्राप्त करना काफी कठिन है। ऐसे में भौगोलिक स्थिति, ऊर्जा के अन्य वैकल्पिक स्रोतों की उपलब्धता जैसे मुद्दों पर संतुलन बनाना पड़ता है।

लिंडसे ओ ग्राहम कानून का किया प्रयोग

ज्ञात हो कि राष्ट्रपति ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश के जरिए लिंडसे ओ ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान कानून में छूट के जरिए इस प्रक्रिया को पूरा किया है। मामले में अमेरिकी संसद को लिखित रूप में एक प्रमाण पत्र सौंपते हुए अवगत करा दिया गया है। रुबियो के मुताबिक, राष्ट्रपति दो महीने की समय अवधि के साथ इस पूरे मामले का वैश्विक से लेकर अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर पड़ने पर प्रभाव का विश्लेषण करने के इच्छुक हैं। उन्होंने कहा कि भारत जैसे देशों ने अपने ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाई है। लेकिन आज भी यह सभी मॉस्को से बड़ी मात्रा में तेल की खरीद कर रहे हैं। इन सबके बीच अचानक अपने ऊर्जा स्रोतों में तब्दीली लाना मुश्किल है। वहीं, इसमें भी कोई शक नहीं है कि यह देश अमेरिका के भी महत्वपूर्ण साझेदार हैं। जिसे देखते हुए सही संतुलन बनाने की दरकार है।

20 अक्टूबर को होगी जयशंकर संग बैठक

मंत्रालय ने कहा कि 20 अक्टूबर की दोपहर सवा 2 बजे अमेरिकी विदेश मंत्री मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पहुंचेंगे। जिसके बाद होटल ताज महल पैलेस में 26/11 आतंकी हमलों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और फिर विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर के साथ उनकी बैठक होगी। जिसमें भारत, अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों, व्यापक ▶▶ शेष पेज 5 पर

Ninh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप



डॉ. ढाल सिंह ने उत्तराखंड के राज्यपाल की शपथ ली

देहरादून। मप्र के वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व सांसद डॉ. ढाल सिंह बिसेन ने सोमवार को उत्तराखंड के नए राज्यपाल के रूप में शपथ ली। लोकभवन में आयोजित समारोह में उत्तराखंड हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित मंत्रिमंडल के सदस्य और वरिष्ठ अधिकारी समारोह में मौजूद रहे। बिसेन ने लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) का स्थान लिया है। मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के पिपरिया में 14 मई 1952 को जन्मे बिसेन पेशे से चिकित्सक और कृषक हैं। वे चार बार विधायक और सांसद भी रह चुके हैं तथा मध्य प्रदेश की राजनीति में कई अहम जिम्मेदारियां निभा चुके हैं।

17-18 अक्टूबर को बगदाद की बैठक में पारित किए गए भारत विरोधी प्रस्तावों से नहीं बदलेगी सच्चाई

धारा-370 हटने के बाद हुआ जम्मू-कश्मीर का कायाकल्प, अनर्गल टिप्पणियों से बचे ओआईसी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रस्तावों को खारिज करते हुए बोले जायसवाल, संगठन को पीओके के मौजूदा दर्दनाक हालात पर ध्यान देना चाहिए



भारत ने इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईसी) को एक बार फिर से सार्वजनिक रूप से जमकर लताड़ लगाई है। मामला इराक की राजधानी बगदाद में बीते 17 और 18 अक्टूबर को हुई संगठन देशों के विदेश मंत्रियों की एक बैठक से जुड़ा हुआ है। जिसमें पाकिस्तान की कुसित मंशा को बिना सोचे समझे पुनः अपना समर्थन प्रदान करते हुए ओआईसी ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्रशासित प्रदेश को लेकर कुछ भारत विरोधी प्रस्ताव पारित किए।

इनमें नई दिल्ली के खिलाफ झूठे, दुर्भावनापूर्ण, पक्षपाती और कट्टरतापूर्ण संदर्भों का समावेश किया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोमवार को एक बयान जारी कर देश विरोधी संदर्भों से जुड़े इन प्रस्तावों को न केवल बेहद सख्त अंदाज में सिरे से खारिज कर दिया। बल्कि इस्लामी देशों के संगठन को साफ शब्दों में यह भी स्पष्ट कर दिया कि उसे भारत के अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है।

पीओके में हो रही हिंसा का क्या?

रणधीर के मुताबिक, भारत ने पहले भी कई मौकों पर जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को लेकर अपना पक्ष पूरी दुनिया के समक्ष रखा है। दोनों केंद्रशासित प्रदेशों को लेकर ओआईसी को टीका-टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। क्योंकि ये हमारे देश के अभिन्न और अविभाज्य अंग हैं। ऐसे में राजनीतिक रूप से प्रेरित कोई भी प्रॉपेगेंडा जमीनी सच्चाई को परिवर्तित नहीं कर सकता। उन्होंने ये भी कहा कि बीते कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर से धारा-370 की समाप्ति के बाद वहां सराहनीय रूप से आर्थिक विकास दर्ज किया गया। जिससे बुनियादी ढांचे, पर्यटन और कनेक्टिविटी में बढ़ोतरी देखने को मिली है और उसका सीधा-सीधा फायदा आम कश्मीरी लोगों को पहुंचा है। जबकि दूसरी ओर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में हालात बिलकुल उलट हैं। वहां नागरिक प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पड़ोसी दुश्मन देश ने हिंसा, क्रूरता और बर्बरता में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। इतना ही नहीं बड़े पैमाने पर मासूम ▶▶ शेष पेज 5 पर

मुद्दा कश्मीर से अवैध कब्जा हटाने का है

उन्होंने बयान में कहा कि अब मुद्दा तो केवल जम्मू-कश्मीर में बने हुए पाकिस्तान के जबरन किए गए अवैध कब्जे और सीमापार आतंकवाद को लगातार प्रदान किए जा रहे समर्थन को समाप्त करने का ही शेष बचा हुआ है। इन सबके बीच ओआईसी के मंच से लगभग क्रमवार रूप से भारत के खिलाफ पाकिस्तान द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा झूठा और भ्रामक प्रॉपेगेंडा संगठन की विश्वसनीयता तथा अखंडता पर गंभीर सवालिया निशान खड़े करता है। हमें उम्मीद है कि इसके सदस्य अच्छे कदमों के साथ संगठन में जरूरी सुधार करेंगे।

अपने गिरेबान में झांके पाकिस्तान

ओआईसी के प्रस्तावों में भारत के खिलाफ मनगढ़ंत और दुश्मनी को बढ़ावा देने वाली बातें कही गई हैं। जिसमें इस्लाम के खिलाफ डर या नफरत फैलाने यानी इस्लामोफोबिया का मुद्दा भी शामिल है। ये और कुछ नहीं बल्कि अल्पसंख्यकों पर किए अत्याचारों, सांप्रदायिक हिंसा, प्रशासनिक विफलता के साथ-साथ राजनीतिक अस्थिरता को लेकर अपने खराब रिकॉर्ड से अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान भटकाने की कोशिश मात्र है।

1969 में हुई ओआईसी की स्थापना

गौरतलब है कि ओआईसी को इस्लामी सहयोग संगठन व मुस्लिम दुनिया की सामूहिक आवाज के नाम से दुनियाभर में जाना जाता है। इसकी स्थापना 1969 में मोरक्को के रबात में हुई और वर्तमान समय में इसका मुख्यालय सऊदी अरब के जेद्दा शहर में है। संगठन में कुल 57 देश (48 मुस्लिम बहुल हैं) शामिल हैं, जो चार महाद्वीपों में फैले हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के बाद ये दुनिया के दूसरे सबसे ▶▶ शेष पेज 5 पर

टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग कर भागे शूटर्स ने 16 घंटे में किया 954 किमी का सफर

नेपाल भागने वाले थे शूटर्स रास्ता भटके तो कोटा में पकड़े गए 'तीनों' आरोपी

20 टीमें तलाश में जुटीं थीं



एजेंसी ▶▶ मुंबई


टाइगर श्रॉफ


अनिल पंडित

अभिनेता टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग के मामले में मुंबई पुलिस ने तीन आरोपियों को राजस्थान के कोटा रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। वारदात के बाद आरोपी करीब 16 घंटे में लगभग 954 किलोमीटर का सफर तय कर चुके थे। वे जयपुर पहुंचकर दिल्ली के रास्ते नेपाल भागने की योजना बना रहे थे, लेकिन रास्ता समझने में हुई परेशानी के कारण उनकी योजना बदल गई और वे कोटा जाने वाली ट्रेन में सवार हो गए। मुंबई पुलिस की सूचना पर कोटा पुलिस ने सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे पुणे-जयपुर एक्सप्रेस के सामान्य डिब्बे से तीनों को पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों में दो हरियाणा और एक बिहार का रहने वाला ▶▶ शेष पेज 5 पर

सीएम बोले मास्टरमाइंड्स का भी पता लगाएंगे



महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस कि हम उन मास्टरमाइंड्स का भी पता लगाएंगे जो महाराष्ट्र के बाहर या विदेश से इस साजिश को अंजाम दे रहे हैं। फडणवीस ने कहा कि जांच सिर्फ सीधे तौर पर शामिल लोगों की गिरफ्तारी के साथ खत्म नहीं होगी। अधिकारी उन मास्टरमाइंड्स का भी पता लगाएंगे जो छिपे हुए हैं और दूर से ही निर्देश देते हैं।



भारत-न्यूजीलैंड एफटीए आज से लागू

'एफटीए' से किसानों और एमएसएमई में नए अवसर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लागू होने से भारतीय निर्यात के लिए न्यूजीलैंड में 100 प्रतिशत शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। इससे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), किसानों, महिलाओं, युवाओं और श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए नए अवसर खुलेंगे। यह समझौता भारतीय पेशेवरों के लिए भी नए रास्ते खोलेगा और साथ ही भारत के प्रमुख हितों की रक्षा सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय किसानों को फल, सब्जियों, मसालों और अन्य कृषि उत्पादों के लिए न्यूजीलैंड के बाजार में बेहतर पहुंच मिलेगी। डेयरी सहित संवेदनशील क्षेत्रों को संरक्षण दिया गया है, ताकि सरकार की नीतियों में किसानों के कल्याण को प्राथमिकता मिलती रहे। गोयल के मुताबिक न्यूजीलैंड की ओर से भारत में 20 अरब डॉलर के निवेश को सुगम बनाने की प्रतिबद्धता भी महत्वपूर्ण है।



दोनों देशों के लिए 'विजय'

उन्होंने इसे दोनों देशों के लिए 'विजय' बताते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक समझौते को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस लक्सन के साझा दृष्टिकोण तथा मजबूत नेतृत्व ने संभव बनाया है। वाणिज्य मंत्री ने न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैक्ले और दोनों देशों की वार्ता टीमों के निरंतर प्रयासों के लिए आभार जताया।

हाई पावर्ड परचेज कमेटी की बैठक में खरीद एवं विकास कार्यों से जुड़े प्रस्तावों को मिली मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में बिजली, जलापूर्ति, सड़क और अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों को मंजूरी



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सोमवार को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में हाई पावर्ड परचेज कमेटी तथा हाई पावर वर्क्स परचेज कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के खरीद एवं विकास कार्यों से संबंधित प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। इन निर्णयों से प्रदेश में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने और जनसेवाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। बैठक में परिवहन मंत्री अनिल विज, शिक्षा मंत्री महिपाल ▶▶ शेष पेज 5 पर

मोना अग्रवाल, निषाद कुमार, सौम्या और रिकू ने जीते गोल्ड

एशियन पैरा गेम्स: पहले दिन भारत ने जीते 11 पदक

स्वर्णिम शुरुआत, 4 गोल्ड मेडल 'जीते'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



बाएं से रिकू, सौम्या, निषाद, मोना और अवनि

जापान में आयोजित एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारत ने पहले ही दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण, पांच रजत और दो कांस्य सहित कुल 11 पदक जीते। इसके साथ भारत पदक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गया। शूटिंग, पैरा एथलेटिक्स, जूडो और तैराकी में भारतीय खिलाड़ियों ने पदक हासिल किए। तीरंदाज शीतल देवी ने महिलाओं के कंपाउंड क्वालिफिकेशन राउंड में विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। इसके बाद उन्होंने राकेश कुमार के साथ मिश्रित टीम स्पर्धा में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। शूटिंग में मोना अग्रवाल ने महिला 10 मीटर एयर राइफल एसएच-1 फाइनल में 250.0 ▶▶ शेष पेज 5 पर

पीएम ने मोना और अवनि को दी बधाई देश को आप पर गर्व


नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियन पैरा गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय निशानेबाज मोना अग्रवाल और अवनि लेखरा को बधाई दी है। दोनों का सटीक निशाना, दृढ़ संकल्प और धैर्य सराहनीय है। उनकी निरंतरता और दृढ़ संकल्प देश को गौरवान्वित करते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूरे

मोब लिंचिंग को अलग अपराध की श्रेणी, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर सख्त प्रावधान

न्याय व्यवस्था में सुधार की दिशा में बड़ा कदम, नए आपराधिक कानूनों से 'ईज ऑफ जस्टिस' पर जोर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर केंद्र सरकार की जनसेवा और सुशासन की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए नए आपराधिक कानूनों को न्याय व्यवस्था में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया है। केंद्र सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए समावेशी विकास और नागरिकों के सशक्तीकरण के साथ न्याय तक आसान पहुंच सुनिश्चित करना भी जरूरी है।

इसी उद्देश्य से एक जुलाई 2024 से लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानूनों के माध्यम से आपराधिक न्याय प्रणाली को अधिक सुलभ, प्रभावी और नागरिक केंद्रित बनाने का प्रयास किया ▶▶ शेष पेज 5 पर

तीन नए कानूनों से बदली आपराधिक न्याय प्रणाली की रूपरेखा

नए आपराधिक कानूनों में भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 (बीएसए) शामिल हैं। इन कानूनों ने क्रमशः भारतीय दंड संहिता, 1860, दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 का स्थान लिया है।इन कानूनों के तहत जीरो एफआईआर, इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्राथमिकी दर्ज करने की सुविधा, समयबद्ध जांच, सुनवाई में अनावश्यक स्थगन पर अंकुश, फॉरेंसिक साक्ष्यों के इस्तेमाल और जांच के दौरान वीडियोग्राफी जैसे प्रावधानों पर जोर दिया गया है। इनका उद्देश्य शिकायत दर्ज कराने से लेकर जांच और न्यायिक प्रक्रिया तक नागरिकों की परेशानियां कम करना तथा आपराधिक मामलों के निपटारे में तेजी लाना है।

'नागरिक प्रथम' की अवधारणा पर जोर

नए कानूनों के क्रियान्वयन के बाद आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय न्याय संहिता के मूल मंत्र को 'नागरिक प्रथम' बताया था। उन्होंने कहा था कि यह कानून नागरिकों के अधिकारों का संरक्षक है और न्याय की सुगमता की नींव रखता है। सरकार का मानना है कि न्याय प्रणाली को केवल दंड देने तक सीमित रखने के बजाय उसे नागरिकों के अधिकारों की रक्षा, पीड़ितों को सहायता और अपराधों की प्रभावी जांच पर केंद्रित होना चाहिए। नए कानूनों में डिजिटल तकनीक और वैज्ञानिक साक्ष्यों के उपयोग को बढ़ावा देना इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

मोब लिंचिंग के लिए अलग प्रावधान

भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(2) में भीड़ द्वारा हत्या के मामलों के लिए विशेष प्रावधान किया गया है। इसके तहत पांच या उससे अधिक लोगों के समूह द्वारा नस्ल, जाति, समुदाय, लिंग, जन्म स्थान, भाषा, व्यक्तिगत आस्था या समान आधार पर हत्या किए जाने पर समूह के प्रत्येक सदस्य के लिए मृत्युदंड या आजीवन कारावास और जुर्माने का प्रावधान है। इसके ▶▶ शेष पेज 5 पर

खबर संक्षेप

क्रेडिट कार्ड फ्रॉड में शामिल आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। रोहिणी जिले की साइबर पुलिस ने 30,686 रुपये के क्रेडिट कार्ड फ्रॉड मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक टैबलेट, एक मोबाइल फोन और एक वोटर आईडी कार्ड बरामद किया गया। आरोपी का नाम न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी मोहम्मद आसिफ अहमद (23) बताया गया है। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता के साथ एक व्यक्ति ने खुद को एक्सिस बैंक का अधिकारी बताकर धोखाधड़ी की थी। आरोपी ने एक फर्जी लिंक के जरिए शिकायतकर्ता से उसके क्रेडिट कार्ड की डिटेल हासिल की जिससे 17,690 और 12,996 के दो अनधिकृत ट्रांजैक्शन हुए। जांच के दौरान पता चला कि ये संदिग्ध ट्रांजैक्शन सोने के आभूषण खरीदने के लिए किए गए थे। इसके बाद पुलिस ने न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी से मोहम्मद आसिफ अहमद को पकड़ा। अहमद मूलरूप से जिला भोजपुर, बिहार का रहने वाला है।

मेट्रो स्टेशन पर संदिग्ध सामान के साथ पकड़ा

नई दिल्ली। जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन पर बैगेज स्क्रीनिंग के दौरान सोमवार को मशीन में संदिग्ध वस्तु नजर आने के बाद एक यात्री ने भागने का प्रयास किया। हालांकि अलर्ट सीआईएसएफ कर्मी ने भागकर उसे दबोच लिया। तलाशी में उसके अंडरगारमेंट में कुछ अज्ञात संदिग्ध पदार्थ मिला है। दिल्ली पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार मेट्रो के जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन पर बैगेज स्क्रीनिंग के दौरान सीआईएसएफ जवान ने बैगेज स्क्रीनिंग मशीन की स्क्रीन पर एक बैग में संदिग्ध वस्तु देखी। इसके बाद यात्री को बैग चैक करवाने को कहा गया। लेकिन फोन पर बात करने का दिखावा कर रहे युवक ने दूसरी तरफ से भागने का प्रयास किया। वह स्वचालित सीढ़ियों से भागते हुये गेट तक पहुंचा लेकिन चैकिंग तैनात सीआईएसएफ कर्मी ने उससे ज्यादा फुर्ती दिखाई और सीढ़ियों पर उससे पहले गेट पर पहुंच उसे दबोच लिया।

उत्तर पूर्वी दिल्ली में 98 किलो पटाखे जब्त

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली में पटाखों की अवैध रूप से आपूर्ति करने के आरोप में दो महिलाओं समेत तीन लोगों को पकड़ा गया है। इनसे 98 किलोग्राम पटाखे जब्त किए गए। पुलिस के अनुसार अवैध पटाखों के परिवहन के संबंध में मुखबिर से सूचना मिली थी। इसके बाद नंद नगरी इलाके में एक कार को रोका जिसमें दो महिलाएं और एक पुरुष सवार थे। पुलिस ने बताया कि गाड़ी की तलाशी लेने पर बड़ी मात्रा में पटाखे रखे मिले। गाड़ी में सवार लोग इन पटाखों के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार लिया गया और पटाखे तथा कार को जब्त कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान 44 और 33 साल की दो महिलाओं और दक्षिण दिल्ली के बदरपुर निवासी 28 वर्षीय शुभम के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे हरियाणा के गुरुग्राम से ये पटाखे लाए थे और इसकी आपूर्ति इलाके में करनी थी।

नकली ईनो की फैक्ट्री का भंडाफोड़

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच ने नकली सामान बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुये किया है। यह गिरोह बाकायदा एक फैक्ट्री में नकली ईनो और फेविक्विक बना रहा था। घोंडा में गोदाम और नांगलोई में अवैध पैकेजिंग की जा रही थी। नकली सामान का कारोबार करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गये आरोपियों के गोदाम और फैक्ट्री से भारी मात्रा में बरामदगी हुई। नकली ईनो के 1,97,856 पैक किए गए पाउच, बिना पैक किए गए लगभग 4 लाख पाउच और 200 किलो कच्चा माल जब्त किया गया है। जाने-माने ब्रांडों के नकली उत्पाद इनसे बरामद हुये। इनमें 1,12,560 फेविक्विक पाउच और एमडीएच मसाला की पैकेजिंग सामग्री भी शामिल है। साथ ही एक फॉर्म, फिल एंड सील मशीन भी जब्त की गई है।

मुख्यमंत्री ने गोयला डेयरी में अत्याधुनिक बायोगैस संयंत्र का किया उद्घाटन

'200 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता वाले संयंत्र से नालियों में नहीं बहेगा गोबर'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



गोबर को नालियों में बहने और यमुना में जाने से रोकने में यह बायोगैस संयंत्र (प्लांट) अहम भूमिका निभाएगा। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को नजफगढ़ क्षेत्र में स्थित गोयला डेयरी में 16 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित 200 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता वाले बायोगैस संयंत्र (प्लांट) के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान यह बात कही।

उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम द्वारा स्थापित यह संयंत्र गोबर के वैज्ञानिक प्रसंस्करण, स्वच्छ ईंधन के उत्पादन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे गोबर को नालियों के माध्यम से यमुना में जाने से रोकने, क्षेत्र में स्वच्छता बेहतर बनाने और पशुपालकों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही, उपमहापौर डॉ. मोनिका पंत, विधायक संदीप सहरावत सहित परियोजना से जुड़े प्रतिनिधि तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पिछली सरकारों के कार्यकाल में दिल्ली में डेयरी कॉलोनियों की बुनियादी सुविधाओं, जैसे नालियों, ड्रेनेज, पानी की आपूर्ति, कूड़ा उठाने और गोबर संग्रहण की व्यवस्था पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। वर्षों तक दिल्ली में एक भी बायोगैस प्लांट स्थापित नहीं किया गया, जिसके कारण गोबर के उचित प्रबंधन की समस्या बनी रही। वर्तमान सरकार ने पिछले डेढ़ वर्ष में तीन बायोगैस प्लांट शुरू किए। छह अन्य प्लांट स्थापित करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नंगली सकरावती संयंत्र में एक वर्ष में 55 हजार टन गोबर इस्तेमाल हो चुका है और इसके लिए किसानों को साढ़े तीन करोड़ रुपये भी अदा किए गए हैं।

पिछली सरकारों ने बुनियादी सुविधाओं के लिए नहीं किया कार्य : सूद

केबिनेट मंत्री आशीष सूद ने कहा कि पिछली सरकारों ने पॉश कॉलोनियों से डेयरियों को डेयरी फार्मों में तो स्थानांतरित किया, लेकिन गोबर के वैज्ञानिक निस्तारण और बुनियादी सुविधाओं में सुधार के लिए पर्याप्त काम नहीं किया। मुख्यमंत्री के नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में दिल्ली सरकार इन समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका उदाहरण गोयला डेयरी बायोगैस प्लांट है। सूद ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर नगर निगम की परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई गई है। दिल्ली अब बहानों और देरी के बजाय ठोस कार्य और परिणाम चाहती है। यह प्लांट केवल एक संयंत्र का उद्घाटन नहीं, बल्कि विकास और प्रशासनिक जवाबदेही की नई सोच का प्रतीक है।

दिल्ली को स्वच्छ बनाने के लिए प्रयासरत है निगम

इस अवसर पर महापौर प्रवेश वाही ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देशन में निगम दिल्ली की कूड़े की समस्या, गोबर जैसे अपशिष्ठ का समाधान करने और दिल्ली को स्वच्छ बनाने के लिए प्रयासरत है। इसी संकल्प के साथ यह बायोगैस प्लांट क्षेत्र की जनता को समर्पित है। इसके लिए आर्थिक सहायता एवं आधुनिक उपकरण आदि दिल्ली सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं। अब जनता की बेहतरी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में दिल्ली की मु ख्यमंत्री के साथ निगम के सभी पार्षद भी लगातार जनता के बीच रहते हैं और दिल्ली के लोगों को विकास अब धरातल पर दिख रहा है।

35 हजार दिल्लीवासियों ने की घाटों की सफाई : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में रविवार को आयोजित 'चलो यमुना' अभियान के दौरान एक ही सुबह 35 हजार से अधिक दिल्लीवासियों ने 70 घाटों की सफ़ाई की। दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय में प्रेसवार्ता के दौरान 'चलो यमुना' अभियान की सफलता की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस अभियान में 35 हजार से अधिक नागरिकों ने वज़ीराबाद के सूर घाट और सिग्नेचर ब्रिज से लेकर यमुना बाज़ार, आईटीओ, निज़ामुद्दीन, सराय काले खां और चिल्ला तक, यमुना के दोनों किनारों पर 70 स्थानों की एक साथ सफ़ाई की। इसके साथ ही मंत्री प्रवेश ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 22 अक्टूबर को 8,941.22 करोड़ की लागत वाली दिल्ली जल बोर्ड की 43 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

इनमें 10 परियोजनाओं का लोकार्पण (2,827.11 करोड़ रुपए) और 33 परियोजनाओं का शिलान्यास (6,114.11 करोड़ रुपए) शामिल है। जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने 'बर्थडे विद यमुना' की घोषणा करते हुए कहा कि यमुना के किनारे झोपड़ियाँ (हट्स) बनाई जाएँगी, जहाँ दिल्लीवासी अपना जन्मदिन मना सकेंगे। उन्होंने हर दिल्लीवासी से अपील करते हुए कहा कि अपना जन्मदिन माँ यमुना के साथ मनाएँ। मंत्री प्रवेश ने कहा कि मैं अपना जन्मदिन 7 नवंबर को वहीं मनाऊँगा। जब लोग अपने सबसे खुशी के पल नदी के पास लाएँगे, तो वे उसे फिर कभी गंदा नहीं होने देंगे। यह एक दिन का अभियान नहीं था। यह एक आंदोलन की शुरुआत है।

प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि 'रविवार की सुबह 35 हजार दिल्लीवासी यमुना के किनारे खड़े थे। किसी ने उन्हें आने के लिए मजबूर नहीं किया। वे इसलिए आए क्योंकि यमुना हमारी माँ है, और माँ की सेवा के लिए किसी निमंत्रण की ज़रूरत नहीं होती।' उन्होंने आगे कहा कि वर्षों तक पिछली सरकार का कोई भी मंत्री या मुख्यमंत्री यमुना के किसी घाट की सफ़ाई करने नहीं उतरा।

भाजपा ने कांग्रेस कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



कांग्रेस सांसद एवं जेएनयू से जुड़े प्रोफेसर अंगामचा विमोल अकोइजाम के खिलाफ सामने आए यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोपों को लेकर सोमवार को दिल्ली भाजपा अनुसूचित जाति/जनजाति मोर्चा ने कांग्रेस कार्यालय के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश महामंत्री योगिता सिंह के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शन में भाजपा ने कांग्रेस सांसद के इस्तीफे की मांग की। विरोध प्रदर्शन में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मोर्चा प्रभारी रंजीत सिंह, भाजपा नेता अशोक ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा सी एल मीणा, सह प्रभारी एस टी मोर्चा सुंदर सिंह चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रदर्शनकारियों को संबोधन के दौरान योगिता सिंह ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस एक तरफ महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की बड़ी-बड़ी बातें करती है, लेकिन जब उसके अपने सांसद से जुड़े व्यक्ति पर छात्राओं द्वारा गंभीर शिकायतें की जाती हैं और विश्वविद्यालय की आंतरिक समिति कई मामलों में दोषी पाती है, तब कांग्रेस की चुप्पी उसके दोहरे चरित्र को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को महिला सुरक्षा पर उपदेश देने से पहले अपने नेताओं और सांसदों से जुड़े मामलों पर जवाब देना चाहिए।

पर्यावरण मंत्री ने एंटी-स्मॉग गन और वॉटर मिस्ट सिस्टम का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सोमवार को राजधानी में प्रदूषण नियंत्रण उपायों की जमीनी स्थिति का जायजा लेने के लिए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हाई-राइज़ इमारतों में लगाए गए एंटी-स्मॉग गन और वॉटर मिस्ट सिस्टम की स्थापना एवं संचालन की स्थिति की जांच की। दिल्ली सरकार और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के निर्देशों के अनुसार भूतल सहित 5 मंजिल (ग्राउंड प्लस पांच) या उससे ऊंची व्यावसायिक, संस्थागत एवं हॉस्पिटैलिटी इमारतों, जिनका कुल निर्मित क्षेत्र 3,000 वर्गमीटर से अधिक है, में निर्धारित प्रदूषण नियंत्रण उपायों का अनुपालन अनिवार्य है। इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य निर्माण एवं अन्य गतिविधियों से उत्पन्न धूल-कणों को मौके पर ही नियंत्रित करना है।

निरीक्षण के दौरान मंत्री सिरसा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन इमारतों, होटल, निर्माण स्थलों अथवा अन्य प्रतिष्ठानों में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदूषण नियंत्रण संबंधी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए सरकार के प्रयासों के साथ-साथ नागरिकों, निर्माण एजेंसियों, होटल एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और सभी संबंधित हितधारकों का सहयोग आवश्यक है।

'दिल्ली सचिवालय में कला प्रदर्शनी का आयोजन'



नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग के तत्वावधान में मेघवर्ण आर्ट गैलरी के संयुक्त सहयोग से दिल्ली सचिवालय में 'मनुष्यता के पथ प्रदर्शक श्रीराम' विषय पर भव्य कला प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कला प्रदर्शनी 30 अक्टूबर तक चलेगी, जिसमें दर्शकों को भगवान श्रीराम के जीवन, उनके आदर्शों और रामायण के विभिन्न प्रसंगों पर आधारित कलाकृतियों को देखने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में उपस्थित कला, संस्कृति एंव भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने सभी को दुर्गा नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए मां जगदंबा से सभी की मनोकामनाएं पूर्ण होने की प्रार्थना की। उन्होंने इस आयोजन के लिए आयोजकों और उनकी पूरी टीम को बधाई दी तथा कार्यक्रम की परिकल्पना प्रस्तुत करने वाली रचना जी और उपस्थित सभी कलाकारों का अभिनंदन किया।

मणिपुरी संगीतकार मर्डर केस में 500 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल

नई दिल्ली। दक्षिण पूर्वी दिल्ली के किलोकरी गांव में 54 वर्षीय मणिपुरी संगीतकार की हत्या के मामले में दिल्ली पुलिस ने साकेत कोर्ट में सात लोगों के खिलाफ 500 से अधिक पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया है। आरोपपत्र में 30 से अधिक गवाहों के बयानों को शामिल किया गया है और यह आपराधिक साजिश, पांच या अधिक व्यक्तियों के समूह द्वारा हत्या और मकान में अनधिकृत प्रवेश से संबंधित धाराओं के तहत दाखिल किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपपत्र में नामजद आरोपी भरत कुमार (19), प्रमोद (26), रमजान खान (22), दीपांशु (21), मोहन विश्वकर्मा (32), विजय (36) और मन्नू (26) हैं। इस मामले में एक नाबालिग को भी पकड़ा गया था। सभी आरोपी एक ढाबे के कर्मचारी हैं। संगीतकार चोंगथम विक्रम सिंह पर छह सितंबर को एक समूह ने उस समय हमला कर दिया था, जब वह अपने निवास के बाहर हो रहे हंगामे का विरोध करने के लिए इमारत से नीचे गए थे। जांच के अनुसार, आठ व्यक्ति उनका पीछा करते हुए इमारत की ऊपरी मंजिल तक गए और उनके अपार्टमेंट के बाहर उनके बेटे के सामने उनसे क्रूरतापूर्वक मारपीट की और फिर फरार हो गए। आरोपी हंगामे का विरोध करने पर उन्हें पीटकर सबक सिखाना चाहते थे, लेकिन उन्हें यह उम्मीद नहीं थी कि यह हमला जानलेवा साबित होगा। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कथित तौर पर पुलिस को बताया कि उन्होंने संगीतकार को घूंसे और लात-थप्पड़ से पीटा था। सिंह ने पास के एक ढाबा मालिक से वहां जुटने वाले लोगों द्वारा किए जाने वाले हंगामे को लेकर कई बार शिकायत की थी। हालांकि, पुलिस को हंगामे के संबंध में सिंह से कोई औपचारिक शिकायत प्राप्त नहीं हुई थी। पुलिस ने कहा कि वे मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं, जिसमें यह भी शामिल है कि क्या इसमें कोई नस्लीय कोण शामिल था या नहीं।

दिल्ली नगर निगम ने दो माह में 1,467 सफाई कर्मियों को किया नियमित : महापौर

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम ने मात्र दो माह के भीतर 1,467 सफाई कर्मियों को नियमित किया है। यह सफाई कर्मियों के लिए हर्ष का विषय होने के साथ-साथ दिल्ली नगर निगम की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि भी है। दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने सोमवार को दिल्ली नगर निगम मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त, निगम द्वारा दिवंगत सफाई कर्मियों के आश्रितों को करुणामूलक आधार पर दैनिक वेतनभोगी सफाई कर्मियों के रूप में 542 पदों पर नियुक्तियाँ प्रदान की गई हैं। महापौर ने यह भी बताया कि दिवाली से पहले लगभग 400 और सफाई कर्मियों को नियमित किया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान उप-महापौर डॉ. मोनिका पंत, स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, नेता सदन जय भगवान यादव तथा पर्यावरण प्रबंधन सेवाएँ समिति के अध्यक्ष संदीप कपूर भी उपस्थित रहे। महापौर ने बताया कि अक्टूबर माह में वर्ष 1998-2000 और 2000-2002 के बैच के 505 सफाई कर्मियों को नियमित किया गया है। इसके साथ ही, अक्टूबर माह में दिवंगत सफाई कर्मियों के आश्रितों को करुणामूलक आधार पर 109 पदों पर नियुक्तियाँ प्रदान की गई हैं तथा 111 सहायक स्वच्छता निरीक्षकों को स्वच्छता निरीक्षक के पद पर पदोन्नति दी गई है। ये कदम दर्शाते हैं कि निगम अपने सफाई कर्मियों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है।

पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी से अर्जित 3.72 करोड़ फ्रीज करवाये

नई दिल्ली। दक्षिण पूर्वी जिले की पुलिस ने मादक पदार्थों से जुड़े एक मामले में अपराध की आय के 3.72 करोड़ रुपये को 'फ्रीज' करने संबंधी अनुमति प्राप्त कर ली है। पुलिस ने इस मामले में तस्करी गिरोह के आठ कथित सदस्यों को गिरफ्तार कर 1.383 किलोग्राम से अधिक स्मैक जब्त की है। जांच के दौरान शुरुआत में स्थानीय तस्कर पकड़े गए और बाद में हरियाणा के फरीदाबाद से सक्रिय आपूर्तिकर्ता और बड़ा भंडारण रखने वालों के साथ उनके संबंधों का पता चला। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए लोगों में किरण उर्फ राम प्रसाद, नीरज उर्फ थापा, अशोक उर्फ रामू, मनिया उर्फ सुमन पाठक, विक्की, गुड्डू, सुनीत उर्फ नन्हे और गोपी सिंह शामिल हैं। जांच के दौरान भारी मात्रा में स्मैक भी बरामद हुई और अवैध तरीके से कमाई गई नकदी का भी पता चला। वित्तीय जांच के तहत 3.72 करोड़ रुपये की राशि को सक्षम प्राधिकारी ने 'फ्रीज' करने संबंधी आदेश जारी किए हैं और आरोपी सुनीत उर्फ नन्हे को इस आदेश की एक प्रति सौंप दी गई है। दूसरा आरोपी गोपी सिंह, हरियाणा के फरीदाबाद में दर्ज एक अन्य मामले के सिलसिले में फिलहाल फरीदाबाद जेल में बंद है। आदेश की प्रति उसे संबंधित जेल अधिकारियों के माध्यम से पहुंचाई जाएगी। पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह आदेश ओखला औद्योगिक क्षेत्र थाने में दर्ज एक एफआईआर के संबंध में सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त हुआ है। पुलिस ने कहा कि इसका मकसद मादक पदार्थों की तस्करी के माध्यम से अर्जित संपत्तियों की पहचान करना और अपराधियों की उन तक पहुंच को प्रतिबंधित करना है।

एलजी ने की अभियोजन निदेशालय के कामकाज की समीक्षा

'सुनवाई में हो रही देरी के कारणों की हो पहचान'



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू ने आज दिल्ली सरकार के अभियोजन निदेशालय के कामकाज की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मामलों में दोषसिद्धि की कम दर, लगातार बढ़ते लंबित मामलों और उनके निपटारे में हो रही देरी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने अभियोजन व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए तत्काल, प्रभावी और परिणामोन्मुखी कदम उठाने के निर्देश दिए।

इस बैठक में उपराज्यपाल ने निर्देश देते हुए कहा कि मजबूत निगरानी व्यवस्था के अंतर्गत मामलों की ट्रैकिंग प्रणाली में सुधार किया जाए, फाइलों के आवंटन की प्रक्रिया सुव्यवस्थित की जाए और मुकदमों की सुनवाई में हो रही देरी के कारणों की पहचान की जाए। वहीं, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में निर्धारित समय-सीमाओं का पालन सुनिश्चित किया जाए। जहां कानूनन लागू हो, वहां अनुपस्थिति में मुकदमे की सुनवाई की व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाए। साथ ही, जांच की गुणवत्ता और साक्ष्य जुटाने के लिए जांच अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।



सीएम ने एलजी से की मुलाकात

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को लोक निवास में दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू से मुलाकात की। इस दौरान दिल्ली के विकास की प्राथमिकताओं तथा त्यौहारों के मौसम में राजधानी भर में सुचारु नागरिक व्यवस्थाएं, जन सुरक्षा और आवश्यक सेवाएं सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा हुई।

'मामलों में बरी हुए आरोपियों का विश्लेषण किया जाए'

उपराज्यपाल ने कहा कि जिन मामलों में आरोपी बरी हुए हैं, उनका विश्लेषण किया जाए। जांच और अभियोजन के दौरान हुई कमियों की पहचान कर हर स्तर पर जिम्मेदारी तय की जाए। विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर देते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि अभियोजकों, दिल्ली पुलिस और फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के बीच प्रतिदिन प्रभावी समन्वय सुनिश्चित किया जाए। जांच अधिकारियों को मामलों से संबंधित आवश्यक जानकारी और दिशा-निर्देश समय पर दिए जाएं।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नरेश हड्डी, पुत्रः** तोता राम, **पताः** 2620, दरिबा पान, पहाड़ गंज, केन्द्रीय दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 449/2023, थानाः करोल बाग, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नरेश हड्डी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नरेश हड्डी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 449/2023, थानाः करोल बाग, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नरेश हड्डी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री निशात बांगड़
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–01 (केन्द्रीय)
कमरा नं. 180, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14706/CD/2026
(Court Matter)

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्ता **श्वेता गोगिया, पत्नीः** मोहित गोगिया, **पताः** म. नं. 6/8, ग्राउंड फ्लोर, ईस्ट पटेल नगर, दिल्ली; अन्य पताः मकान नं. 6बी/3, तीसरी मंज़िल, ओल्ड राजेन्द्र नगर के पास, नई दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 322/2025, U/s 318(4)/338/340(2), भारतीय न्याय संहिता, 2023, थानाः अपराध शाखा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्ता **श्वेता गोगिया** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्ता **श्वेता गोगिया** फरार हो गई है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 322/2025, U/s 318(4)/338/340(2), भारतीय न्याय संहिता, 2023, थानाः अपराध शाखा, दिल्ली** की उक्त अभियुक्ता **श्वेता गोगिया** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.11.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री वसुंधरा आज़ाद
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, पश्चिमी जिला
कमरा नं. 146, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14983/CRIME/2026
(Court Matter)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :–

9622

हमकि अशोक कुमार पुत्र रामनारायण व अमित चौधरी पुत्र व श्रीमती सुमन पत्नी अशोक कुमार पुत्र रामनारायण, निवासीगण फ्लैट न0 जी–503, रणजीत विहार–2, प्लॉट न0 16, सैक्टर–23, द्वारका, दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली–110077 एवं बिस्वेदारान गांव मुबारिकपुर, तहसील फरूखनगर जिला गुरूग्राम (हरियाणा) में अराजी बरूवे जमाबन्दी वर्ष 2021–22, के अनुसार अराजी खेवट न0 388/288मिन–289मिन–294मिन, खाता न0 402, मु0 न0 22, किला न0 5/1/2(0–18), 5/2/1/2(1–10), 5/2/2/2(0–16), किते 3, तादादी रकबा 3 कनाल 4 मरले (0.4 एकड़) सालम भाग (जिसमें अशोक कुमार 1/2 भाग व अमित चौधरी – सुमन हर दो समभाग 1/2 भाग), वाका रकबा मौजा मुबारिकपुर, तहसील फरूखनगर जिला गुरूग्राम के मालिकान व काबिजान हैं जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 3 कनाल 4 मरले (0.4 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 19.10.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

हीरो मना रहा है भारत की कला शैलियों का जश्न.
पेश है हिमाचल प्रदेश के **धनी राम** की **कांगड़ा कला.**

Hero

हीरो संग त्योहार है हर कहीं...

दशहरे की शुभकामनाएँ



सोने का सिक्का और बहुत कुछ जीतने का मौका पाएं®

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10000^ तक
SBI card HDFC BANK pine labs

कम डाउन पेमेंट ₹6999^ से शुरू

कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹2200~ तक

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife

Also Available on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. Cash discount & Corporate offer are exclusive and can't be availed together ^Finance/Card offer are at the sole discretion of the financier/bank, Subject to their respective T&Cs, Offer available only on limited stores. ®Limited period offer, T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

Authorised Dealers: South Delhi: Pul Prahladpur Badarpur: Singla Hero - 9289922771, **Lajpat Nagar: Sapphire Hero-** 9289923175, **Adchini (Main Mehrauli Road): Pashupati Hero-** 9289922381, **Okhla Phase II: ARC Hero-** 9289922461, **East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero-** 9289922380, **Pushta Kartar Nagar: Aman Hero-** 9289922735, **Dilshad Garden: RK Hero-** 9289923010, **Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero-** 9289923222, **North Delhi: Azadpur: Shraman Hero-** 9289923185, **Pitampura: Shraman Hero–** 9289924252, **Rithala (Rohini): Metro Hero-** 9289922597, **Rama Vihar : Metro Hero-** 9289924250, **Narela: MetroHero-** 9289924251, **Budh Vihar: JMD Autoworld Hero-** 9289924188, **Mangolpuri: JMD Autoworld Hero -** 7838405858, **Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero-** 9289922382, **Upper India Hero-** 9289924343, **West Delhi: Roshan Vihar (Najafgarh): Avni Hero-** 9289922671, **Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero-** 9289922796, **Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero-** 9289922530, **Raja Puri: Singla Hero-** 7836078383, **Samalkha: Singla Hero-** 7836078484, **Janak Puri, C-1: Singla Hero-** 9911884416, **Tilak Nagar: Khanna Hero-** 9289922383, **Bali Nagar: Khanna Hero-** 9289924309, **Nawada: Khanna Hero-** 9289924310; **Noida: H-206A, Sector 63: Dhansri Hero-** 9289923044, **Sector 5, B 124: Uppal Hero-** 9289922462, **Sector-58 C-70: Singla Hero-** 9289923059; **Ghaziabad: Meerut, Delhi Road- Globe Hero-** 9289922073, **Shiv Puri, Vijay Nagar- Aman Hero-** 9289232123; **Sahibabad: Sahib Hero-** 9289922486; **Gurugram: Sec–18, Noble Enclave: Globe Agencies-** 9289233915, **Badshahpur: Himgiri Hero-** 9289923046, **Basai Road Sector 11: Sharma Hero-** 9289923221, **Mehrauli Rd Sector 15: Autoneeds Hero-** 9289922051, **Rajeev Chowk: Jasodha Hero-** 9289922495, **Wazirabad: Himgiri Hero-** 9289924247, **Railway Road: Himgiri Hero-** 9289924248; **Sohna: No. 160/2 Delhi Road: Auto Links Hero-** 9289924089; **Faridabad: Sehgal Hero-** 9289922419, **NIT: Sehgal Hero-** 7217627327, Neelambata Road: **VPS Jindal Motors,** 9289235889.

Cheil 33547/26

खबर संक्षेप

अवैध हुक्का बार पर पुलिस का छापा, 2 धराए

गाजियाबाद। थाना कौशाम्बी पुलिस ने सोमवार को गॉडफादर क्लब वेव सिनेमा के पास



कौशाम्बी में अवैध रुप से चल रहे हुक्का बार से 02 युवकों को गिरफ्तार किया है। कब्जे से 02 हुक्का मय चिलम, 02 हुक्का की पाईप, 03 फ्लेवर्ड तम्बाकू पाउच बरामद हुए हैं । आरोपियों में बौबी शर्मा निवासी थाना मवाना जिला मेरठ। प्रतीक निवासी गली-12 भोलानाथ नगर शाहदरा दिल्ली हैं।

बाल मित्र केंद्र नवरात्रि समारोह का आयोजन

गाजियाबाद। समाधान अभियान संस्था द्वारा इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड के सहयोग से संचालित



चुप्पी तोड़, अब तो बोल परियोजना के अंतर्गत मिशन शक्ति 6.0 प्रारंभ होने के उपलक्ष में बाल मित्र केंद्र, साहिबाबाद थाना में नवरात्रि समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को महिला एवं बाल सुरक्षा, बाल अधिकारों, आत्मविश्वास और आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

शहीद दिनेश की पत्नी को नौकरी की मांग की

फरीदाबाद। हीरापुर गांव के शहीद जवान दिनेश वशिष्ठ को शनिवार को सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई।



मंत्री राजेश नागर गांव हीरापुर पहुंचे और शहीद दिनेश वशिष्ठ की शोक सभा में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्य मंत्री के सामने दो प्रमुख मांगें रखी गईं। पहली मांग शहीद दिनेश वशिष्ठ की पत्नी को गांव के नजदीक सरकारी नौकरी दिलाने की थी।

शीतला माता मंदिर तक पदयात्रा में शामिल हुए भाजपाई

धनखड़ के निवास से मंदिर तक निकली पदयात्रा जनकल्याण और सुख-समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ के निवास से शीतला माता मंदिर तक निकाली गई पदयात्रा में भाजपा गुरुग्राम के जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी, विधायक मुकेश शर्मा सहित पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई।

- मां शीतला के प्रति लोगों की आस्था क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ी है
- विजयादशमी का पर्व सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है



जिलाध्यक्ष त्यागी ने विजयादशमी की शुभकामनाएं दी

सर्वप्रिय त्यागी ने कहा कि मां शीतला के प्रति लोगों की आस्था क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ी है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि विजयादशमी का पर्व सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलने तथा जनकल्याण के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है। त्यागी ने दशहरा और विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाने और समाज में भाईचारा बढ़ाने का आह्वान किया। पदयात्रा में प्रदेश मंत्री हरिवंद कोहली, प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष महेश चौहान, जिला महामंत्री मनीष सैदपुर, डिप्टी मेयर अनूप सिंह भांभू, जिला सोशल मीडिया प्रमुख राजन चौहान, गाडौली मंडल अध्यक्ष लोकेश कटारिया, मंडल अध्यक्ष रेनू सिंह और प्रियव्रत कटारिया शामिल हुए।

चार सेक्टरों में निकली अग्रसेन समाज की भव्य शोभा यात्रा

सफेद घोड़ों पर सवार 18 राजकुमार बने आकर्षण का केंद्र, पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रसेन समाज सेक्टर-8 की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सेक्टर-8 कम्युनिटी सेंटर से शुरू हुई शोभायात्रा सेक्टर-7, 8, 9 और 10 के करीब पांच किलोमीटर लंबे विभिन्न क्षेत्रों से गुजरी। लोगों ने घरों और बाजारों से बाहर निकलकर पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में सबसे आगे सफेद घोड़ों पर सवार 18 राजकुमार आकर्षण का केंद्र रहे । हाथों में तलवार लिए ये राजकुमार महाराजा अग्रसेन के 18 पुत्रों और अग्रवाल समाज के 18 गोत्रों के प्रतीक थे। राजकुमारों की भूमिका समाज के परिवारों से जुड़े बच्चों और युवाओं ने निभाई । महाराजा अग्रसेन स्वरूप में लीलाधर अग्रवाल ने सजीव भूमिका निभाई । दो बैंड और पांच अलग-अलग झांकियों ने यात्रा की भव्यता को और बढ़ा दिया। शोभायात्रा कम्युनिटी सेंटर से सेक्टर-8 मार्केट, सूरदास पार्क और हनुमान मंदिर के सामने से होते हुए जनकल्याण मंदिर के बराबर से सेक्टर-7 मार्केट पहुंची । सूरदास पार्क के सामने युवा भाजपा नेता करण गोयल ने 18 राजकुमारों को तलवार भेंट कर तिलक लगाया और उनका सम्मान किया।

> रेडक्रास की वाइस चेयरपर्सन रहीं सुषमा गुप्ता ने महिलाओं के डांडिया-गरबा को सराहा,शोभायात्रा करीब पांच किलोमीटर लंबे विभिन्न क्षेत्रों से गुजरी



शोभायात्रा का अभिनंदन किया

इसके बाद शोभा यात्रा सेक्टर-7-10 मार्केट पहुंची। यहां शक्ति मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान हरीश गौरा और संरक्षक अवतार मित्तल ने भी यात्रा का अभिनंदन किया । मिलन स्वीट्स के सामने भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा तथा पूर्व मंत्री एवं विधायक मूलचंद शर्मा के पुत्र नवीन वशिष्ठ ने महाराजा अग्रसेन के स्वरूप को माल्यार्पण किया।

यात्रा में 100 से अधिक महिलाओं ने डांडिया खेलकर उत्सव मनाया

पूरी शोभायात्रा में 100 से अधिक महिलाओं ने पारंपरिक गरबा परिधानों में अलग-अलग समूहों में डांडिया खेलकर माहौल को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्ष एवं हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी की पूर्व वाइस चेयरपर्सन सुषमा गुप्ता, विशिष्ट अतिथि नेहा गर्ग और वंदना बंसल विंटेज कार में सवार रहीं। सभी अतिथियों का स्वागत अग्रसेन समाज सेक्टर.8 के प्रधान सुनीत गर्ग ने अपनी टीम के साथ किया। समाज की ज्योति गुप्ता, शालिनी गर्ग, पूनम गोयल और पूनम गर्ग सहित माहेश्वरी महिला मंडल फरीदाबाद की अध्यक्ष ममता माहेश्वरी ने बल्लभगढ़ अग्रवाल समाज की महिला पदाधिकारी प्रेरणा मंगला, हेमा जैन व उनकी टीम का स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य संयोजक संतोष गर्ग, एनके गर्ग एडवोकेट, संजय गुप्ता, महासचिव महेश चंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, मुख्य सलाहकार लीलाधर अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, पवन कुमार, संयुक्त सचिव नरेश गर्ग, सह संयोजक सतीश कुमार गुप्ता, हेमंत अग्रवाल, श्यामसुंदर मंगला, महावीर गोयल, विवेक बंसल कागजी, सुंदर गोयल, अशोक मंगला, वीपी जिंदल, मनोज कुमार एडवोकेट, मुकेश गर्ग, जगमोहन गुप्ता और मुकेश चंद गर्ग सहित टीम के सदस्यों ने योगदान दिया।

यह लोग शामिल रहें

इस मौके पर मुख्य रूप से समाजसेवी एवं उद्यमी दिनेश अग्रवाल और विवेक अग्रवाल, डाक्टर बनवारी लाल गुप्ता, राकेश गर्ग, राजेश अग्रवाल, भगवानदास गोयल, लोकेश अग्रवाल, जितेंद्र सिंगला एडवोकेट, सेक्टर-55 से अंशुल मंगला, जेपी अग्रवाल और विष्णु गुप्ता मौजूद रहे। समाजसेवी राकेश बंसल के साथ विभिन्न अग्रवाल सभाओं से दिनेश गोयल, कपिल गर्ग, राहुल गोयल और राजकुमार अग्रवाल ने भी शोभायात्रा की भव्यता बढ़ाई। शोभायात्रा का समापन सेक्टर.8 स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर में हुआ। यहां अतिथियों का सम्मान किया गया और यात्रा की शुरुआत में पहुंचे पहले 100 सदस्यों को दिए गए लक्की कूपन का ड्रॉ निकाला गया। राकेश बंसल, हरीश मित्तल, मनमोहन गुप्ता और पंकज गर्ग ने पांच विजेताओं को ट्रॉली बैग प्रदान किए।

रामलीला का हुआ मंचन

श्री विजय रामलीला कमेटी में पुराना विजयनगर गाजियाबाद में अशोक वाटिका का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

विजय रामलीला कमेटी में पुराना विजयनगर में अशोक वाटिका का मंचन किया गया। श्री विजय रामलीला कमेटी पुराना विजय नगर गाजियाबाद में हनुमान जी का लंका में प्रवेश करते हैं व सीता जी की खोज करते हुए अशोक वाटिका में पहुंच जाते हैं और वहा पर सीता जी की क्या हालत है, ऐसा सीन देखते हैं, तत्पश्चात राम चन्द्र जी की अंगुठी निशानी सीता जी और फेंक देते हैं।



जिससे सीता जी समझ जाती हैं कि कोई राम दूत आया है। फिर साक्षात दर्शन देकर राम चन्द्र जी का संदेश सीता जी को देते हैं। रावण के दूतों को जैसे ही पता लगता है कि लंका में कोई बानर घुस आया है। इसकी शिकायत रावण से करते हैं ।

नए स्वरूप में स्टोर का इंटीरियर

हंकमोलर ने एंबियंस मॉल में पेश किया नया रिटेल अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

यूरोप के लग्जरी लॉन्जरी ब्रांड हंकमोलर ने गुरुग्राम के एंबियंस मॉल स्थित अपने स्टोर को नए ग्लोबल रिटेल कॉन्सेप्ट के साथ दोबारा शुरू किया है। नए स्वरूप में स्टोर का इंटीरियर, उत्पादों की डिस्प्ले और लेआउट ग्राहकों को बेहतर खरीदारी अनुभव देने के उद्देश्य से तैयार किए गए हैं। स्टोर में लॉन्जरी, नाइटवियर, स्विमवियर, शेपवियर और एक्सेसरीज की विभिन्न रेंज उपलब्ध हैं। ग्राहक ब्रांड की लोकप्रिय सुपर कम्फर्ट कलेक्शन के साथ अलग-अलग स्टाइल और डिजाइन भी देख सकते हैं। यहां प्रशिक्षित कर्मचारियों की ओर से व्यक्तिगत ब्रा-फिटिंग सेवा भी दी जाती है।

दीनभाना नगर पालिका सफाई मजदूर मंच की कई कर्मचारियों ने दामन थामा

सफाई कर्मियों की समस्याओं का सरकार व न्यायपालिका स्तर पर करवाऊंगा समाधानः जितेन्द्र चंदेलिया

> नगर पालिका सफाई मजदूर संघ की बैठक का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सैक्टर-16 स्थित सर्किट हाऊस में आज राष्ट्रीय दीनभाना नगर पालिका सफाई मजदूर मंच की एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में हरियाणा भर से आए सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को सुना और उन्हें जल्द से जल्द सरकार व न्यायपालिका के माध्यम से समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इस बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य अनूप बडोली पलवल, हुक्म सरपंच, विक्रम, मांगेराम, अनिल सराय, कृष्ण, दीपक, अभिशेख, अनिरुद्ध सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

इस अवसर पर जितेन्द्र चंदेलिया ने सफाई कर्मियों के न्याय के लिए राष्ट्रीय स्तर के संगठन राष्ट्रीय



दीनभाना नगर पालिका सफाई मजदूर मंच के संदर्भ में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। नगर निगम, नगर पालिका व नगर परिषद के कई प्रधान दारोगा और रेवाड़ी जिला के इकाई प्रधान पूरनचंद पिवाल और उनके सभी साथियों ने जितेंद्र चंदेलिया के नेतृत्व में संगठन में शामिल हुए।जितेंद्र चंदेलिया का कहना है कि आने वाले समय वह और उनकी पूरी टीम पूरे हरियाणा सहित देश भर के विभिन्न प्रदेशों का दौरा करेगी और सिर्फ सफाई मजदूरों की मांगों को उठाने का काम करेंगे और जो लोग सफाई मजदूरों के नाम पर उनका शोषण करते हैं, उनका संगठन उनकी दुकानों पर ताला लगाने का काम करेगी। देश भर में सफाई कर्मियों के नाम पर आंदोलनों को बेचने वाले लोगों की गंदी राजनीति को अब समाप्त कर देंगे। जितेन्द्र चंदेलिया के साथ मुख्य रूप से रेवाड़ी जिला से पूरनचंद, उनके साथी और कई सफाई दरोगा और प्रधान उपस्थित रहें।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में होगा खुलासा

महिला शिकायत दर्ज कराने इटली से गुरुग्राम आई, भोंडसी जेल में मौत

धर्मेंद्र कौशिक ⏭ गुरुग्राम

टली की महिला को प्रेमजाल में फंसाकर 900 यूरो की ठगी करने के आरोपी 40 वर्षीय अखिल मौर्या की सोमवार को भोंडसी जेल में मौत हो गई। सुबह करीब 11:15 बजे तबीयत बिगड़ने पर उसे नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शुरुआती तौर पर कार्डियक अरेस्ट की आशंका जताई जा रही है, लेकिन मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगी। मजिस्ट्रेट की निगरानी में पोस्टमार्टम कराया जाएगा। भोंडसी थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

अखिल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए इटली की एक ज्वेलरी डिजाइनर करीब दो सप्ताह पहले गुरुग्राम आई थी। महिला की इंस्टाग्राम के जरिए अखिल से बातचीत शुरू हुई थी। आरोप है कि अखिल ने उसके ज्वेलरी स्टोर का प्रचार करने की बात कहकर नजदीकियां बढ़ाईं और फिर भावनात्मक रूप से अपने प्रभाव में लेकर उससे 900 यूरो ट्रांसफर करा लिए। रकम वेस्टर्न यूनियन के जरिए भेजी गई थी। महिला ने पहले इटली की पुलिस से शिकायत की, लेकिन मदद नहीं मिलने पर गुरुग्राम पुलिस से संपर्क किया। करीब दो महीने तक एसीपी साइबर क्राइम गौरव फोगाट से बातचीत के बाद वह लिखित शिकायत देने गुरुग्राम पहुंची। पुलिस ने एक अक्टूबर को अखिल को गिरफ्तार किया था। दो अक्टूबर को अदालत में पेशी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भोंडसी जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार, अखिल पहले एक निजी कंपनी में टेक्निकल सपोर्ट का काम करता था। जुलाई 2025 में नौकरी छूटने के बाद वह बेरोजगार था। अब पुलिस जेल में तबीयत बिगड़ने की परिस्थितियों की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

आज मनाया जाएगा विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस

विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवसः हड्डियों की कमजोरी सिर्फ बढ़ती उम्र की समस्या नहीं, जानें इसके जोखिम

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

ऑस्टियोपोरोसिस हड्डियों से जुड़ी एक बीमारी है, जिसमें हड्डियां धीरे-धीरे कमजोर और नाजुक हो जाती हैं। आमतौर पर माना जाता है कि यह बीमारी बढ़ती उम्र के लोगों, खासकर



मेनोपॉज के बाद महिलाओं को होती है।

लेकिन कम उम्र के लोगों में भी पोषण की कमी, हार्मोन में बदलाव और गलत जीवनशैली के कारण हड्डियां कमजोर हो सकती हैं। हर साल 20 अक्टूबर को मनाया जाने वाला विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस हड्डियों की सेहत के प्रति जागरूकता बढ़ाने का अवसर है। यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, फरीदाबाद सेक्टर-88 के ऑर्थोपेडिक्स विभाग के सीनियर कंसल्टेंट एवं एचओडी डॉ. अंकुर धीमान ने बताया कि ऑस्टियोपोरोसिस को अक्सर साइलेंट बीमारी कहा जाता है, क्योंकि शुरुआती दौर में इसके लक्षण साफ दिखाई नहीं देते। जब मामूली गिरने या हल्की चोट लगने से उनकी हड्डी टूट जाती है। रीढ़ की हड्डी, कूल्हे और कलाई में फ्रैक्चर होने का खतरा अधिक रहता है। इसलिए हड्डियों की कमजोरी को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

हड्डियों को मजबूत बनाए रखने के लिए कैल्शियम और विटामिन डी बहुत जरूरी हैं। कैल्शियम हड्डियों को मजबूती देता है, जबकि विटामिन डी शरीर को कैल्शियम सोखने में मदद करता है। दूध, दही, पनीर और हरी पत्तेदार सब्जियों जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थों को भोजन में शामिल करना चाहिए। इसके अलावा पर्याप्त धूप लेना भी विटामिन डी के स्तर को बनाए रखने में मदद कर सकता है। डॉ. धीमान के अनुसार लंबे समय तक बैठे रहना, शारीरिक गतिविधि की कमी, धूम्रपान और अधिक शराब का सेवन हड्डियों को कमजोर कर सकता है। महिलाओं में मेनोपॉज के बाद एस्ट्रोजन हार्मोन का स्तर कम होने से हड्डियों का नुकसान तेजी से हो सकता है। वहीं, पुरुषों में टेस्टोस्टेरोन हार्मोन की कमी भी इसका कारण बन सकती है। थायरॉइड से जुड़ी समस्याएं, कुछ पुरानी बीमारियां, लंबे समय तक स्टेरॉयड दवाओं का इस्तेमाल, कम वजन और परिवार में ऑस्टियोपोरोसिस का इतिहास भी जोखिम बढ़ाते हैं। ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव के लिए संतुलित भोजन नियमित पैदल चलना और अपनी क्षमता के अनुसार वजन उठाने वाले व्यायाम करना जरूरी है। लोगों में फ्रैक्चर या हड्डियों की कमजोरी का खतरा अधिक है, उन्हें डॉक्टर की सलाह से बोन मिनरल डेंसिटी टेस्ट कराना चाहिए। खानपान और उचित इलाज से हड्डियों को मजबूत रखने, फ्रैक्चर का खतरा कम करने और लंबे समय तक सक्रिय जीवन जीने में मदद मिल सकती है।

मंत्री नगर ने कहा-शिक्षा का उद्देश्य उनमें अच्छे संस्कार देना

नवरात्रि संस्कार महोत्सव में पहुंचे हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल हमेशा लीक से हटके करता है काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल द्वारा आयोजित नौ दिवसीय नवरात्रि संस्कार महोत्सव में हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर ने पहुंचकर मां भगवती का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल परिसर में लगातार नौ दिनों तक बच्चों और सामाजिक गणमान्य लोगों की सहभागिता के साथ आयोजित की जा रही पूजा-अर्चना की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल हमेशा लीक से हटकर कार्य करने के लिए जाना जाता है और नवरात्रि संस्कार महोत्सव इसी दूरदर्शी सोच का प्रमाण है। इस प्रकार की पहल निश्चित रूप से



संस्थान को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल बच्चों को किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि उनमें अच्छे संस्कार, अनुशासन, सकारात्मक सोच और जीवन में कुछ बड़ा करने का संकल्प विकसित करना भी है। विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल में प्रतिदिन मां भगवती की आराधना होते देख बच्चे निश्चित रूप से भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों से जुड़ेंगे। इससे उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होगा और वे जीवन में सफलता के साथ-साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी समझेंगे। उन्होंने नौ दिनों तक लगातार इस तरह के भव्य आयोजन को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए स्कूल प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि इतने बड़े कार्यक्रम का सफल आयोजन मजबूत टीमवर्क, आपसी समन्वय और समर्पण के बिना संभव नहीं है। केवल शिक्षकों और कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ती है, बल्कि बच्चों को भी सामूहिक प्रयास, नेतृत्व क्षमता और सहयोग की महत्वपूर्ण सीख मिलती है। मंत्री ने विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल की घरौड़ा शाखा का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां भी वे समय-समय पर जाते रहे हैं।

यह लोग उपस्थित रहें

प्रदीप परमार सेक्रेटरी पंजाब एंड हरियाणा बार कौन्सिल ने कहा कि अपने लंबे अधिवक्ता जीवन में उन्होंने किसी विद्यालय में लगातार नौ दिनों तक इस तरह की पूजा.अर्चना होते हुए बहुत कम देखा है। एक-दो दिन का आयोजन करना अलग बात है, लेकिन नौ दिनों तक पूरी श्रद्धा, अनुशासन और सुनियोजित प्रबंधन के साथ इस परंपरा को निभाना वास्तव में प्रशंसनीय है। उन्होंने कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए स्कूल के चेयरमैन धर्मपाल यादव और निदेशक दीपक यादव का आभार व्यक्त किया तथा उपस्थित सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद किया। विद्यार्थियों के हित में कार्य करते रहने की शुभकामनाएं दीं।

फरीदनगर बस स्टॉप पर छात्र को घेरकर पीटने का आरोप

आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की

मोदीनगर में छात्र से जातिगत टिप्पणी कर मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज, तीन नामजद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

भोजपुर थाना क्षेत्र के फरीदनगर स्थित आदर्श जनता इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र के साथ जातिसूचक टिप्पणी करने और मारपीट के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में तीन ज्ञात आरोपियों के साथ पांच से सात अज्ञात लोगों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मुकदमे में एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा भी शामिल की है। पीड़ित छात्र के पिता महेश कुमार ने एसीपी मोदीनगर को शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने और अपने बेटे की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की थी। शिकायत के मुताबिक, छात्र को पिछले करीब एक महीने से कथित तौर पर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है कि 6 अक्टूबर को स्कूल की छुट्टी के बाद फरीदनगर बस स्टॉप पर छात्र को रोक लिया गया। वहां उसके साथ गाली-गलौज की गई और पांच से सात अन्य लड़कों ने मिलकर लात-घूंसों व बेल्ट से उसकी पिटाई कर दी। छात्र के पिता का आरोप है कि मारपीट के दौरान उनका बेटा बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद आरोपी उसे मरा हुआ समझकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने, एससी-एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई करने और छात्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की थी।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी असलम खान, पुत्रः** मो. आलम, **पताः** मकान नं. 435, एम–ब्लॉक, नरेला, दिल्ली **FIR No. 129/2021, U/s: 392/411/34 IPC, थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **असलम खान**, मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **असलम खान**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **असलम खान, FIR No. 129/2021, U/s: 392/411/34 IPC, थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली**, से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.11.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
वैभव गर्ग
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–11
(केन्द्रीय) कमरा नंबर 138
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14131/N/2026
(Court Matter)

शोभायात्रा का स्वागत करेंगे अल्पसंख्यक समाज के लोग

गुरु गोरखनाथ का पूजन कर विजयादशमी शोभायात्रा निकालेंगे गोरक्षपीठाधीश्वर, पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंज के बीच निकलेंगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोरखपुर

विजयादशमी का पावन पर्व गोरक्षपीठ की प्राचीन परंपरा, लोक कल्याण की भावना और सामाजिक समरसता के जीवंत दर्शन का साक्षी बनने जा रहा है। मंगलवार को विजयादशमी के पावन अवसर पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का विधि-विधान से विशिष्ट पूजन कर गोरखनाथ मंदिर से निकलने वाली विजय शोभायात्रा की अगुवाई करेंगे। तुरही, नगाड़ों और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंज के बीच निकलने वाली यह शोभायात्रा न केवल सनातन आस्था का प्रतीक है, बल्कि पूर्वांचल में सामाजिक एकता और सौहार्द का सबसे बड़ा संदेश भी देती है। सीएम योगी मंगलवार सुबह शिवावतार गुरु गोरखनाथ का विशिष्ट पूजन करेंगे तो सायंकाल गोरखनाथ मंदिर से निकलने वाली पारंपरिक विजयादशमी शोभायात्रा की अगुवाई करेंगे। शोभायात्रा का समापन मानसरोवर रामलीला मैदान में होगा जहां गोरक्षपीठाधीश्वर प्रभु श्रीराम का पूजन व राज्याभिषेक करेंगे। सामाजिक समरसता के ताने-बाने को मजबूत कर समग्र रूप में लोक कल्याण की भावना को संजोए गोरक्षपीठ से प्रति वर्ष विजयादशमी को निकलने वाली विजय शोभायात्रा अनूठी होती है। गोरक्षपीठाधीश्वर की अगुवाई वाली परंपरागत शोभायात्रा में हर वर्ग के लोग तो शामिल होते ही हैं, इसका अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों द्वारा भव्य स्वागत भी किया जाता है। विजयादशमी का पर्व गोरक्षपीठ की विशिष्टता और इसके ध्येय की व्यापकता को एक बड़े फलक पर अवलोकन करने का भी अवसर होता है।

> तुरही, नगाड़ों और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंज के बीच निकलने वाली यह शोभायात्रा न केवल सनातन आस्था का प्रतीक है, बल्कि पूर्वांचल में सामाजिक एकता और सौहार्द का सबसे बड़ा संदेश भी देती है...



रामलीला में प्रभु श्रीराम का राजतिलक करेंगे

विजयादशमी पर गोरक्षपीठाधीश्वर नाथपंथ की परंपरा के अनुसार विशेष परिधान में होते हैं। पीठाधीश्वर, गुरु गोरक्षनाथ का आशीर्वाद लेकर अपने वाहन पर सवार होंगे। तुरही, नगाड़े व बैंड बाजे की धुन के बीच शोभायात्रा मानसरोवर मंदिर पहुंचेगी। यहां पहुंचकर गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ गोरक्षपीठ से जुड़े मानसरोवर मंदिर पर देवाधिदेव महादेव की पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद उनकी शोभायात्रा मानसरोवर रामलीला मैदान पहुंचेगी। यहां चल रही रामलीला में वह प्रभु श्रीराम का राजतिलक करेंगे। इसके साथ ही प्रभु श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण व हनुमानजी का पूजन कर आरती भी उतारी जाएगी। रामलीला मैदान में गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संबोधन भी होगा।

आयोजन में सर्वसमाज के लोग शामिल होंगे

विजयादशमी के दिन सुबह गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ गुरु गोरखनाथ का विशिष्ट पूजन करेंगे। साथ ही मंदिर परिसर के सभी देव विग्रहों की पूजा की जाएगी। इसके बाद मध्याह्न काल में गोरखनाथ मंदिर में होने वाले पारंपरिक तिलकोत्सव कार्यक्रम में गोरक्षपीठाधीश्वर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देंगे। सायंकाल 4 बजे से विजयादशमी शोभायात्रा निकाली जाएगी। देर शाम को गोरखनाथ मंदिर में परंपरागत भोज का भी आयोजन होगा जिसमें अमीर-गरीब और जातीय विभेद से परे बड़ी संख्या में सर्वसमाज के लोग शामिल होंगे।

खबर संक्षेप

स्कॉर्पियो ने 6 को कुचला, 2 की मौत

पटना। पटना के अटल पथ पर रविवार रात तेज रफ्तार स्कॉर्पियो का कहर देखने को मिला।



महेशनगर के पास अनियंत्रित हुई गाड़ी ने सड़क पर मौजूद कई लोगों को टक्कर मार दी। स्कॉर्पियो पलट गई और उछलकर घटनास्थल से करीब 80 मीटर दूर जा गिरी। हादसे के दौरान वहां से गुजर रहा एक बाइक सवार भी इसकी चपेट में आ गया। हादसे के बाद अटल पथ पर हड़कंप मच गया।

बेटे ने पेट्रोल डालकर मां-बाप को जलाया

लखनऊ। लखीमपुर खीरी के निघासन थाना क्षेत्र के ग्राम चखरा में शनिवार रात घरेलू विवाद में एक



युवक ने अपने माता-पिता को पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इस दौरान युवक भी झुलस गया था। तीनों लोगों को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। उसके बाद गंभीर रूप से घायल पिता को लखनऊ में रेफर किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिला अस्पताल में उसकी मां का उपचार चल रहा है। गांव चखरा के निवासी बलराम शाह की पत्नी वैजयंती का शनिवार रात अपनी बहू छाया से किसी बात को लेकर घर में विवाद हो रहा था।

वृंदावन आईटी सिटी अब एआई सिटी-कम-बिजनेस पार्क के लिए बनी सबसे उपयुक्त

योगी सरकार ने लखनऊ में एआई सिटी के जरिए टेक्नोलॉजी हब बनाने की तैयारी की तेज

टी एन मिश्र ⏭ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को आधुनिक तकनीक और नवाचार का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में लखनऊ एआई सिटी परियोजना पर काम आगे बढ़ रहा है। इस परियोजना की परिकल्पना प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई इकोसिस्टम को विकसित करने, तकनीक आधारित कंपनियों को प्रोत्साहित करने और निवेश के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से की गई है। प्रस्तावित एआई सिटी के माध्यम से लखनऊ को एक उभरते प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयारी है।

एआई सिटी की स्थापना के लिए तैयार की गई प्री-फिजिबिलिटी रिपोर्ट में भूमि चयन, परियोजना की अवधारणा, विकास की संरचना और देश-दुनिया की समान परियोजनाओं के आधार पर बेंचमार्किंग जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं का आकलन किया गया है। इस रिपोर्ट के आधार पर वृंदावन आईटी सिटी को प्रस्तावित एआई सिटी-कम-बिजनेस पार्क के लिए सर्वाधिक उपयुक्त स्थल के रूप में चिह्नित किया गया है।

खास बातें

- एआई आधारित कंपनियों को आकर्षित करने के लिए राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय हितधारकों से मिले 25 से अधिक प्रस्ताव
- योजना, विकास और निवेश जुटाने के लिए कंसल्टेंसी संस्था व ट्रांजेक्शन एडवाइजर नियुक्त



एआई कंपनियों को आकर्षित करने के लिए मिले 25 से अधिक प्रस्ताव



परियोजना में रणनीतिक सहयोग विकसित करने और एआई आधारित कंपनियों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय हितधारकों से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए थे। 26 जुलाई 2025 को जारी एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) के सापेक्ष 25 से अधिक प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। यह पहल परियोजना में संभावित साझेदारों की रुचि और एआई आधारित कारोबारी गतिविधियों के लिए अवसर विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

परियोजना की योजना और विकास के लिए विशेषज्ञ

एआई सिटी-कम-बिजनेस पार्क की योजना तैयार करने, विकास की रूपरेखा बनाने और निवेश आकर्षित करने के लिए परियोजना प्रबंधन इकाई (पीएमयू) स्थापित करने की प्रक्रिया के तहत ट्रांजेक्शन एडवाइजर और कंसल्टेंसी संस्था की नियुक्ति की गई है। एआई सिटी की स्थापना से जुड़ी परामर्शी सेवाओं के लिए निविदा प्रक्रिया के माध्यम से कंसल्टेंट का चयन भी किया गया है। निर्धारित निर्देशों के अनुसार, कंसल्टेंट को नियुक्ति की तारीख से एक वर्ष के भीतर भूमि के संबंध में अंतिम निर्णय लेने और मास्टर डेवलपर को परियोजना से जोड़ने की प्रक्रिया आगे बढ़ानी है।

तकनीक, निवेश और रोजगार के नए अवसरों पर जोर

योगी सरकार की इस पहल का उद्देश्य प्रदेश में एआई आधारित उद्योगों के विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना है। परियोजना के आकार लेने से लखनऊ में तकनीकी कंपनियों, नवाचार आधारित उद्यमों और निवेशकों के लिए नए अवसर विकसित हो सकते हैं। साथ ही, एआई एवं डिजिटल तकनीक से जुड़े कौशल, अनुसंधान और रोजगार की संभावनाओं को भी प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। लखनऊ एआई सिटी परियोजना प्रदेश को उभरती तकनीकों के क्षेत्र में आगे बढ़ाने और उत्तर प्रदेश में भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए मजबूत आधार तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।



महानवमी पर मां बेल्हा देवी धाम में उमड़ी भीड़, अयोध्या से भी आए भक्त

एजेंसी ⏭ प्रतापगढ़

शारदीय नवरात्र की महानवमी पर आदिकशक्ति बेल्हा देवी धाम में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने नारियल, चुनरी, मिष्ठान्न, नैवैद्य का अर्पण कर देवी से सुख और समृद्धि की कामना की। प्रतापगढ के अलावा अयोध्या और आसपास के जनपदों से भी श्रद्धालु मां बेल्हा देवी का दर्शन पूजन करने के लिए पहुंचे। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से यहां पर व्यापक बंदोबस्त किया गया है।

दिन भर घंटा और घड़ियाल की गूंज सुनाई देती है। देवी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है।

महानवमी पर सीएम सम्राट चौधरी ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर बिहार की सुख-समृद्धि की कामना की

मुख्यमंत्री ने बिहारवासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी

एजेंसी ⏭ पटना



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को महानवमी के अवसर पर मां काली मंदिर, बांस घाट और श्री दुर्गा पूजा समिति, डाकबंगला रोड पहुंचकर मां दुर्गा के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की और समस्त बिहारवासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मां दुर्गा का आशीर्वाद सभी पर बना रहे। देश और बिहार विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ते रहें और समृद्धि की ओर अग्रसर हों।

पेज एक का शेष

20 अक्टूबर को ...

अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक साझेदारी सहित आपसी हितों से संबंधित क्षेत्रीय, वैश्विक मामलों पर चर्चा की जा सकती है। बैठक के बाद शाम साढ़े छह बजे वह जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में अमेरिका की स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ के जश्न से जुड़े एक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। बुधवार सुबह साढ़े दस बजे रुबियो मुंबई से गुजरात के जामनगर जाएंगे।

पीओके में हो ...

बच्चों और महिलाओं सहित सैकड़ों निर्दोष लोगों की हत्या की गई है। मीडिया प्रतिबंधों की मदद से मानवाधिकारों के इस गंभीर उल्लंघन पर पाकिस्तान पर्दा डालने में कामयाब नहीं हो सकता।

1969 में हुई ...

बड़े गैर-सरकारी संगठन के रूप में भी प्रसिद्ध है।

नेपाल भागने वाले ...

है। तीनों बालिग हैं और उनके पास से कोई हथियार बरामद नहीं हुआ है। एसपी कोटा, तेजस्विनी गौतम ने बताया कि वारदात के बाद ये तुरंत रवाना हो गए थे। मुंबई पुलिस के डीसीपी राजतिलक रौशन ने बताया कि रविवार को हुई फायरिंग के बाद आरोपियों की तलाश के लिए अपराध शाखा की करीब 20 विशेष टीमें बनाई गई थीं। पुलिस इस मामले की जांच हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट के तहत कर रही है। डीसीपी के अनुसार, जिस तरीके से गोलियां चलाई गईं, उससे आरोपियों के हत्या के इरादे से आने का संदेह है। अब उन्हें मुंबई लाकर पूछताछ की जा रही है। गोलीबारी में अभिनेता के बाएं हाथ में बारूद और कांच के टुकड़ों से चोट लगने की जानकारी सामने आई है। उनके ड्राइवर को भी चोट पहुंची है। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद लॉरेंस गैंग के अनिल पंडित का एक और ऑडियो नोट आया। इसमें उसने कहा कि ये जितने बॉलीवुड एक्टर हैं, ये पाकिस्तान में बैठे दाऊद के पैसों से फिल्में बनाते हैं और उसे दोगुने पैसे कमाकर दे रहे हैं। रही बात सलमान खान की, जब तक ये माफी नहीं मांग लेता, तब तक इसका पीछे नहीं छोड़ेंगे। तुम हमारे 2 मारोगे, हमारे 100 भाई मुंबई में तैयार बैठे हैं।

फायरिंग के बाद बाइक छोड़कर ट्रेन से राजस्थान भागे थे तीनों आरोपी: पुलिस के मुताबिक फायरिंग के बाद आरोपी एसवी रोड से होते हुए विले पार्ले और अंधेरी की ओर भागे। उन्होंने अंधेरी पश्चिम रेलवे स्टेशन के पास बाइक छोड़ दी। पुलिस ने बाइक बरामद कर ली। वे मुंबई से सूरत पहुंचे और वहां से ट्रेन के जरिए राजस्थान की ओर रवाना हुए। पुलिस को जानकारी मिली कि वे पुणे-जयपुर एक्सप्रेस में हैं।

10 दिन से कर रहे थे रेकी: आरोपी करीब 10 दिनों से टाइगर श्रॉफ की गतिविधियों पर नजर रख रहे थे। उन्होंने अभिनेता के घर और जिम की रेकी की थी। फायरिंग से पहले करीब 45 मिनट तक इलाके की जानकारी जुटाई गई थी।

पंडित ने कहा- सलमान माफी मांगे: हरियाणा के रेहान का संपर्क अमेरिका में रह रहे अनिल पंडित से होने की बात सामने आई है। अनिल को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा बताया जा रहा है। कथित ऑडियो में सलमान खान को भी धमकी दी गई और उनसे लॉरेंस बिश्नोई से माफी मांगने को कहा गया है।

हाई पावर्ड परचेज ...

ढांडा, सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, वित्त एवं योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, मुख्यमंत्री के उप प्रधान सचिव डॉ. यशपाल सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बिजली, जलापूर्ति, सड़क और अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों को मंजूरी बैठक में परिवहन, बिजली, शिक्षा, पर्यावरण, सहकारिता, शहरी विकास, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, लोक निर्माण तथा सिंचाई एवं जल संसाधन सहित विभिन्न विभागों के प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। इनमें बिजली वितरण व्यवस्था के आधुनिकीकरण, स्मार्ट ग्रिड परियोजनाओं, जलापूर्ति एवं सीवरेज सुविधाओं, वर्षा जल निकासी व्यवस्था, सड़कों के सुधार, शैक्षणिक संस्थानों के निर्माण तथा भंडारण क्षमता बढ़ाने से संबंधित कार्य शामिल हैं। बिजली वितरण प्रणाली को अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में 11 केवी फीडरों के उन्नयन एवं आधुनिकीकरण, नए सब-स्टेशनों के निर्माण तथा **SCADA** और **DMS/OMS** जैसी आधुनिक तकनीकों के कार्यान्वयन से जुड़े प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इन कार्यों से बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधारिकरण होगा । पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हरियाणा के एनसीआर जिलों में वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र स्थापित करने से संबंधित प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की गई। गुणवत्ता, पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने के निर्देश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं। उन्होंने निर्माण कार्यों में तकनीकी मानकों का कड़ाई से पालन करने और कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने पर बल दिया। साथ ही, कार्यों की प्रगति की समय-समय पर समीक्षा करने तथा लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी खरीद और निर्माण कार्यों में पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जाए तथा वित्तीय अनुशासन का पूरा ध्यान रखा जाए। सरकारी धन का उपयोग जनहित को प्राथमिकता देते हुए किया जाना चाहिए और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करे तथा उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करें।

स्वर्णिम शुरुआत, 4...

अंक के साथ स्वर्ण जीता। अवनि लखेरा को रजत मिला। इस प्रदर्शन से भारत ने 2028 लॉस एंजिल्स पैरालंपिक के लिए दूसरा कोटा स्थान भी हासिल किया। पैरा एथलेटिक्स में निषाद कुमार ने लंबी कूद टी-47 में 7.11 मीटर की छलांग लगाकर, सौम्या ने 1500 मीटर दौड़ में 5 मिनट 12.39 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ और रिंकू ने भाला फेंक एफ-46 में 65.11 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता। भाला फेंक में अजीत सिंह को रजत मिला। वेंकटेश राधा ने भी रजत जीता। जूडो में कोकिला ने रजत और कपिल परमार ने कांस्य हासिल किया, जबकि तैराक रवि कार्तिक बुडिगिना ने 100 मीटर फ्रीस्टाइल एस-13 में रजत जीता। रवन्नी वलासनैनी ने भी कांस्य पदक अपने नाम किया।

न्याय व्यवस्था में ...

गया है।

महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता: नए आपराधिक कानूनों में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों से संबंधित प्रावधानों को विशेष महत्व दिया गया है। भारतीय न्याय संहिता में इन अपराधों को अलग अध्याय में समाहित किया गया है, ताकि संबंधित मामलों में कानूनी प्रावधानों को स्पष्ट रूप से व्यवस्थित किया जा सके। नाबालिगों के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामलों में भी कड़े दंड का प्रावधान किया गया है। 18 वर्ष से कम आयु की महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आजीवन कारावास या मृत्युदंड का प्रावधान है। इससे पहले अलग-अलग आयु वर्ग की नाबालिग लड़कियों से सामूहिक दुष्कर्म के लिए अलग-अलग दंड निर्धारित थे।

डिजिटल साक्ष्य और वैज्ञानिक जांच को बढ़ावा: दिल्ली हाईकोर्ट के अधिवक्ता सुनील कुमार ने आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में कहा कि नए आपराधिक कानूनों में संगठित अपराध, आतंकवाद और मॉब लिंचिंग जैसे गंभीर मामलों से निपटने के लिए प्रावधान किए गए हैं। साथ ही डिजिटल साक्ष्यों को मान्यता देने और इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्राथमिकी दर्ज करने की व्यवस्था को भी महत्व दिया गया है। कुल मिलाकर, नए आपराधिक कानूनों को भारतीय आपराधिक न्याय व्यवस्था में व्यापक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, इनकी वास्तविक सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि पुलिस, अभियोजन पक्ष और न्यायालयों में इन प्रावधानों को कितनी प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है और नागरिकों को समय पर न्याय दिलाने में कितनी सफलता मिलती है।

मोब लिंचिंग...

अलावा संगठित अपराध और आतंकवादी गतिविधियों से निपटने के लिए भी भारतीय न्याय संहिता में प्रावधान शामिल किए गए हैं। इनका उद्देश्य गंभीर अपराधों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई को अधिक प्रभावी बनाना है।

दो चौकी प्रभारी समेत 4 पुलिसकर्मी निलंबित

गाजियाबाद में अवैध हुक्का बार पर छापेमारी, चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

कौशांबी और साहिबाबाद क्षेत्र में कथित तौर पर पुलिस की मिलीभगत से अवैध हुक्का बार संचालित होने की शिकायतों के बाद डीसीपी रिजुल ने कई स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान कौशांबी के एंजल मॉल स्थित द पब्लिक हाउस और साहिबाबाद के श्याम पार्क स्थित याराना क्लब में ग्राहकों को हुक्का परोसे जाने का मामला सामने आया। कार्रवाई के दौरान मैनेजर समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, ड्यूटी में लापरवाही के आरोप में दो चौकी प्रभारी और दो हेड कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया। डीसीपी रिजुल ने एसीपी इंदिरापुरम सूर्यबली मौर्य के साथ कौशांबी स्थित एंजल मॉल के द पब्लिक हाउस में छापा मारा। पुलिस के मुताबिक, वहां ग्राहकों को फ्लेवर्ड हुक्का परोसा जा रहा था। मौके पर मौजूद मैनेजर और कर्मचारियों से पूछताछ की गई, लेकिन वे हुक्का बार के संचालन से संबंधित आवश्यक जानकारी नहीं दे सके। इसके बाद पुलिस ने मैनेजर हर्ष चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। बार संचालक मौके से फरार हो गए। पुलिस टीम ने साहिबाबाद थाना क्षेत्र के श्याम पार्क स्थित याराना बार एंड रेस्तरां क्लब में भी छापेमारी की।

रांची में दशहरे पर होगा भव्य रावण दहन

60 फीट का रावण और 55 फीट का कुंभकर्ण जलेगा

एजेंसी ⏭ रांची



विजयादशमी के अवसर पर एचईसी के शालीमार बाजार मैदान में भव्य रावण दहन समारोह का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस वर्ष समारोह में 60 फीट ऊंचे रावण और 55 फीट ऊंचे कुंभकर्ण के पुतले का दहन किया जाएगा। दशहरा के इस आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह है। रावण दहन समारोह में मंत्री शिल्पा नेहा तिर्की मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। वहीं, विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप समारोह का उद्घाटन करेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति समारोह को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां कर रही है। शालीमार बाजार मैदान में हर वर्ष विजयादशमी के अवसर पर रावण दहन का आयोजन किया जाता है।

योगी सरकार में 99.86 प्रतिशत रियल टाइम व्यवस्था पूरी

85 % से अधिक गाटों में अंश निर्धारण, 98% भू नक्शे खतौनी से जुड़े

65 लाख से अधिक वरासत ऑनलाइन दर्ज भूमि रिकॉर्ड को डिजिटल बनाने में बड़ी पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली को आधुनिक बनाने और जमीन से जुड़े रिकॉर्ड को अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में योगी सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सपा सरकार में वर्ष 2017 से पहले जहां खतौनी का निर्माण छह वर्ष के रोस्टर के अनुसार होता था, वहीं अब प्रदेश में रियल टाइम खतौनी व्यवस्था लागू हो चुकी है। इस व्यवस्था का 99.86 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। ऑनलाइन वरासत, डिजिटल भू नक्शे और अंश निर्धारण जैसे कार्यों में भी बड़े स्तर पर प्रगति दर्ज की गई है। सपा सरकार के समय राजस्व विभाग की कई महत्वपूर्ण सेवाएं ऑफलाइन प्रक्रियाओं पर निर्भर थीं। वरासत दर्ज कराने के लिए लोगों को पारंपरिक प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था, जबकि खसरा निर्माण भी ऑफलाइन होता था। भूमि अभिलेखों में बदलाव और उनके अद्यतन के लिए निर्धारित प्रक्रिया के कारण नागरिकों को समय और श्रम खर्च करना पड़ता था।



वरासत के लिए ऑनलाइन सुविधा

भूमि स्वामी की मृत्यु के बाद उत्तराधिकारियों के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कराने की प्रक्रिया को भी ऑनलाइन किया गया है। राजस्व विभाग के मुताबिक अब तक 65 लाख से अधिक वरासत ऑनलाइन दर्ज की जा चुकी हैं। पहले यह प्रक्रिया ऑफलाइन थी और इसमें लंबा व अनिश्चित समय लगने की शिकायतें रहती थीं।

खतौनी में तकनीक रिकॉर्ड में पारदर्शिता

राजस्व विभाग के मुताबिक रियल टाइम खतौनी व्यवस्था के साथ क्यूआर कोड और डिजिटल हस्ताक्षर युक्त खतौनी तैयार करने की पहल की गई है। दस्तावेजों की प्रामाणिकता की जांच और भूमि संबंधी रिकॉर्ड के सत्यापन को आसान बनाने में मदद मिल सकती है। 6 वर्ष के रोस्टर पर निर्भर पुरानी व्यवस्था की तुलना में यह बदलाव भूमि अभिलेखों को अधिक नया अपडेट रखने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

हरिभूमि
नई दिल्ली, मंगलवार
20 अक्टूबर 2026

सहेली

विशेष: विजय दशमी



विजय दशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का, अधर्म पर धर्म की जीत का, अनीति पर नीति की जीत का और अन्याय पर न्याय की जीत का उत्सव है। उत्सव मनाने के साथ ही यह पर्व हर तरह की दुष्प्रवृत्ति का प्रतिकार करने का संदेश भी देता है। महिलाओं के लिए इस पर्व में निहित संदेश बहुत मायने रखते हैं। केवल अपने घर-परिवार में ही नहीं आस-पड़ोस और समाज में भी किसी प्रकार के दुर्व्यवहार या अन्याय के प्रतिकार का सामर्थ्य हर महिला में अवश्य होना चाहिए।

जरूरी है बुराइयों के प्रतिकार का सामर्थ्य

आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

हमारे परंपरागत पर्व हर मोर्चे पर जीवन साधने की सीख लिए होते हैं। नवरात्र के नौ दिनों में मन की शक्ति जुटाने के बाद आने वाला विजय दशमी का पर्व बुराई के प्रतिकार का हौसला रखने का संदेश देता है। यह त्योहार अहंकार और आक्रामकता पर विनम्रता और अच्छाई की जीत का उत्सव है। प्रभु श्रीराम की विजय के इस पावन पारंपरिक पर्व पर महिलाएं भी व्यावहारिक जीवन में बुराइयों से जूझने का पाठ पढ़ सकती हैं। असल में किसी भी तरह की बुराई से लड़ने के लिए मन की शक्ति को साधने के साथ ही समझ और सूझ-बूझ के साथ जीवन के मैदान में डटे रहना होता है। घर हो या बाहर, महिलाएं अपनी समझ, स्नेह और साथ-सहयोग के भाव संग हर तरह की नकारात्मक सोच, दुर्व्यवहार और दुष्प्रवृत्ति को मात दे सकती हैं।

स्पष्ट सोच और मजबूत मन

सबसे पहले तो हर स्त्री को खुद में, अपने ही जीवन से जुड़ी परेशानियों का प्रतिकार करने की सोच लानी होगी। उन समस्याओं के कारणों को समझना होगा। संबंधों से जुड़ी उलझनें हों या दूसरों के गलत व्यवहार से उपजी तकलीफें, हिम्मत के साथ दिलोदिमाग में स्पष्टता भी रखनी होगी। यूं भी जिंदगी के किसी भी मोर्चे पर मन-मस्तिष्क को मजबूत



बनाकर ही किसी बुराई से जूझा जा सकता है। सधी सोच हो, तो ही गलत बात का विरोध किया जा सकता है। नकारात्मकता से लड़ा जा सकता है। मुखर होकर अपनी बात कही जा सकती है। इसीलिए बात परिवार की हो या परिवेश की, सबसे पहले हालात को समझते हुए अपने दिलोदिमाग की उथल-पुथल को ठहराव दें। यह साफ समझें कि किसी तरह के बुरे बर्ताव, बोलचाल या बदसलूकी का विरोध करना है, तो करना है। इसमें अपना पराया न देखें। गलत को गलत कहने के लिए अपनी सोच स्थिर और स्पष्ट रखें। बुराई से लड़ने के मामले में एक बार कदम आगे बढ़ा लें तो पीछे ना हटें। यह तभी संभव है, जब अपनी सोच और मन मजबूत हो।

सहयोग लेने का रखें सहज भाव

प्रभु श्रीराम ने रावण से युद्ध जीतने के लिए वानरों का भी सहयोग लिया। अधर्म से दूरी बनाकर निःस्वार्थ भाव से दिए गए विभीषण के मार्गदर्शन को मान दिया। माता सीता को वापस लाने की जद्दोजहद में विनम्रता के साथ सबकी सलाह सुनी। दूसरों के विचारों को मान दिया। महिलाओं को भी बुराइयों के प्रतिकार हेतु ऐसी ही सहज समझ रखनी चाहिए। किसी की सहायता करने के लिए बड़ा दिल रखना ही नहीं, सहायता लेने की खुली सोच रखना भी बुराई से लड़ने के लिए जरूरी है। पर्सनल फ्रंट हो या सामाजिक-पारिवारिक मोर्चा, बुराई से अकेले नहीं लड़ा जा सकता।

साथ, सहयोग देने और जुटाने का गुण हर मुश्किल और अमानवीय बुराई से जूझने के लिए जरूरी है। इसके लिए अहंकार से बचें। यहां तक कि किसी महिला का साथ देने के लिए पुरुष का सहयोग लिया जा सकता है। आपसी समझ अच्छी हो तो पति, बेटे, भाई या पिता, स्त्री जीवन से जुड़ी समस्या से लड़ने में भी आपके मददगार बन सकते हैं। कई बार मुश्किल वक्त में भी ईगो साथ लेने ही नहीं, सहयोग देने में भी खूब आड़े आता है। जबकि स्वयं मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन समझाता है कि सभी को साथ लेकर चलने की सोच, घर से लेकर बाहर तक बड़े बदलाव लाने का माध्यम बनी है। बुराइयों से जूझने के दौर में संबल देने वाली साबित हुई है।



अच्छाई का साथ देने का सामर्थ्य

बुराई के प्रतिकार के साथ ही इसको जड़ें जमाने से रोकने के लिए भी अच्छाई का साथ देना जरूरी है। नेकी का परिवेश नकारात्मक को फलने-फूलने नहीं देता। असत्य पर सत्य की जीत का पर्व, दशहरा भी यही समझाता है कि चाहे जितनी भी मुश्किलें आएं, विजय सच की ही होती है। सच्चाई के साथ अच्छाई के लिए लड़ना आसान हो जाता है। बुराई से जीतने की जंग कठिन होने पर भी उस पर चलने की हिम्मत बनी रहती है। सही बात का समर्थन करने का साहस बना रहता है। इसीलिए फायदे-नुकसान या मुश्किल-आसान के फेर में न पड़कर सच के साथ खड़ी रहें। घरेलू मामलों में कई बार सही-गलत का चुनाव मुश्किल हो जाता है। किसी एक पक्ष का साथ देने का दबाव भी रहता है। स्वतंत्र निर्णय लेने से रिश्तों में और उलझनें बढ़ने की फिक्र भी सताती है। पर याद रहे कि सही रास्ता चुनना और सही के साथ खड़े होने का गुण ही आपके सजग अस्तित्व का प्रतीक है।

दूरदर्शी सोच अपनाएं

ससुराल में बेटी के हिस्से आ रही बेवजह की तकलीफें हों या असुरक्षा के घेरे में फंसी आस-पड़ोस की कोई महिला, बहुत-सी स्त्रियां इन बातों-हालातों को समझती हैं, लेकिन साथ देने में जरा देर कर देती हैं। 'सब ठीक हो जाएगा' की सोच से बुराई के घाव अकसर नासूर बन जाने के बाद संभाले जाते हैं। समय रहते चेत जाने का गुण हर तरह की अनीति और अपराध से लड़ने का मुख्य हथियार है। छेड़छाड़ के दुर्व्यवहार की अनदेखी का नतीजा कई बार बर्बर घटना के रूप में सामने आता है। अपने बच्चों का बचपना लगने वाली दिशाहीनता, विरोध न किया जाए तो वे अपराध तक कर बैठते हैं। समय रहते सख्ती न बरती जाए तो बच्चे बुरी लत में फंस जाते हैं। देवरानी-जेठानी हों या घर के बड़े-बुजुर्ग छोटा-मोटा मनमुटाव रिश्तों में एक कटुता पैदा कर देता है। इसीलिए महिलाओं को समझना होगा कि सभी बुराइयों की शुरुआत बहुत आम से लगने वाले व्यवहार से होती है। एक सामान्य या मन को उद्वेलित करने वाला विचार हर तरह की नकारात्मकता की जड़ बन जाता है। जरूरी है कि स्त्रियां छोटी-छोटी बातों को लेकर भी सचेत रहें। विवेकशील सोच के साथ समस्याओं से जूझने के कदम उठाएं। समय रहते चेत जाएं तो परिवार हो या समाज, हर अनैतिक और असभ्य व्यवहार को पहले ही कदम पर रोका जा सकता है। दूरदर्शिता का गुण दुष्प्रवृत्ति से लड़ने के लिए बहुत जरूरी है। बुराई के जड़ें जमाने से पहले ही उखाड़ फेंकने के लिए भी यह दूरदर्शिता आवश्यक है।

अपनी बुराइयों के अंत के लिए बच्चों को ऐसे करें प्रेरित

नादान बच्चे अनजाने में कुछ बुरी आदतें अपना लेते हैं। इन बुरी आदतों को अभिभावक डांटकर नहीं, प्यार से सुधारें। उन्हें अच्छी आदतों के लिए प्रोत्साहित करें। साथ ही बड़े बच्चों के सामने अपना आचरण भी ऐसा रखें कि वे अच्छी बातें अपनाने के लिए प्रेरित हों।

बच्चे और आप
पूर्ति खरे



हर साल दशहरे पर बच्चे अपने माता-पिता के साथ रावण दहन देखने जाते हैं। जब बच्चे रावण के पुतले को जलते हुए देखते हैं, तो उनके मन में कई सवाल उठते हैं- रावण क्यों जलाया जाता है? अगर बुराई पर अच्छाई की जीत का नाम विजय दशमी है, तो अच्छाई और बुराई कैसे पहचानें? हम अच्छे कैसे बनें? आप बच्चों के मन में उठते इन सवालों का जवाब जरूर दें, उन्हें बताएं कि विजय दशमी में बुराई पर अच्छाई की जीत केवल राम और रावण की कहानी नहीं है, यह कहानी हमारी रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ती है। यह हमारे लिए एक बड़ा सबक है। हम बच्चों को कैसे बुराइयों से दूर रखें, उन्हें अच्छा बनने के लिए प्रेरित करें, यहां विस्तार से जानिए

गलती स्वीकारना और सुधारना सिखाएं: बच्चा झूठ बोलता है, गुस्सा करता है या अपनी गलती स्वीकार नहीं करता, तो हम उसे जिद्दी, झूठा या बिगड़ैल कह देते हैं। लेकिन बच्चे को डांटने या बुरा कहने के बजाय उसके व्यवहार को सुधारने का प्रयास करना चाहिए। उसे समझाएं कि गलती किसी से भी हो सकती है, लेकिन उसे स्वीकार करना और सुधारना एक अच्छी बात है।



डांटकर नहीं, प्यार से समझाएं: मान लीजिए, बच्चे ने खेलते समय कोई सामान तोड़ दिया है। डर के कारण वह झूठ बोल देता है कि उसने नहीं तोड़ा। ऐसे में बच्चे को अपमानित करने के बजाय प्यार से पूछें, 'सच-सच बताओ, यह चीज टूटी कैसे। प्रॉमिस करो, आगे से ऐसी कोई हरकत नहीं करोगे, जिससे कोई नुकसान हो।' इससे बच्चा समझेगा कि सच बोलना, गलती छिपाने से बेहतर है।

तुलना नहीं, प्रोत्साहित करें: जब बच्चे के किसी दोस्त को अच्छे अंक मिलते हैं या भाई-बहन को कोई उपहार मिलता है, तो बच्चे के मन में ईर्ष्या के भाव आ सकते हैं। ऐसे में उसे डांटने के बजाय समझाएं कि किसी दूसरे की सफलता का मतलब हमारी हार नहीं है। किसी दूसरे बच्चे से तुलना करने के बजाय, उसको अच्छे प्रयास करने के लिए प्रेरित करें, उसके इस प्रयास के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि वह अपनी क्षमताओं पर भरोसा करना सीखें।

बातें सुनें और जिम्मेदारियां समझाएं: बच्चों के साथ बैठकर उनकी बात सुनें और उन्हें अपनी जिम्मेदारियां समझाएं। साथ ही अपने व्यवहार से भी वही उदाहरण प्रस्तुत करें, जिसकी अपेक्षा आप बच्चों से करते हैं। बच्चों में सही गलत बात की सीख और समझ जरूर विकसित करें। वह कभी किसी के दबाव में आकर कोई गलत काम ना करें, न ही किसी गलत बात का समर्थन करें। बच्चों को गलत बातों का विरोध करना भी सिखाएं। वे हमेशा सच्चाई का साथ दें, झूठ से दूर रहें।

सकारात्मक परवरिश का सार : क्यों न, इस विजय दशमी परिवार के सभी सदस्य अपनी एक बुरी आदत खत्म करने का संकल्प लें। जैसे- बच्चा कहे कि वह गलती होने पर सच-सच बताएगा। माता-पिता संकल्प लें कि वे गुस्से में ऊंची आवाज में नहीं बोलेंगे। पैरेंट्स भी उन बुरी आदतों को छोड़ेंगे, जिनके लिए अपने बच्चों को रोकते-टोकते हैं। सप्ताह के अंत में परिवार के सभी सदस्य बैठकर आपस में चर्चा करें कि कौन, कितना अपना संकल्प अमल में लाया। कोई गलती होने पर गुस्साने के बजाय बच्चों को सुधारने के लिए प्रेरित करें। बच्चों को यह भी समझाएं कि दूसरों का मजाक उड़ाना या किसी कमजोर को परेशान करना सही नहीं है। यदि वे किसी को दुःख पहुंचाते हैं, तो उनसे माफी मांगे और अपनी गलती सुधारें। जिस दिन बच्चा अपनी गलती पहचानकर उसे सुधारने की कोशिश करना सीख जाता है, उसी दिन बुराइयों पर अच्छाई की जीत शुरू हो जाती है। ऐसी ही छोटी-छोटी जीतें मिलकर एक संवेदनशील और जिम्मेदार इंसान बनाती हैं। यही विजय दशमी की सच्ची सीख है, यही सकारात्मक परवरिश का सार भी है।

दशहरा बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक तो है ही। यह पर्व प्रतीकात्मक रूप में महिलाओं को अपनी आंतरिक शक्ति पहचानने के लिए भी प्रेरित करता है, नई पीढ़ी को संस्कारित भी करता है।

महिलाओं के लिए शक्ति आह्वान संस्कार पोसने का पर्व है दशहरा

पर्व-संदेश
वीरेंद्र बहादुर सिंह



दशहरा यानी विजय दशमी, बुराई पर अच्छाई की विजय का पर्व तो है ही, साथ ही महिलाओं के लिए दशहरा अपने भीतर छिपी शक्ति को पहचानने, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और नई पीढ़ी को संस्कारित करने का अवसर भी है।

नारी शक्ति का प्रतीक देवी दुर्गा: विजय दशमी से जुड़ी देवी दुर्गा और महिषासुर की कथा, नारी शक्ति का सबसे प्रभावशाली प्रतीक मानी जाती है। इस कथा का संदेश आज भी प्रासंगिक है। महिला चाहे गृहिणी हो, नौकरीपेशा हो, व्यवसायी हो या किसी अन्य क्षेत्र में कार्यरत हो, उसके भीतर परिस्थितियों से संघर्ष करने और परिवार को संभालने की अद्भुत क्षमता होती है।



बच्चों को देती हैं संस्कार: बच्चों को रामायण की कथा सुनाना, सत्य-धर्म का महत्व समझाना तथा बड़ों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना भी हमारी माताओं और दादियों की परंपरा का हिस्सा रहा है। इस तरह महिलाएं त्योहार के माध्यम से संस्कारों को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाती हैं। आज इस बात की बहुत जरूरत है कि बच्चों (खासतौर पर बेटियों) को केवल त्योहारों की पूजा-पद्धति न सिखाई जाए, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता, शिक्षा, आत्मरक्षा, निर्णय लेने की क्षमता और अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता का संस्कार भी दिया जाए। दशहरा हमें सिखाता है कि शक्ति का अर्थ केवल बाहरी सामर्थ्य नहीं, बल्कि सही और गलत के बीच अंतर समझना है।

करें आत्मचिंतन: दशहरे पर घर में पूजा, दीप प्रज्ज्वलन, शंखनाद और आरती के साथ वातावरण भक्तिमय हो जाता है। लेकिन त्योहार की सार्थकता तब और बढ़ती है, जब पूजा के साथ आत्मचिंतन भी किया जाए। आप स्वयं से पूछ सकती हैं कि क्या मैं अपने लिए भी समय निकालती हूं? कहीं मैं आत्मसम्मान से समझौता तो नहीं कर रही? इन सवालों के जवाब आपको आत्मसुधार के लिए प्रेरित करेंगे।

चुनौतियां से लड़ने की प्रेरणा: रावण के दस सिर को यदि प्रतीकात्मक रूप से देखें, तो वे अहंकार, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या और अन्य नकारात्मक प्रवृत्तियों की याद दिलाते हैं। महिलाओं के जीवन में भी कई प्रकार की सामाजिक और मानसिक चुनौतियां आती हैं। भेदभाव, असुरक्षा, रूढ़ियां, आत्मविश्वास की कमी और दूसरों की अपेक्षाओं का दबाव जैसी नकारात्मकताओं पर विजय पाने की प्रेरणा भी यह पर्व देता है।

वास्तविक विजय का अर्थ: दशहरा इसलिए भी विशेष है, क्योंकि यह आपको अपनी आंतरिक शक्ति पहचानने का अवसर देता है। इस दिन अपने भीतर के डर, हीनभावना, क्रोध या आत्मविश्वास की कमी को भी दूर करने का संकल्प लें, तो विजय दशमी पर्व का संदेश और सार्थक हो सकता है।

फेस्टिव सीजन के लिए परफेक्ट है मिनरल मेकअप

मेकअप
प्रीति गुप्ता

जब बात फेस्टिव सीजन में सजने-संवरने की आती है, तो महिलाएं खूबसूरत दिखने के लिए खूब चाव से मेकअप करती हैं। जहां पहले के दौर में फेस्टिव मेकअप में हैवी फाउंडेशन, कंसीलर और कई लेयर वाले प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल ज्यादा किया जाता था, वहीं अब नेचुरल और लाइट मेकअप का ट्रेंड पसंद किया जा रहा है। इसी वजह से मिनरल मेकअप भी महिलाओं के बीच पॉपुलर हो रहा है। इसमें चेहरे को बहुत ज्यादा ढंकने के बजाय त्वचा की नेचुरल खूबसूरती को बनाए रखने पर जोर दिया जाता है।

त्वचा को करें तैयार: मिनरल मेकअप का अच्छा लुक पाने के लिए पहले पहले स्किन की तैयारी जरूरी है। चेहरे को साफ करने के बाद अपनी स्किन टाइप के अनुसार मॉयश्चराइजर लगाएं। दिन में फंक्शन है तो सनस्क्रीन लगाना न भूलें। अच्छी तरह मॉयश्चराइज की गई त्वचा पर मेकअप ज्यादा स्मूद दिखाई देता है।

मिनरल फाउंडेशन करें यूज: अगर आप मिनरल फाउंडेशन या मिनरल पावडर इस्तेमाल कर रही हैं, तो इसकी बहुत मोटी लेयर लगाने से बचें। जहां जरूरत हो, वहीं हल्की मात्रा में लगाएं। इसका उद्देश्य आपकी रंगत को थोड़ा समान दिखाना है। इससे चेहरा नेचुरल नजर आएगा।



कंसीलर सिर्फ जरूरत वाली जगह लगाएं: त्योहारों के मेकअप में आंखों के नीचे हल्के डार्क सर्कल या छोटे दाग-धब्बों को कवर करने के लिए कंसीलर लगाया जा सकता है। लेकिन पूरे चेहरे पर इसकी मोटी परत लगाने की जरूरत नहीं है। कम प्रोडक्ट इस्तेमाल करने से मेकअप ज्यादा नेचुरल ही नहीं अधिक आकर्षक भी दिखाई देता है।

आंखों को दें सॉफ्ट टच: आंखों के लिए बहुत ज्यादा गहरा मेकअप करने के बजाय ब्राउन, गोल्डन या सॉफ्ट शिमरी शेड चुन सकती हैं। पतली आईलाइनर लाइन और हल्का सा मस्कारा आंखों को खूबसूरत बनाने के लिए काफी है। अगर शाम का फंक्शन है, तो आंखों के अंदरूनी कोने पर हल्का शिमर लगाया जा सकता है।

ब्लश से मिलेगी फ्रेशनेस: मिनरल मेकअप में ब्लश का इस्तेमाल चेहरे को फ्रेश और हेल्दी लुक देने के लिए किया जाता है। पीच, सॉफ्ट पिंक या रोजी शेड के ब्लश, त्योहारों के लिए अच्छे विकल्प हो सकते हैं। ब्लश को गालों पर हल्के हाथों से लगाएं ताकि ब्लश का शेड ज्यादा गहरा न दिखे।

होंठों पर सॉफ्ट कलर: मिनरल मेकअप के साथ होंठों पर न्यूड, रोज, पीच या सॉफ्ट ब्राउन शेड खूबसूरत लग सकते हैं।

हाईलाइटर: सबसे लास्ट में चीकबोंस, नाक के ऊपरी हिस्से और आंखों के अंदरूनी कोने पर थोड़ी मात्रा में हाईलाइटर लगाएं।

(ब्यूटी एक्सपर्ट सिमरन अरोड़ा से बातचीत पर आधारित)

त्योहारों में जरूरी है खुद की देखभाल

त्योहार अपनों के साथ खुशियां मनाने के लिए होते हैं, खुद को थकाकर बीमार करने के लिए नहीं। जब आप अपना ध्यान रखेंगी, देखभाल करेंगी, तभी त्योहारों का असली आनंद ले पाएंगी।

सेल्फ केयर
पारुल अग्रवाल मित्तल

पर्व-त्योहार खुशियां लेकर जरूर आते हैं, लेकिन इन दिनों घर की महिलाओं के काम बहुत ज्यादा बढ़ जाते हैं। घर की साफ-सफाई, खरीदारी, पकवान बनाना और मेहमानों की खातिरदारी का सारा बोझ उन पर ही होता है। इससे अकसर महिलाएं तनाव में आ जाती हैं, इसे मेडिकल भाषा में फेस्टिव बर्नआउट हैं। इसलिए त्योहारों पर कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

अपने आपको न भूलें: त्योहारों में महिलाओं की जिम्मेदारियां बहुत बढ़ जाती हैं। वे यह भूल जाती हैं कि त्योहार की खुशी में उनका अपना हिस्सा भी उतना ही जरूरी है, जितना बाकी सबका। इसलिए इस बार त्योहार की तैयारी में अपने आपको भूलें नहीं, त्योहार की खुशी का हिस्सा बनें।

अपने लिए सजे-संवरें: त्योहार पर सजना-संवरना सिर्फ दूसरों की खुशी के लिए नहीं, अपनी खुशी के लिए भी जरूरी है। आप अपनी पसंद की ड्रेस पहनें, बाल संवारें, मेकअप करें, अपनी पसंद की कोई एसेसरी पहनें। ये सब अपने आपको खुशी देते हैं। त्योहार पर आईने में खुद को देखकर मुस्कुराना आत्मविश्वास बढ़ाता है। इस आत्मविश्वास की एक अलग ही खुशी महसूस होती है।



मुस्कुराता हुआ हो आपका चेहरा: त्योहारों की रोशनी सिर्फ घर के दीयों से ही नहीं, घर के लोगों के मुस्कुराते चेहरों से भी आती है। इस रोशनी में सिर्फ आपका मुस्कुराता चेहरा ही नहीं, परिवार के बाकी सदस्यों का चेहरा भी मुस्कुराता हुआ होना जरूरी है। इसलिए इस त्योहार घर की सफाई करते हुए अपने मन की थकान भी हमेशा साफ रखें। त्योहारों की छोटी-सी सेल्फ-केयर है, काम का बेहतर बंटवारा। इससे आपको खुशी मिलेगी और घर में खुशनुमा माहौल भी बनेगा।

स्वाद के साथ सेहत का भी रखें ख्याल: त्योहारों पर अधिक मिठाइयां और तला-भुना खाना शरीर पर भारी पड़ सकता है। इसके लिए डाइट को बैलेंस करें। एक टाइम हैवी डाइट ली है, तो दूसरे टाइम कुछ लाइट खाएं। बार-बार चाय, कॉफी और कोल्ड ड्रिंक्स से बचें। पानी पर्याप्त मात्रा में पीती रहें। भोजन में फल, सलाद और हल्का खाना शामिल करें। त्योहार की खुशी अगले दिन भारीपन, एसिडिटी या थकान में न बदल जाए, इसका ध्यान रखना अपनी देखभाल का हिस्सा है।

पर्याप्त नींद लें: त्योहारों की तैयारियों में अकसर रात देर तक जागना और सुबह जल्दी उठना सामान्य सी दिनचर्या हो जाती है। कुछ जिम्मेदारियां परिवार के दूसरे सदस्यों को भी दें और अपनी नींद को प्राथमिकता दें। इससे आप अपना फ्रेश फील करेंगी।

काम के बीच लेती रहें ब्रेक

जब आप लगातार काम करती हैं, तो शरीर और दिमाग दोनों थक जाते हैं। ऐसे में त्योहारों से पहले अपने सभी कामों की सूची बना लें। कोशिश करें कि आप कामों के बीच छोटे-छोटे ब्रेक लें। इस दौरान चाय-कॉफी के साथ कुछ देर शांत बैठना, थोड़ी देर टहलना, संगीत सुनना या फिर बस आंखें बंद करके आराम करना भी पर्याप्त है, इससे आपके शरीर को ऊर्जा मिलेगी और चेहरे पर ताजगी बनी रहेगी।



मान्यता, रावध का वध करने से पहले श्रीराम ने किया था शस्त्र-पूजन

विजयादशमी पर्व पर प्रदेश के सभी जिलों में शस्त्र-पूजन के कार्यक्रम होंगे आयोजित, राज्य शासन का आदेश, मुख्यमंत्री इंदौर में करेंगे पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य शासन ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में विजयादशमी पर्व पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। प्रदेश के इन जिलों में आयोजित होने वाले शस्त्र पूजन कार्यक्रमों के लिए मंत्रियों को मुख्य अतिथि के रूप में नामांकित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विजयादशमी पर 20 अक्टूबर को इंदौर में शस्त्र पूजन करेंगे।

विजयादशमी (दशहरा) पर शस्त्र पूजन बुराई पर अच्छाई की, असत्य पर सत्य की विजय, शक्ति, साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा के रूप में किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि भगवान श्रीराम ने रावण का वध करने से पहले अस्त्र-शस्त्रों की पूजा की थी, जिससे उन्हें विजय प्राप्त हुई थी। यह भारतीय परम्परा वर्तमान में भारतीय सेना, पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ वीरता और आत्मरक्षा के संकल्प के रूप में मनाई जाती है।

जिलों में आयोजित शस्त्र-पूजन कार्यक्रमों में मंत्रीगण होंगे शामिल



फाइल फोटो।

शस्त्रपूजन कार्यक्रम में जिलेवार मुख्य अतिथि यह मंत्री होंगे

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री— इंदौर
- नरेन्द्र तोमर, विधानसभा अध्यक्ष— ग्वालियर
- जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री— मंदसौर
- राजेन्द्र शुक्ल, उप मुख्यमंत्री— रीवा
- विजय शाह, मंत्री— खंडवा
- कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री —धार
- प्रहलाद सिंह पटेल, मंत्री—नरसिंहपुर
- राकेश सिंह, मंत्री— जबलपुर
- करण सिंह वर्मा, मंत्री— सीहोर
- उदय प्रताप सिंह, मंत्री— नर्मदापुरम
- संपतिया उईके, मंत्री— मंडला
- तुलसीराम सिलावट, मंत्री— देवास
- एदल सिंह कंषाना, मंत्री— मुरैना
- सुश्री निर्मला भूरिया, मंत्री— झाबुआ
- गोविंद सिंह राजपूत, मंत्री— सागर
- विश्वास कैलाश सारंग, मंत्री— भोपाल
- नारायण सिंह कुशवाह, मंत्री— दतिया
- नागर सिंह चौहान, मंत्री— अलीराजपुर
- राकेश शुक्ला, मंत्री—भिंड
- इंदर सिंह परमार, मंत्री— शाजापुर
- कृष्णा गौर, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) — — विदिशा
- धर्मेन्द्र सिंह लोधी, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) —— दमोह
- दिलीप जायसवाल, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)—— अनूपपुर व अन्य।

शस्त्र-पूजन की परम्परा भारतीय संस्कृति, शौर्य और राष्ट्र रक्षा के संकल्प से जुड़ी

भारतीय सेना में शस्त्र पूजन की परम्परा भारतीय संस्कृति, शौर्य और राष्ट्र रक्षा के संकल्प से जुड़ी है। यह भारतीय परम्परा में शस्त्रों को शक्ति, साहस, आत्मरक्षा और धर्म की रक्षा का सदुपयोग करने और अन्याय के विरूद्ध संकल्प लेना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शस्त्र-पूजन देश की सैन्य शक्ति, सुरक्षा और स्वतंत्रता के प्रति सम्मान का प्रतीक है।

जिन जिलों में मंत्री नहीं होंगे वहां कलेक्टर व एसपी करेंगे शस्त्र पूजन

राज्य शासन से जारी आदेश के अनुसार जिन जिलों में मंत्रीगण शस्त्र पूजन में शामिल नहीं होंगे वहां संबंधित जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक की ओर से शस्त्र पूजन किया जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा और साथ ही आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे अपने-अपने घरों में शस्त्र पूजन करें। कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाएं संबंधित जिले के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक की ओर से सुनिश्चित की जाएंगी।

बड़नगर में बनेगा फूड प्रोसेसिंग पार्क, गीता भवन भी बनेगा, स्थानीय युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर

मप्र में मोरों के संरक्षण और पुनर्वास की नई परियोजना शुरू होगी, बड़नगर में होगा कवि प्रदीप सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में मोरों के संरक्षण और पुनर्वास की नई परियोजना शुरू की जाएगी। बड़नगर में कवि प्रदीप सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। बड़नगर में फूड प्रोसेसिंग पार्क बनाया जाएगा, जिससे स्थानीय किसानों एवं युवाओं को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे। भाट पचलाना और इंगोरिया में नये सांदीपनि विद्यालय खोले जाएंगे। बड़नगर में गीता भवन का निर्माण भी होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को बड़नगर में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि उज्जैन और आगर में आलू प्रसंस्करण की नई यूनिट शुरू हो रही है, जो प्रदेश के 35 जिलों के किसानों से आलू खरीदेगी, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ की तैयारी के लिए 25 हजार करोड़ के विभिन्न विकास कार्य प्रगतिरत हैं। मुख्यमंत्री सुगम बस सेवा योजना पुनः प्रारंभ की गई है, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आवागमन सुगम हुआ है। दुग्ध सहकारी समितियों के माध्यम से दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

मां चामुंडा धाम गजनीखेड़ी में 22.34 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन



मुख्यमंत्री पूजा-अर्चना करते हुए।

एशिया से विलुप्त हो चुके चीतों को पुनः स्थापित करने का कार्य किया

प्रदेश सरकार ने एशिया से विलुप्त हो चुके चीतों को पुनः प्रदेश में स्थापित करने का कार्य किया है। सड़क दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले राहवीरों को 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है तथा आवश्यकता पर एयर एम्बुलेंस एवं हेली सेवा के माध्यम से निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। प्रदेश से नक्सलवाद समाप्त हो गया है, मप्र लाल सलाम को आखिरी सलाम करने वाला प्रदेश बन गया है।

लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यों का विवरण

मुख्यमंत्री ने लोकार्पण और भूमि-पूजन किए गए कार्यों में मुख्य रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के तहत ग्राम पंचायत गजनीखेड़ी में मां चामुंडा मंदिर परिसर में 16 कमरों की धर्मशाला, टीन शेड, सामुदायिक भवन, शौचालय निर्माण, पेयजल व्यवस्था हेतु पानी की टंकी, 3.00 किमी वाटर रिटेंशन कार्य, चारभुजा मंदिर से माताजी मंदिर तक सीसी रोड, गार्डन से शौचालय की ओर तथा मुख्य द्वार से श्मशान की ओर सीसी रोड, माताजी परिसर की बाउण्ड्रीवाल, विभिन्न ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन, सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने किया स्मारक निर्माण कार्य का निरीक्षण

इंदौर में 150 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा देवी अहिल्याबाई होल्कर स्मारक

ऐतिहासिक लालबाग पैलेस, रामपुर कोठी, चंपा बावड़ी और शिव मंदिर को एकीकृत विकास योजना में शामिल करने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सीएम ने रविवार को इंदौर के लालबाग पैलेस के समीप लगभग 150 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर स्मारक के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस स्मारक के प्रथम चरण में 40 करोड़ के कार्य होंगे। उन्होंने ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्मारक का समग्र विकास करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लालबाग पैलेस, रामपुर कोठी, चंपा बावड़ी और शिव मंदिर को एकीकृत विकास योजना में शामिल किया जाए, ताकि पर्यटक इन सभी ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का एक साथ अवलोकन कर सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि संरक्षण के दौरान भवन के मूल स्थापत्य स्वरूप और ऐतिहासिक महत्व को सुरक्षित रखते हुए आवश्यक सुविधाओं का विकास किया जाए।

---

15 हजार सीमेंट की बोरियों से सजी मां दुर्गा की आकृति

कैमोर में आसमान से नजर आ रही शक्ति की अनूठी तस्वीर

श्रमिकों ने 12 हजार से ज्यादा घंटों में तैयार की मां की आकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरिया

नवरात्रि और दुर्गा पूजा पर अदाणी सीमेंट ने माँ दुर्गा को एक अनोखी भक्ति अभिव्यक्ता की है। अदाणी सीमेंट ने 15,000 सीमेंट की बोरियों से मां दुर्गा की विशाल आकृति तैयार की है। ऐसा करने वाली यह पहली और एकमात्र सीमेंट कंपनी है।

प्रदेश के कैमोर स्थित प्लांट में 'जहाँ तैयार इस आकृति में 15,000 बोरियों का इस्तेमाल किया गया। इनका कुल वजन 750 टन था। 70 गुणा 70 फीट के क्षेत्र में तैयार इस विशाल आकृति को साकार करने में लोगों ने कुल 12,600 घंटे काम किया तब कहीं यह प्रयास सफल हुआ। इसकी खासियत यह है कि जमीन से देखने पर सीमेंट की हजारों बोरियां अलग-अलग दिखाई देती हैं, लेकिन जैसे ही कैमरा आसमान की ओर उठता है, माँ दुर्गा का भव्य स्वरूप सामने आने लगता है।

डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए किया सोशल मीडिया पर साझा



मां दुर्गा का मुकुट, आंखें, दस भुजाएं और पूरी आकृति सीमेंट की बोरियों को बेहद सटीक तरीके से सजाकर तैयार की गई है। इस अनूठी रचना को एक डिजिटल फिल्म में दिखाया गया है, जिसे कंपनी ने अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया पर साझा किया है। जैसे-जैसे कैमरा ऊपर उठता है, तस्वीर बदलने लगती है। अलग-अलग रखी गई 15,000 बोरियाँ धीरे-धीरे मां दुर्गा की विशाल औरआकृति में बदल जाती हैं।

जमीन पर बोरियां, आसमान से मां दुर्गा के दर्शन

इस अभियान की डिजिटल फिल्म को एक खास अंदाज में तैयार किया गया है। फिल्म की शुरुआत जमीन से होती है, लोग सीमेंट की बोरियों को एक-एक करके तय जगह पर रखते दिखाई देते हैं। शुरुआत में यह समझ पाना मुश्किल होता है कि इन हजारों बोरियों से आखिर क्या बनने वाला है। जैसे-जैसे कैमरा ऊपर उठता है, तस्वीर बदलने लगती है। अलग-अलग रखी गई 15,000 बोरियाँ धीरे-धीरे मां दुर्गा की विशाल और प्रभावशाली आकृति में बदल जाती हैं। यह दृश्य न केवल रचना के विशाल आकार को सामने लाता है, बल्कि इसके पीछे लगे सामूहिक प्रयास, सटीक योजना और समर्पण को भी दर्शाता है।

पुलिस ने आरोपी का सार्वजनिक जुलूस भी निकाला

बहुचर्चित गो-हत्या मामले में पुलिस ने किया मुख्य आरोपी को गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव।

नगर में गो-हत्या के बहुचर्चित मामले में पुलिस ने रविवार को मुख्य आरोपी एजाज अहमद उर्फ कसाई को महाराष्ट्र के नागपुर शहर से गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी का सार्वजनिक जुलूस भी निकाला। मामले में प्रतिबंधित मांस खरीदने के आरोप में गौरी नगर निवासी 60 वर्षीया खैरून निशा और 57 वर्षीया नसीमा बेगम को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। दोनों महिलाओं द्वारा प्रतिबंधित मांस खरीदने की बात स्वीकार करने के बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस आपराधिक प्रकरण में पुलिस अब तक कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। घटना के बाद से 39 वर्षीय मुख्य आरोपी एजाज अहमद फरार चल रहा था, जो मूल रूप से नागपुर का निवासी है। पुलिस की विशेष टीम ने संभावित ठिकानों पर तलाश के बाद रविवार को उसे उसके गृह नगर से दबोच लिया। इससे पूर्व शनिवार को पुलिस ने इस प्रकरण में आरोपी की पत्नी, उसकी नाबालिग बेटी और गो-मांस के क्रय-विक्रय में सहयोग करने वाले 11 अन्य सहयोगियों को पकड़ा था। जांच में यह तथ्य सामने आया है कि आरोपी गो-मांस की बिक्री नागपुर तक करते थे और प्रतिबंधित मांस की दावतों में भी शामिल होते थे। पुलिस इस पूरे अंतरराज्यीय नेटवर्क की गहन जांच कर रही है। वहीं रविवार को प्रशासनिक तत्परता दिखाते हुए नगर निगम की टीम ने एक आरोपी के अवैध निर्माण व कब्जे पर कार्रवाई करते हुए उसे हटा दिया।

संभावित ठिकानों पर तलाश के बाद गृह नगर से दबोचा

हिन्दू संगठनों के विरोध के बाद मामले ने पकड़ा तूल

मामले का सूत्रपात 12 अक्तूबर को निर्माणाधीन अंडरब्रिज के समीप तथा 14 अक्टूबर को गौरी नगर स्थित शीतला तालाब के पास गायों के कटे हुए सिर मिलने से हुआ था। इस जघन्य घटना की सूचना मिलते ही विभिन्न हिंदू संगठनों के पदाधिकारी तथा स्थानीय नागरिक मौके पर एकत्र हो गए थे। आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने नगर के मानव मंदिर चौक पर गाय का कटा सिर रखकर उग्र प्रदर्शन किया और कोतवाली थाने के सामने मुख्य मार्ग को अवरुद्ध कर चक्काजाम कर दिया था। विरोध दर्ज कराने के उद्देश्य से लोग थाने के समक्ष बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे थे। स्थानीय गौरी नगर के पार्षद हफीज खान भी घटना की लिखित शिकायत लेकर कोतवाली पुलिस थाने पहुंचे थे। नवरात्र के दौरान हुई इस घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एक विशेष जांच टीम गठित की। विशेष टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहन अध्ययन किया। फुटेज में देर रात कुछ संदिग्ध व्यक्ति सड़क पर बैठे मवेशियों को अपने साथ ले जाते दिखाई दिए।

आरोपियों की पिटाई कर फेंकी स्वाही

सीसीटीवी फुटेज से मिले सुराग के आधार पर पुलिस ने गौरी नगर निवासी अब्दुल अलीम उर्फ कनवा, उसकी पत्नी और बेटी को हिरासत में लिया। पूछताछ में अब्दुल अलीम ने अपनी पत्नी, बेटी व अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर गायों को हलाल करने, उनका मांस बेचने और पहचान छिपाने के लिए कटे सिर शीतला तालाब व अंडरब्रिज के पास फेंकने का अपराध स्वीकार कर लिया। इसके अतिरिक्त पुलिस ने अवैध व्यापार में शामिल सलमान खान, मोहम्मद साकीर खान, मोईन गौरी, आरिफ कुरैशी, सलीम अख्तर, सैयद नदीम, मोहम्मद सिराज और मोहम्मद तौहीद रजा खान को भी गिरफ्तार किया। शनिवार को जब आरोपियों को अदालत में पेशी के बाद बाहर लाया जा रहा था तो उग्र भीड़ ने 'फांसी दो-फांसी दो' के नारे लगाते हुए पुलिस के साथ धक्का-मुक्की की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों की पिटाई की तथा उन पर स्याही भी फेंकी।

आरोपियों के पास से हजारों की साड़ियां बरामद

साड़ी खरीदने के बहाने चोरी करने वाले गिरोह के 12 सदस्य गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर।

जिले की लटोरी चौकी पुलिस ने कपड़ा दुकान में साड़ी खरीदने के बहाने चोरी करने वाले गिरोह के 12 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से चोरी की गई लगभग 36,000 रुपये मूल्य की साड़ियां बरामद की हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों में राजस्थान के बारां जिले की 10 महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। यह पूरा मामला करवां गांव का है, जहां 17 अक्टूबर की शाम आरोपियों ने एक दुकान और गोदाम से साड़ियों की चोरी की थी। लटोरी-करवां मार्ग पर स्थित कपड़ा दुकान में 17 अक्टूबर की शाम दो कारों में सवार होकर कुछ महिलाएं पहुंचीं। इन महिलाओं ने दुकान के अंदर प्रवेश करते ही दुकानदार को अलग-अलग किस्म की साड़ियां दिखाने के काम में उलझाए रखा। जब दुकानदार उन्हें साड़ियां दिखाने में व्यस्त था, उसी दौरान महिलाओं ने उसकी नजर बचाकर बहुत ही चालाकी से साड़ियों के बंडल गायब कर दिए। आरोपियों ने दुकान के साथ लगे गोदाम से भी साड़ियों के कई बंडल चुरा लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी महिलाएं अपनी कारों में बैठकर मौके से फरार हो गईं।

गोदाम में रखीं साड़ियों के स्टॉक का मिलान करने पर खुलासा

महिलाओं के दुकान से जाने के बाद जब दुकानदार ने अपनी दुकान और गोदाम में रखी साड़ियों के स्टॉक का मिलान किया, तो उसे साड़ियों के कई बंडल गायब मिले। पूरे स्टॉक की जांच करने पर उसे लगभग 36,000 रुपये कीमत की साड़ियां चोरी होने की जानकारी मिली। इसके तुरंत बाद पीड़ित दुकानदार ने लटोरी चौकी पुलिस के पास पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी। पुलिस को सूचना मिली कि बनारस रोड के किनारे तंबू लगाकर कुछ संदिग्ध महिलाएं और पुरुष रह रहे हैं।

वारदात के 24 घंटों के भीतर पुलिस ने आरोपियों को दबोचा

नहाते समय चार लड़कियों का वीडियो बनाने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नहाते समय चार लड़कियों का वीडियो बनाने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला गोल बाजार थाने क्षेत्र का है। चार लड़कियों के नहाते समय चोरी-छिपे वीडियो बनाने और उन्हें दोस्तों को भेजने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। घटना की जानकारी मिलने के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस ने घटना में शामिल नाबालिग के खिलाफ किशोर न्याय प्रक्रिया के तहत वैधानिक कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपियों से तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं।

पुलिस के मुताबिक, यह पूरा मामला तब सामने आया जब एक पीड़ित लड़की को शक हुआ। उसने गोल बाजार थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उसने संदेह होने



पर लक्की तंगील का मोबाइल फोन जांचा। जांच के दौरान मोबाइल में पीड़ित लड़की के अलावा उसके मोहल्ले की तीन अन्य लड़कियों के नहाते समय के वीडियो मिले। पीड़िता ने जब पड़ताल की तो पता चला कि ये सभी वीडियो एक नाबालिग लड़के ने बाथरूम में चोरी-छिपे बनाए थे। इसके बाद नाबालिग ने इन वीडियो को शास्त्री मार्केट क्षेत्र निवासी अपने दो दोस्तों कृष्णा लंगोटे और लक्की तंगील को भेज दिया था।

आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन भी किए जब्त

पीड़ित लड़की की शिकायत के आधार पर गोल बाजार थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 77 और आईटी एक्ट की धारा 66ई के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए नाबालिग और उसके दोनों दोस्तों का पता लगाया। इसके बाद पुलिस ने 19 वर्षीय कृष्णा लंगोटे और 21 वर्षीय लक्की तंगील को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से तीन मोबाइल फोन जब्त किए।

सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ उठाते हैं बीड़ा

दशहरे पर पान खिलाकर मिटाते हैं गिले-शिकवे

अनुरोध पटेरिया ⏭ जबलपुर

बुंदेलखंड में विजयादशमी का पर्व केवल रावण दहन और असत्य पर सत्य की विजय का उत्सव नहीं है, बल्कि यह सामाजिक समरसता, आपसी प्रेम और रिश्तों में मिठास घोलने की परंपरा का भी प्रतीक है। यहां दशहरे पर एक-दूसरे को पान खिलाकर शुभकामनाएं देने, पुराने गिले-शिकवे भुलाने और टूटे रिश्तों को फिर से जोड़ने का अनूठा चलन है। इस दिन पान का बीड़ा उठाना अच्छे कार्यों की शुरुआत करने, जिम्मेदारियों का निर्वहन करने और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संकल्प लेने का प्रतीक भी माना जाता है। विजयादशमी पर देशभर में शस्त्र-शास्त्र पूजन, रावण दहन, चल समारोह और मिष्ठान वितरण जैसे आयोजन होते हैं, लेकिन बुंदेलखंड में दशहरा मिलन की परंपरा इसे विशिष्ट बनाती है। रावण दहन के बाद लोग एक-दूसरे से मिलते हैं, राम-राम कहकर अभिवादन करते हैं और पान खिलाकर पर्व की खुशियां साझा करते हैं। इस दौरान पान के साथ सुपारी, लौंग और इलायची भी परोसी जाती है। छोटे-बड़े सभी एक-दूसरे को पान देकर स्नेह, सम्मान और आशीर्वाद व्यक्त करते हैं।

पान का बीड़ा यानी अच्छे काम का संकल्प



बुंदेलखंड में पान केवल खान-पान का हिस्सा नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन की महत्वपूर्ण परंपरा है। यहां पान का बीड़ा उठाने का अर्थ किसी जिम्मेदारी को स्वीकार करना और उसे पूरा करने का संकल्प लेना भी है। दशहरे के अवसर पर इस परंपरा को सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की भावना से भी जोड़कर देखा जाता है।मान्यता है कि दशहरे पर एक-दूसरे को पान खिलाने से पुराने मतभेद दूर होते हैं और रिश्तों में नई शुरुआत होती है। यदि किसी परिवार, मित्र या परिचित के बीच विवाद हो गया हो, तो दशहरा मिलन के दौरान पान खिलाकर संबंधों को सुधारने की पहल की जाती है। इस तरह पान का एक पत्ता आपसी सद्भाव, क्षमा और मेल-मिलाप का संदेश देता है।

पाचन से जोड़कर भी देखते हैं लोग

शहरे पर पान खाने की परंपरा को कुछ लोग मौसम और पाचन से भी जोड़ते हैं। वैद्यकीय मान्यताओं में पान के पत्तों के कुछ औषधीय गुणों का उल्लेख मिलता है, लेकिन पान खाने से होने वाले लाभ उसकी सामग्री और सेवन की मात्रा पर निर्भर करते हैं। कत्थे और चूने के साथ तंबाकू या सुपारी का सेवन स्वास्थ्य के लिए जोखिम भी पैदा कर सकता है।

धार्मिक आस्था से जुड़ा है पान

आचार्य सचिन महाराज के अनुसार, पान को लक्ष्मी पत्र भी कहा जाता है और अनेक धार्मिक अनुष्ठानों में इसका विशेष महत्व है। पूजा में पान का उपयोग शुभता का प्रतीक माना जाता है। बुंदेलखंड में दशहरे पर एक-दूसरे को पान खिलाने की परंपरा इसी सांस्कृतिक और धार्मिक आस्था से जुड़ी है। पान खिलाकर लोग पुराने विवादों को भुलाने और रिश्तों को नए सिरे से शुरू करने का संदेश देते हैं।

चिंतन

अपराधियों का बढ़ता दुस्साहस चिंताजनक

मुंबई में अभिनेता टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग की घटना संगठित अपराध के बढ़ते दुस्साहस का चिंताजनक उदाहरण है। पुलिस के अनुसार, हमलावरों का इरादा जान लेने का था। वारदात के कुछ ही घंटों के भीतर तीन संदिग्धों की गिरफ्तारी पुलिस की तत्परता दर्शाती है, लेकिन इस घटना ने कानून-व्यवस्था के सामने गंभीर सवाल भी खड़े किए हैं। आखिर अपराधियों के हौसले इतने बुलंद कैसे हो रहे हैं कि वे सरेआम गोलियां चलाने से भी नहीं हिचकते? इससे भी गंभीर बात यह है कि ऐसी वारदातों के बाद जिम्मेदारी लेने और धमकियां देने के जरिए अपराधी भय का वातावरण बनाने की कोशिश करते हैं। यह प्रवृत्ति किसी एक व्यक्ति की सुरक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि कानून के इकबाल को चुनौती देने वाली है। पुलिस के मुताबिक, हमलावर कई दिनों से अभिनेता की गतिविधियों पर नजर रख रहे थे और उन्होंने घर तथा जिम की रेकी भी की थी। जांच में यदि इन तथ्यों की पुष्टि होती है, तो यह स्पष्ट होगा कि वारदात अचानक नहीं, बल्कि सुनियोजित तरीके से अंजाम देने की कोशिश की गई। सोशल मीडिया पर उपलब्ध सामग्री से किसी की दिनचर्या और गतिविधियों की जानकारी जुटाना सुरक्षा के लिए नया खतरा बन रहा है। अपराधी तकनीक का इस्तेमाल अपने नेटवर्क को मजबूत करने और वारदातों को अंजाम देने में कर रहे हैं। ऐसे में पुलिस को पारंपरिक निगरानी के साथ डिजिटल माध्यमों पर भी सतर्कता बढ़ानी होगी। इस मामले में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े अनिल पंडित की कथित भूमिका की भी जांच की जा रही है। यदि विदेश में बैठकर स्थानीय अपराधियों के माध्यम से वारदातें करवाने के आरोप प्रमाणित होते हैं, तो यह संगठित अपराध के बदलते स्वरूप का गंभीर संकेत होगा। ऐसे गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई केवल शूटरों की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। उनके वित्तीय स्रोतों, हथियारों की आपूर्ति, स्थानीय मददगारों और पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करना जरूरी है। राजस्थान के कोटा रेलवे स्टेशन से संदिग्धों की गिरफ्तारी में विभिन्न राज्यों की पुलिस के बीच समन्वय की अहम भूमिका रही। यह सकारात्मक पहलू है, लेकिन पुलिस की सफलता का वास्तविक पैमाना केवल गिरफ्तारी नहीं, बल्कि साजिश की तह तक पहुंचना और अदालत में आरोपों को ठोस साक्ष्यों के साथ साबित करना है। ऐसी घटनाओं में त्वरित और निष्पक्ष जांच के साथ प्रभावी अभियोजन भी सुनिश्चित होना चाहिए। इस मामले में एक आरोपी के नाबालिग होने की बात भी सामने आई थी, हालांकि पुलिस ने गिरफ्तार तीनों संदिग्धों के नाबालिग होने से इनकार किया है। इस तथ्य की पुष्टि जांच से ही होगी। फिर भी युवाओं को अपराध की दुनिया में धकेलने वाले गिरोहों पर गंभीरता से विचार करना जरूरी है। मशहूर अभिनेता हो या सामान्य नागरिक, किसी की सुरक्षा अपराधियों की मर्जी पर नहीं छोड़ी जा सकती। पुलिस को इस मामले में साजिश की अंतिम कड़ी तक पहुंचना होगा और दोषियों के खिलाफ कानून के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी। अपराधियों का दुस्साहस केवल बयानों से नहीं टूटेगा। इसके लिए जरूरी है कि अपराधी चाहे कहीं छिपे हों, उनका नेटवर्क कितना ही प्रभावशाली क्यों न हो, कानून की पकड़ से बच न सकें। यही कानून के शासन की कसौटी है और यही आम नागरिक के मन में सुरक्षा का भरोसा कायम करने का रास्ता भी।



मुद्दा
ओमकार चौधरी

फ्रांस एक बार फिर व्यापक अशांति की गिरफ्त में है। स्कूलों में बदहाली और शिक्षकों की कमी के विरोध से शुरू हुआ आंदोलन अब महंगाई, बेरोजगारी, सार्वजनिक सेवाओं की गिरती स्थिति और सरकार के खिलाफ बढ़ते असंतोष का प्रतीक बन गया है। हजारों गिरफ्तारियां, पुलिस से हिंसक झड़पें, आगजनी और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान हालात की गंभीरता बयां कर रहे हैं। हालांकि, अधिकांश प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे हैं, लेकिन उग्र समूहों की हिंसा ने संकट को और गहरा दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विवादित दावों ने भी बहस को नया मोड़ दिया है। सवाल यह है कि क्या फ्रांस इस उबाल पर काबू पा सकेगा या सामाजिक असंतोष गहरे राजनीतिक संकट में बदल जाएगा?

फ्रांस की हिंसा के पीछे कौन?

फ्रांस एक बार फिर व्यापक अशांति की गिरफ्त में है। पेरिस से लेकर मार्सेई, लियोन, लिमोज, टूलूज़ और दूसरे शहरों तक प्रदर्शन, आगजनी, लूट, पुलिस से झड़प और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की घटनाएं सामने आई हैं। 17 अक्टूबर को देशभर में लगभग 5.5 लाख से 8 लाख लोग सड़कों पर उतरे। अधिकांश प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे, लेकिन कई शहरों में नकाबपोश उग्र समूहों ने हिंसा की, दुकानों को लूटा, कारों को आग लगाई और सरकारी इमारतों को निशाना बनाया। करीब 400 लोगों की गिरफ्तारी की रिपोर्ट है। यह आंदोलन अचानक पैदा नहीं हुआ। इसकी मौजूदा लहर 21 सितंबर के आसपास पेरिस के उपनगरों के स्कूलों से शुरू हुई, जहां छात्रों ने शिक्षकों की कमी, जर्जर इमारतों, भीड़भाड़ वाली कक्षाओं, संसाधनों की कमी और शिक्षा व्यवस्था की बदहाली को लेकर विरोध शुरू किया। केवल दस दिनों में यह आंदोलन पेरिस क्षेत्र से निकलकर पूरे फ्रांस में फैल गया। एक अक्टूबर तक एक हजार से अधिक स्कूल विरोध से प्रभावित हो चुके थे। समस्या तब गंभीर हुई जब सरकार ने इसे केवल शैक्षणिक असंतोष न मानकर कानून-व्यवस्था की चुनौती के रूप में लेना शुरू किया। दंगा-रोधी पुलिस और जेंडार्म तैनात किए गए, बड़ी संख्या में गिरफ्तारियां हुईं और पुलिस कार्रवाई के दौरान कई किशोर गंभीर रूप से घायल हुए। 28 सितंबर से 5 अक्टूबर के बीच 6,059 गिरफ्तारियां दर्ज की गईं और 5,060 लोगों को पुलिस हिरासत में लिया गया; इनमें 87 प्रतिशत नाबालिग थे। एक 15 वर्षीय छात्र का हाथ स्टन ग्रेनेड से कट गया, एक 16 वर्षीय छात्र की एक आंख की रोशनी चली गई और एक 14 वर्षीय किशोर का जबड़ा गंभीर रूप से घायल हुआ। यहीं से आंदोलन का चरित्र बदलने लगा। छात्रों की मूल मांगों के साथ पुलिस कार्रवाई का विरोध जुड़ा और फिर महंगाई, ईंधन की बढ़ती कीमत, वेतन, पेंशन और सार्वजनिक सेवाओं की गिरती स्थिति जैसे मुद्दे भी इसमें शामिल होते गए।

ट्रेड यूनियनें, विश्वविद्यालय छात्र और पुराने येलो वेस्ट नेटवर्क के समर्थक भी सड़क पर उतर आए। 17 अक्टूबर का बड़ा राष्ट्रीय प्रदर्शन इसी व्यापक असंतोष का परिणाम था। इस सवाल का सीधा उत्तर यह है कि पूरे आंदोलन को हिंसक कहना गलत होगा। लाखों लोगों के मुख्य जुलूस अधिकांश जगह शांतिपूर्ण रहे। हिंसा मुख्यतः उन छोटे लेकिन संगठित समूहों ने की जिन्हें फ्रांसीसी प्रशासन अल्ट्रा लेफ्ट और ब्लैक बॉक्स या उग्र वामपंथी समूहों के रूप में पहचान रहा है। इनके साथ अवसरवादी लुटेरे भी कई जगह जुड़ गए। पेरिस में सैकड़ों काले कपड़ों में नकाबपोश लोग पुलिस से भिड़े। दुकानों के शीशे तोड़े गए, लूट हुई और कारों में आग लगाई गई। लियोन में पर्यटन कार्यालय जला दिया गया। मार्सेई और लिली में नगर भवनों को नुकसान पहुंचाया गया। लिमोजेस में भी सरकारी संपत्ति को भारी क्षति पहुंची। इसलिए फ्रांस की मौजूदा स्थिति को तीन हिस्सों में समझना चाहिए एक, वास्तविक और व्यापक सामाजिक-आर्थिक असंतोष; दो, राजनीतिक और ट्रेड यूनियन लामबंदी; और तीन, उस आंदोलन में घुसकर हिंसा करने वाले उग्र समूह। अभी तक मौजूदा राष्ट्रीय आंदोलन में बड़ी संख्या में मौतों की पुष्टि नहीं हुई है।



लेकिन घायल बहुत हैं और कई चोटें गंभीर हैं। 17 अक्टूबर के प्रदर्शन में भी घायल लोगों को स्ट्रेचर पर ले जाते हुए देखा गया। फ्रांस में इससे पहले 2023 के दंगों और 2018-19 के येलो वैस्ट आंदोलन में संपत्ति की क्षति अरबों यूरो तक पहुंची थी। मौजूदा आंदोलन अभी उस स्तर पर नहीं पहुंचा है, लेकिन यदि हिंसा लंबी चली तो आर्थिक नुकसान तेजी से बढ़ सकता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 6 अक्टूबर को फ्रांस की अशांति को "आउट ऑफ़ कंट्रोल मास" यानी अनियंत्रित बड़े पैमाने के प्रवासन से जोड़ा। उन्होंने यहां तक कहा कि यह स्कूलों का प्रश्न नहीं बल्कि "इस्लाम वांटिंग टू टेक ओवर" यानी इस्लाम द्वारा फ्रांस पर कब्जे की कोशिश है। आंदोलन की प्रमाणित शुरुआत शिक्षकों की कमी, स्कूलों की खराब हालत और शिक्षा संसाधनों से हुई थी। फ्रांस की लोकतांत्रिक संस्थाएं मजबूत हैं और अभी ऐसा कोई संगठित राष्ट्रीय नेतृत्व सामने नहीं आया है जो सीधे सत्ता परिवर्तन का कार्यक्रम चला रहा हो। इसलिए इसे "तख्तापलट आंदोलन" कहना तथ्य से आगे होगा। लेकिन यह जरूर कहा जा सकता है कि सामाजिक आंदोलन अब स्पष्ट राजनीतिक सत्ता-विरोधी रूप लेने लगा है। यही वह चरण होता है जहां कोई आंदोलन अपने मूल मुद्दे से आगे निकलता है। पहला असर कानून-व्यवस्था पर है। हजारों गिरफ्तारियां, लगातार पुलिस तैनाती और कई शहरों में हिंसा प्रशासन पर भारी दबाव डाल रही है। दूसरा असर शिक्षा पर है। सैकड़ों स्कूल बंद या बाधित हुए हैं, पढ़ाई प्रभावित हुई है और छात्रों तथा शिक्षकों के बीच सरकार के खिलाफ असंतोष बढ़ा है। तीसरा असर कारोबार और पर्यटन पर है। पेरिस के प्रमुख इलाकों में मेट्रो स्टेशन बंद करने पड़े, दुकानें समय से पहले बंद हुईं और पर्यटन क्षेत्रों में आगजनी तथा लूट की घटनाएं हुईं। चौथा असर राजनीति पर है। 2027 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले फ्रांस में वाम और दक्षिण—दोनों छोर मजबूत हो रहे हैं, जबकि मैक्रों की मध्यमार्गी राजनीति पर दबाव बढ़ रहा है। पांचवां और सबसे गंभीर असर सामाजिक भरोसे पर है। युवा पीढ़ी और सरकार के बीच दूरी तेजी से बढ़ी है। ले मोंडे ने इसे मैक्रों और फ्रांसीसी युवाओं के बीच लगभग पूर्ण राजनीतिक दरार के रूप में वर्णित किया है। फ्रांस की घटनाएँ केवल एक यूरोपीय देश का घरेलू संकट नहीं हैं। यही सबसे महत्वपूर्ण बात है। एक ओर जीवन-यापन की बढ़ती लागत है, दूसरी ओर युवाओं में भविष्य को लेकर असुरक्षा। श्रीलंका में आर्थिक संकट ने राष्ट्रपति को हटाया। बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों के कोटा आंदोलन ने शेख हसीना की सरकार गिरा दी। नेपाल में सोशल मीडिया प्रतिबंध और भ्रष्टाचार-विरोधी आंदोलन प्रधानमंत्री के इस्तीफे तक पहुंच गया।फ्रांस अभी उस अवस्था में नहीं है। लेकिन उसकी सड़कों पर दिखाई दे रहा उबाल इस बात की चेतावनी जरूर है कि सामाजिक असंतोष को लगातार टाला जाए, पुलिस और प्रदर्शनकारियों का टकराव बढ़े और हिंसक समूह आंदोलन पर हावी होने लगें, तो स्थिति बहुत तेजी से नियंत्रण से बाहर जा सकती है।

आज फ्रांस के सामने असली चुनौती केवल दंगाइयों को पकड़ने की नहीं है। असली चुनौती उन मूल कारणों को संबोधित करने की है जिनके कारण लाखों लोग सड़क पर निकले हैं। यदि शिक्षा, महंगाई, सार्वजनिक सेवाओं और युवा असंतोष के सवाल पीछे छूट गए और पूरी बहस केवल पुलिस बनाम प्रदर्शनकारी तक सीमित हो गई, तो संकट लंबा खिंच सकता है।फिलहाल फ्रांस में सत्ता परिवर्तन का कोई प्रमाणित अभियान नहीं है। लेकिन इतिहास बताता है कि किसी बड़े आंदोलन की दिशा उसके पहले दिन तय नहीं होती।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विजयदशमी विशेष
रवीन्द्र श्रीवास्तव



मुझे अपने भीतर एक राम की तलाश है

भीड़ चली है आज, गली गली मेंरावण मारने;
मैं ढूँढ़ रहा हूँ एक राम, मेरे अंदर का रावण मारने.. !

आज फिर विजयदशमी है। सड़कों पर उत्सव है।
मैदानों में रावण के विशाल पुतले खड़े हैं।
भीड़ उमड़ रही है। हर हाथ बुराई के अंत का उत्सव मनाने को उत्सुक है।
लेकिन, एक प्रश्न मन में उठता है
जिस रावण को हम हर वर्ष जलाते हैं, वह हर वर्ष फिर जीवित कैसे हो जाता है?
क्या इसलिए कि हम रावण को केवल बाहर खोजते हैं?
अपने भीतर कभी झांकते ही नहीं?

रावण केवल दस सिरों वाला एक पौराणिक पात्र नहीं।
वह एक प्रवृत्ति भी है। अहंकार में रावण है।
क्रोध में रावण है। लोभ में रावण है।
ईर्ष्या में रावण है। छल, कपट, द्वेष और प्रतिशोध में रावण है।
दूसरों को अपमानित करने की प्रवृत्ति में रावण है।
अपनी गलती स्वीकार न करने की ज़िद में रावण है।
और सबसे बढ़कर स्वयं को सदैव सही और दूसरों को सदैव गलत समझने के अहंकार में रावण है।

हम दूसरों के दोष आसानी से देख लेते हैं। उनके व्यवहार का मूल्यांकन करते हैं।
उनकी गलतियों पर निर्णय सुनाते हैं। उनके चरित्र पर प्रश्न उठाते हैं।
लेकिन जब प्रश्न अपने आचरण का आता है, तो हमारे तर्क बदल जाते हैं।
अपना क्रोध हमें उचित लगता है। अपना अहंकार स्वाभिमान लगता है।
अपनी ज़िद सिद्धांत लगती है। अपना प्रतिशोध न्याय लगता है।
और दूसरों का वही आचरण हमें असहनीय लगता है।
यही तो हमारे भीतर का रावण है!

लेकिन प्रश्न केवल रावण को पहचानने का नहीं।
प्रश्न है अपने भीतर के राम को खोजने का।
वह राम जो मर्यादा सिखाए। जो शक्ति केसाथ विनम्रता सिखाए।
जो अधिकार के साथ कर्तव्य सिखाए। जो क्रोध के स्थान पर संयम दे।
जो प्रतिशोध के स्थान पर क्षमा दे। जो अहंकार के स्थान पर करुणा दे।
राम केवल पूजने के लिए नहीं। राम अपने आचरण में उतारने के लिए भी हैं।
और शायद यही सबसे कठिन साधना है।
क्योंकि बाहर के रावण को जलानेके लिए एक अग्निबाण पर्याप्त है।
भीतर के रावण को पराजित करनेके लिए जीवन भर का आत्मसंघर्ष चाहिए।

हमारे भीतर राम भी हैं। रावण भी हैं।
दोनों के बीच संघर्ष भी निरंतर है। कभी अहंकार जीत जाता है।
कभी विवेक। कभी क्रोध जीत जाता है। कभी करुणा।
कभी प्रतिशोध जीत जाता है। कभी क्षमा।

विजयदशमी शायद इसी संघर्ष में सही पक्ष चुनने का अवसर है।
यह केवल एक पौराणिक विजय का स्मरण नहीं।
यह अपने भीतर झांकने का निमंत्रण भी है। क्या हम किसी से क्षमा मांग सकते हैं?
क्या हम किसी को क्षमा कर सकते हैं? क्या अपनी गलती स्वीकार कर सकते हैं?
क्या हम किसी के दुःख को उसके दृष्टिकोण से समझ सकते हैं?
क्या हम अपने अहंकार से ऊपर उठकर किसी टूटते हुए रिश्ते को बचा सकते हैं?
यदि हां तो समझिए, हमारे भीतर का एक रावण आज मर गया।
और एक राम जीवित हो उठा।

विजयदशमी का वास्तविक उत्सव शायद उसी दिन होगा, जिस दिन हम दूसरों के भीतर रावण खोजना छोड़कर अपने भीतर राम जगाना शुरू कर देंगे।
क्योंकि रावण का पुतला जलाना एक उत्सव है।
अपने भीतर के रावण को मिटाना एक साधना है।
और स्वयं पर विजय ही शायद मनुष्य की सबसे बड़ी विजय है।
विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनाएं।

(लेखक सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अभिभाषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

जीवन प्रक्रिया की छानबीन



संकलित
दर्शन

योग किसी धर्म-संप्रदाय से नहीं जुड़ा है। योग प्रेम, अहिंसा, करुणा और सबको साथ लेकर चलने की बात करता है। योग धर्म, जाति, वर्ण, क्षेत्र या भाषा के आधार पर जन्मे भेदभाव से परे है, इसलिए इसमें पूरी दुनिया को एक परिवार के तौर पर बांधने की क्षमता है। योग, जीवन-प्रक्रिया की छानबीन है। यह सभी धर्मों से पहले अस्तित्व में आया और इसने मानव के सामने संभावनाओं को खोलने का काम किया, जिससे इंसान प्रकृति द्वारा तय की गई सीमाओं से परे जा सके। आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण व मुक्ति से जुड़ा यह विज्ञान भावी पीढ़ी के लिए एक महानतम उपहार है। आज योग विज्ञान जितना महत्वपूर्ण है, इससे पहले यह कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। क्योंकि आज हमारे पास विज्ञान और तकनीक के तमाम साधन मौजूद हैं, जो इस दुनिया को बना और मिटा सकते हैं। ऐसे में यह बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमारे भीतर जीवन के प्रति जागरूकता और ऐसा भाव बना रहे कि हम हर दूसरे प्राणी को अपना ही अंश महसूस कर सकें, वरना अपने सुख और भलाई के पीछे की हमारी दौड़ सब कुछ बर्बाद कर देगी। अगर दुनिया की कुछ आबादी भी योग और ध्यान के मार्ग पर चलने लगे तो निश्चित तौर पर दुनिया की गुणवत्ता और स्तर में सुधार आएगा। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में विस्तार व व्यापकता लाने में ही मानव-जाति की सभी समस्याओं का समाधान है। उसे निजता से सार्वभौमिकता या समग्रता की ओर चलना होगा।

अच्छी बातें जीवन में उतारने पर ही लाभ मिलेगा



संकलित
प्रेरणा

द्वापर युग में द्रोणाचार्य को भीष्म पितामह ने कौरव और पांडव राजकुमारों का गुरु बना दिया था। एक दिन द्रोणाचार्य ने सभी राजकुमारों को एक पाठ दिया और कहा कि कल इस पाठ को आत्मसात करके आना है। आत्मसात शब्द का अर्थ है जीवन में, अपने आचरण में उतारना। अगले दिन सभी राजकुमार गुरु के आश्रम में पहुंच गए। पढ़ाई शुरू हुई तो द्रोणाचार्य ने पूछा कि कौन-कौन कल का पाठ याद करके आया है? युधिष्ठिर को छोड़कर बाकी सभी राजकुमारों ने कह दिया कि हमने ये पाठ याद कर लिया है। गुरु ने युधिष्ठिर से पूछा कि तुमने पाठ याद क्यों नहीं किया है? युधिष्ठिर ने कहा कि मैंने अभी तक ये पाठ आत्मसात नहीं किया है। ये बात सुनकर द्रोणाचार्य हैरान थे। कुछ देर सोचकर गुरु ने कहा कि ठीक है कल याद करके आना। इसके बाद दस दिन बीत गए, लेकिन युधिष्ठिर को वो पाठ अब तक याद नहीं हुआ था। जबकि अन्य राजकुमार युधिष्ठिर से 10 पाठ आगे पहुंच गए थे। द्रोणाचार्य ने युधिष्ठिर से पूछा कि आखिर बात क्या है। युधिष्ठिर ने कहा कि गुरुदेव, जैसे मेरे भाइयों ने ये पाठ याद किया है, वैसे तो मुझे याद है, लेकिन आपने कहा था कि इस पाठ को आत्मसात करना है। आपने सत्य को जीवन में उतारने का पाठ दिया था और मैं सत्य को जीवन में उतार नहीं पा रहा हूं। जब तक मैं इसे आत्मसात नहीं कर लूंगा, जब तक मैं सत्य को जीवन में नहीं उतार लूंगा, तब तक मैं इससे आगे नहीं बढ़

अंतर्मन



आज की पाती

खाद्य सुरक्षा से पोषण सुरक्षा तक

खाद्य सुरक्षा किसी भी राष्ट्र की आर्थिक समृद्धि, सामाजिक न्याय और मानवीय विकास का आधार है। जिस देश के नागरिकों को पर्याप्त, सुरक्षित और पौष्टिक भोजन उपलब्ध नहीं होता, वहां विकास के बड़े-बड़े दावे भी अधूरे रह जाते हैं। भारत ने स्वतंत्रता के बाद खाद्यान्न उत्पादन में उल्लेखनीय प्रगति की है। हरित क्रांति से लेकर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के विस्तार तक, देश ने खाद्य संकट से उबरकर खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भरता की दिशा में लंबी यात्रा तय की है। आज भारत दुनिया के प्रमुख खाद्यान्न उत्पादक देशों में शामिल है। इसके बावजूद कुपोषण, एनीमिया, खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतें, जलवायु परिवर्तन और खाद्यान्न वितरण में असमानता जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। इसलिए अब आवश्यकता केवल अनाज के भंडार भरने की नहीं, बल्कि पौष्टिक और सुरक्षित भोजन की है। - *कमलकांत वर्मा, रायपुर*

ट्रेंड

विजयादशमी की बधाई



विजयादशमी के पर्व का विशेष महत्व है। यह भगवान श्रीराम की रावण पर विजय का प्रतीक है। श्रीराम को धर्मपरायणता और नैतिक आचरण के प्रतीक के रूप में पूजा जाता है। यह पर्व अधर्म और अन्याय पर धर्म और न्याय की जीत का उत्सव है। -**द्रौपदी मुर्मू,** राष्ट्रपति

महानवमी की शुभकामनाएं



सभी देशवासियों को महानवमी की ढेरों शुभकामनाएं। इस पावन अवसर पर मां सिद्धिदात्री के चरणों में मेरा कोटि-कोटि प्रणाम! वे अपने सभी भक्तों को संकल्प की सिद्धि का आशीर्वाद दें, यही कामना है।
-**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

स्विफ्ट के सीईओ से मुलाकात



आज नई दिल्ली में स्विफ्ट के सीईओ जेवियर पेरेज-तासो से मुलाकात करके खुशी हुई। वैश्विक व्यापार को सुचारू और कुशल बनाने के महत्व पर चर्चा की।' "इस संदर्भ में भू-राजनीतिक चुनौतियों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। बेल्जियम मुख्यालय वाली स्विफ्ट एक वैश्विक संगठन है -**एस जयशंकर,** विदेश मंत्री

कृषि संकट प्रमुख मुद्दा



'मेरे संबोधन में किसानों की परेशानी और महाराष्ट्र का कृषि संकट प्रमुख मुद्दा होगा, न कि राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप। फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान, बढ़ते आर्थिक घाटे और पानी की कमी के बीच किसानों को आत्महत्या जैसा कदम नहीं उठाना चाहिए।' -**मनोज जरांगे** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता

करंट अफेयर

भारत में बचाए ओरंगुटान के बच्चे इंडोनेशिया को वापस



भारतीय दूतावास ने कहा है कि वर्ष 2024 में भारत में बचाए गए सुमात्रा मूल के ओरंगुटान के एक बच्चे को दोनों देशों के वन्यजीव अधिकारियों और सीआईटीईएस प्रबंधन प्राधिकरणों के समन्वित प्रयासों से सोमवार को इंडोनेशिया वापस भेज दिया गया। इस ओरंगुटान को गुजरात से उसके मूल देश के लिए भेजा गया और वह मेदान के कुआलानामु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। मेदान में इंडोनेशिया के वन मंत्रालय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भारत के महावाणिज्य दूतावास के अधिकारी भी शामिल हुए। बचाए जाने के बाद से, भारतीय वन्यजीव अधिकारियों ने इस वन्य जीव को पशु चिकित्सा देखभाल और रहने के लिए उचित सुविधाएं उपलब्ध कराई थीं। जकार्ता में भारतीय मिशन द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, भारत और इंडोनेशिया के 'कन्वेंशन ऑन इंटरनेशनल ट्रेड इन एंडेंजर्ड स्पीशीज ऑफ वाइल्ड फौना एंड फ्लोरा' (सीआईटीईएस) से जुड़े प्रबंधन प्राधिकरणों ने सभी जरूरी नियमों और प्रोटोकॉल का पालन करते हुए इसे वापस भेजने की प्रक्रिया पूरी की। बयान में कहा गया है कि एक विशेष कदम उठाते हुए, भारत सरकार ने ओरंगुटान की देखभाल पर हुए खर्च को नहीं लेने का निर्णय लिया है।

ऑफ बीट

जब हंसी रुकती नहीं, तो दिमाग में क्या होता है?



कभी-कभी हंसी ऐसी छूटती है कि लाख कोशिशों के बावजूद रुकने का नाम नहीं लेती। हैरानी की बात यह है कि इसके पीछे सिर्फ कोई मजेदार बात नहीं, बल्कि मस्तिष्क की जटिल प्रक्रियाएं भी होती हैं। एक नए शोध के मुताबिक, बेकाबू होकर हंसने और बातचीत के दौरान सामान्य रूप से हंसने के पीछे मस्तिष्क के अलग-अलग तंत्र काम करते हैं। अकेले होने के बजाय किसी दूसरे व्यक्ति के साथ होने पर आपके हंसने की संभावना 30 गुना अधिक होती है। यदि आप अपने साथी को जानते हैं और उसे पसंद करते हैं, तो आपके हंसने की संभावना और बढ़ जाती है। अक्सर हंसी बातचीत के दौरान आती है। कई बार हम दूसरों को हंसते देखकर या उनकी हंसी सुनकर खुद भी हंसने लगते हैं। बातचीत के दौरान सामान्य हंसी औसतन हर दस मिनट में लगभग छह बार आती है। यह छोटी होती है और जल्दी शुरू होकर जल्दी खत्म हो जाती है। इसके विपरीत, बेकाबू हंसी लंबे समय तक चलती है। इसकी आवाज ऊंची हो सकती है और इसमें अजीब तरह की चीख जैसी आवाजें भी शामिल हो सकती हैं। शोधकर्ताओं ने यह जानने की कोशिश की कि क्या हंसी के इन दोनों प्रकारों की उत्पत्ति मस्तिष्क की अलग-अलग प्रणालियों में होती है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

जिस नाप-तौल पर रोज का लेन-देन टिका है, उसके वैश्विक भविष्य पर अब नई दिल्ली में मंथन होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

किराने की दुकान के तराजू से लेकर पेट्रोल पंप की मशीन तक, जिस नाप-तौल पर रोज का लेन-देन टिका है, उसके वैश्विक भविष्य पर अब नई दिल्ली में मंथन होगा। भारत पहली बार 26 से 28 अक्टूबर 2026 तक अंतर्राष्ट्रीय विधि मापन समिति (सीआईएमएल) की 61वीं बैठक की मेजबानी करेगा। यह आयोजन उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय विधिक मापन संगठन (ओआईएमएल) के सहयोग से हो रहा है। बैठक में दुनिया भर के 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों और कानूनी मापन विशेषज्ञों के भाग लेने की उम्मीद है। इनमें ओआईएमएल के सदस्य देश, संबंधित सदस्य और अंतरराष्ट्रीय संगठन शामिल हैं। फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, जापान, चीन, ऑस्ट्रेलिया, स्विट्जरलैंड, अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील जैसे देशों के प्रतिनिधियों के आने की संभावना है। पहली बार मेजबानी को अंतरराष्ट्रीय सहयोग, निष्पक्ष व्यापार और उपभोक्ता संरक्षण में भारत की बढ़ती भूमिका की अहम उपलब्धि माना जा रहा है।

26
से 28 अक्टूबर तक चलेगा अंतर्राष्ट्रीय विधि मापन समिति का विचार मंथन

दुनिया भर के 100 से अधिक प्रतिनिधियों और कानूनी मापन विशेषज्ञों के भाग लेंगे

फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, जापान, चीन, ऑस्ट्रेलिया, स्विट्जरलैंड, अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील जैसे देशों के प्रतिनिधियों के आने की संभावना

भारत पहली बार करेगा अंतर्राष्ट्रीय विधि मापन समिति की मेजबानी



एआई इमेज

अनुभव साझा करेंगे

26 अक्टूबर को कानूनी मापन में विकास विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी होगी। इसमें विशेषज्ञ मापन प्रणालियों के आधुनिकीकरण पर अनुभव साझा करेंगे। चर्चा में नियामक सेवाओं का डिजिटलीकरण, मापन उपकरणों का अंतरराष्ट्रीय सामंजस्य और मान्यता, ई-लर्निंग उपकरण तथा प्रशासन के नवीन दृष्टिकोण शामिल रहेंगे। 27 अक्टूबर को ओआईएमएल रणनीति कार्यशाला में संगठन की भावी दिशा और प्राथमिकताओं पर विचार होगा। उभरती चुनौतियाँ, तकनीकी प्रगति और डिजिटल परिवर्तन इसके मुख्य मुद्दे रहने की उम्मीद है।

अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर चर्चा

तीन दिवसीय कार्यक्रम में सीआईएमएल सदस्य अंतरराष्ट्रीय सिफारिशों के विकास व संशोधन, ओआईएमएल की तकनीकी गतिविधियों, ओआईएमएल प्रमाणन प्रणाली (ओआईएमएल-सीएस), डिजिटल परिवर्तन, क्षमता निर्माण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर चर्चा करेंगे। इससे पहले 60वीं बैठक 13 से 15 अक्टूबर 2025 को पेरिस में हुई थी, जिसमें 55 सदस्य देशों, 12 संबंधित सदस्यों और पांच संपर्क संगठनों ने भाग लिया था।

उद्योग और उपभोक्ताओं को लाभ

भारत को नियामक ढांचे के आधुनिकीकरण, अनुपालन के सरलीकरण, विश्वास-आधारित विनियमन और व्यापार सुगमता से जुड़े सुधार वैश्विक मंच पर रखने का मौका मिलेगा। भारतीय निर्माताओं में अंतरराष्ट्रीय मानकों और ओआईएमएल प्रमाणन प्रणाली के प्रति जागरूकता बढ़ेगी, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुँच आसान होगी। मापन आवश्यकताओं में सामंजस्य से व्यापार की तकनीकी बाधाएं घटने और जहां लागू हो, प्रमाणन में दोहराव रुकने की संभावना है।

क्या है ओआईएमएल

ओआईएमएल एक अंतर-सरकारी संगठन है, जिसकी स्थापना 1955 में विधिक माप प्रक्रियाओं के वैश्विक सामंजस्य के लिए हुई। यह व्यापार, उद्योग, स्वास्थ्य सेवा, सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण में प्रयुक्त उपकरणों के लिए अंतरराष्ट्रीय सिफारिशें और मानक तैयार करता है। सीआईएमएल इसकी प्रमुख निर्णयकारी संस्था है।

खबर संक्षेप

26 नवंबर को अखिलेश जारी करेंगे घोषणापत्र

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर समाजवादी पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं।



पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संविधान दिवस यानी 26 नवंबर 2026 को चुनावी घोषणापत्र जारी करने का ऐलान किया है। इसे 'सत्ताइस का संकल्प : पीडीए का प्रणपत्र' नाम दिया गया है। अखिलेश ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस के लोकतांत्रिक अवसर पर 'जन-मन का मैनिफेस्टो' जारी किया जाएगा। इसे वादों के रूप में देखा जा रहा है।

फीस नहीं लौटाने वाले कॉलेजों पर यूजीसी सख्त

नई दिल्ली। प्रवेश निरस्त कराने के बाद भी छात्रों की फीस नहीं लौटाने वाले उच्च शिक्षण संस्थानों



पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सख्ती दिखाई है। आयोग ने सभी राज्यों के राज्यपालों से हस्तक्षेप कर नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। यूजीसी ने ऐसे संस्थानों की सूची और छात्रों की बकाया फीस का विवरण भी साझा किया है। आयोग ने 2020 में फीस वापसी संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए थे। इसके तहत निर्धारित समय में प्रवेश रद्द कराने पर पूरी फीस लौटानी होगी।

ऑनलाइन विस्फोटक बिक्री पर केंद्र सख्त

नई दिल्ली। ऑनलाइन मंचों पर विस्फोटक पदार्थों की बिक्री और विज्ञापन के खिलाफ केंद्र सरकार



ने कार्रवाई की है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने सात ई-प्लेटफार्मों से 3,940 विक्रेताओं की लिस्टिंग हटवाई है। इनमें अमोनियम नाइट्रेट, गन पाउडर और पिक्रिक एसिड जैसे खतरनाक पदार्थ शामिल थे, जिनका इस्तेमाल विस्फोटक बनाने में हो सकता है। इंडियामार्ट से सबसे अधिक 3,092, एक्सपोर्टर्स इंडिया से 421, जस्टडायल से ट्रेड से 11 लिस्टिंग हटाई गईं।

झोटा का शव 7 दिन से अंतिम संस्कार के लिए रुका हुआ

परविंदर झोटा के परिवार से आज मिलेंगे अमित शाह, बोले - चिट्टा कारोबारियों को भेजेंगे जेल

एजेंसी ▶▶ मानसा/नई दिल्ली

ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह झोटा की हत्या के छह दिन बाद भी सोमवार को भी शव का अंतिम संस्कार नहीं हो पाया है। 13 अक्टूबर को हुई हत्या के बाद से ही परिवार और समर्थक शहर के तिकोनी चौक पर धरना दे रहे हैं और सीबीआइ जांच की मांग पर अड़े हैं। आज यानी 20 अक्टूबर को गृह मंत्री अमित शाह पीड़ित परिवार से मिलने मानसा पहुंचेंगे। एक्स पर शाह ने लिखा कि आप सरकार ने पंजाब को नशे के गर्त में धकेलने में कोई कसर नहीं छोड़ी। भाजपा सत्ता में आई तो चिट्टा कारोबारियों को चुन-चुनकर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा और पंजाब को नशामुक्त बनाया जाएगा। उन्होंने लिखा कि नशे के खिलाफ आवाज उठाने वालों को अपनी जान गंवाना पड़ा है। मंगलवार को वह ऐसे पीड़ित परिवारों से मानसा, संगरूर व गुरदासपुर में मुलाकात करेंगे। अपने दौरे में सबसे पहले वे मानसा पहुंच रहे हैं। तकरीबन 12 बजे वे मानसा में लैंड होंगे। जहां वह एंटी-ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह झोटा के परिवार से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वह गुरदासपुर जाएंगे, जहां उनकी मुलाकात विक्रमजीत सिंह के परिवार से होगी। उनके दौरे का अंतिम पढ़ाचव संगरूर रहने वाला है। जहां वे गुलजार के घर पहुंचेगे और परिवार से मुलाकात करेंगे। इसके बाद 5 बजे वे वापस दिल्ली लौट जाएंगे। केंद्रीय मंत्री अमित शाह के मानसा आगमन को लेकर स्पेशल सिक्योरिटी ग्रुप के करीब 10 सदस्यों का ग्रुप हेलीकॉप्टर से अनाज मंडी में बनाए जा रहे हेलीपैड निरीक्षण करने सोमवार को पहुंचा है।

कब कहां जाएंगे शाह

मानसा — *समयः* दोपहर 12:00 बजे; *स्थानः* वार्ड नंबर 21, वाटर वर्क्स रोड, मानसा

संगरूर — *समयः* दोपहर 1:15 बजे; *स्थानः* हरदम पट्टी,ग्राम तूर बंजारा, संगरूर

गुरदासपुर — *समयः* दोपहर 3:15 बजे; *स्थानः* ग्राम मारी पनवां, श्री हरगोविंदपुर, बटाला, गुरदासपुर

20
दिन में शाह पंजाब का दूसरी बार दौरा कर रहे हैं

झोटा का परिवार हत्या की सीबीआई जांच की मांग पर अड़ा हुआ है



विधायकों के घर के बाहर प्रदर्शन

गृह मंत्री संगरूर में नशे के खिलाफ आवाज उठाने पर धमकी मिलने से आहत हो आत्महत्या करने वाले गुलजार के परिवार से मिलेंगे। 20 दिन के भीतर गृह मंत्री का पंजाब का यह दूसरा दौरा है। इससे पहले वह 30 सितंबर को जालंधर आए थे। दूसरी तरफ सीबीआइ जांच की मांग पर अड़ी संघर्ष कमेटी 19 अक्टूबर को दोपहर 12 से 3 बजे तक राज्य में विधायकों के घरों के बाहर प्रदर्शन करेगी। हालांकि, घटना में घायल एंटी ड्रग टास्क फोर्स के सदस्य कुलविंदर सिंह को भी इलाज के लिए सरकार ने मना लिया है। उसकी टांग में गोली लगी है। उसे सिविल अस्पताल से बठिंडा के निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। अब उसका इलाज निजी अस्पताल में होगा और सारा खर्च पंजाब सरकार उठाएगी। सोमवार को छठे दिन पंजाबी सिंगर बब्बू मान, सिमरनजीत सिंह मान धरनास्थल पर पहुंचे और परिवार से संवेदना जताई।

पंजाब में नशे के खिलाफ जंग जारी

13 अक्टूबर को हुई थी झोटा की हत्या

मानसा में मेडिकल स्टोर संचालक अश्विनी कुमार ने 13 अक्टूबर को नश का विरोध करने पर झोटा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। परिवार मांगों को लेकर अड़ा हुआ है और अभी तक परविंदर सिंह झोटा के शव का पोस्टमार्टम भी नहीं हुआ।

15 अक्टूबर को गुरदासपुर में चली गोली



परविंदर की हत्या के दो दिन बाद 15 अक्टूबर की रात को गुरदासपुर के अंतर्गत आते श्रीहरगोबिंदपुर साहिब क्षेत्र के माड़ी पन्नवां गांव में ड्रग्स बेचने का विरोध करने पर विक्रमजीत सिंह की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

8 सितंबर को गुलजार सिंह ने की थी आत्महत्या

अमित शाह संगरूर में गुलजार सिंह के परिवार से मिलेंगे। गुलजार ने 8 सितंबर को कीटनाशक का पीकर आत्महत्या कर ली थी। उसने मरने से पहले कहा था कि उसने मंत्री हरपाल सिंह चीम को गांव में चिट्टा बिकने की शिकायत की थी, जिसके बाद उसे धमकाया गया।

रामशरण नौटियाल भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल

बजाओ ढोल स्वागत में मेरे घर राम आए हैं से मशहूर हुए गायक जुबिन नौटियाल के पिता का कांग्रेस ने ढोल बजा के किया स्वागत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



उत्तराखंड के वरिष्ठ नेता और मशहूर गायक जुबिन नौटियाल के पिता रामशरण नौटियाल सोमवार को भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए। नौटियाल देहरादून जिला पंचायत के अध्यक्ष रह चुके हैं और उन्होंने 2022 में भाजपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव भी लड़ा था। कांग्रेस के दिल्ली स्थित कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में पार्टी की उत्तराखंड प्रभारी कुमारी सैलजा, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य गुरदीप सप्पल की मौजूदगी में नौटियाल ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस नेताओं ने नौटियाल का स्वागत करते हुए कहा कि उनके लंबे राजनीतिक अनुभव और क्षेत्र में प्रभाव से उत्तराखंड में पार्टी को मजबूती एवं नई ऊर्जा मिलेगी। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड, प्रदेश में बढ़ते भ्रष्टाचार समेत विभिन्न मुद्दों पर प्रदेश की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में सीबीआई जांच का झुनझुना थमाया जा रहा है, लेकिन एजेंसी ने अब तक इस केस के सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच नहीं की है। उन्होंने बताया कि मामले में वीआईपी के तौर पर भाजपा नेता दुष्यंत गौतम का नाम सामने आया था। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि गौतम से पूछताछ करने के बजाय उन्हें सिक्किम का राज्यपाल बनाया जा रहा है, ताकि उनपर कोई कानूनी कार्रवाई न हो सके। उन्होंने कहा कि अंकिता के माता-पिता न्याय की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी आवाज सुनने के बजाय उन्हें दिल्ली में हिरासत का सामना करना पड़ा। सैलजा ने प्रदेश सरकार की मंत्री रेखा आर्या पर उनके पति द्वारा भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए जाने पर कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। उन्होंने सवाल किया कि रेखा आर्या को पद से क्यों नहीं हटाया गया और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उन्हें क्यों बचा रहे हैं? उन्होंने यह भी पूछा कि क्या इस भ्रष्टाचार में मुख्यमंत्री की भी कोई हिस्सेदारी है? गणेश गोदियाल और यशपाल आर्य ने भी सवाल किया कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में वीआईपी की पहचान और उसकी भूमिका उजागर करने के लिए जांच क्यों नहीं की गई। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि अंकिता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर कांग्रेस पिछले कई वर्षों से सड़क से सदन तक आवाज उठा रही है। गोदियाल और आर्य ने कहा कि उत्तराखंड में जंगलराज व्याप्त है तथा अपराधियों और सरकार के बीच गठजोड़ बन चुका है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामले में उत्तराखंड पहले पायदान पर है और भ्रष्टाचार ने सभी हदें पार कर दी हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मंत्री रेखा आर्या के पति ने आरोप लगाया है कि उनकी पत्नी के पास 210 करोड़ रुपये की बेनामी संपत्ति और एक कंपनी में 80 प्रतिशत हिस्सेदारी है। उन्होंने पूछा कि ईडी, आयकर विभाग और सीबीआई इस मामले में क्या कर रही हैं? वरिष्ठ नेताओं ने बताया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा 27-28 अक्टूबर को आयोजित होने वाले विधानसभा सत्र से पहले अंकिता भंडारी हत्याकांड, प्रदेश में बढ़ते भ्रष्टाचार, महिला अपराधों और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदेशभर में यात्रा निकाली जाएगी। साथ ही सत्र के दौरान विधानसभा का घेराव भी किया जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उत्तराखंड के लोगों को न्याय दिलाने और उनके हक की लड़ाई में पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा।

सब्सिडी और खाद-बीज की सूचनाएं भी रहेंगी

शिवराज ने लॉन्च किया पोर्टल मोबाइल पर खेती की जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एजेंसी, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को किसानों के लिए



संशोधित एग्री वेलफेयर पोर्टल का शुभारंभ किया। इसका उद्देश्य सरकारी यो ज ना ओं , आर्थिक सहायता और खेती-किसानी से जुड़ी जरूरी जानकारियां सीधे किसानों के मोबाइल तक पहुंचाना है। इससे किसानों को जानकारी और आवेदन के लिए अलग-अलग सरकारी दफ्तरों और वेबसाइटों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि सरकार हर समय आम नागरिकों और किसानों के लिए मोबाइल पर उपलब्ध रहे। तकनीक का लाभ तभी है, जब वह खेत-खलिहान तक पहुंचे और किसानों का जीवन आसान बनाए। पोर्टल पर पीएम-किसान, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और एग्रीस्टैक जैसी पहलों से जुड़ी सेवाओं के लिए साझा मंच उपलब्ध होगा।

जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन का मामला

स्क्रीनिंग में दिखी संदिग्ध वस्तु पुलिस ने पकड़ लिया आरोपी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन पर सोमवार को बैगेज स्क्रीनिंग के दौरान एक एनआरआई के पास से



अंडरगारमेंट में छिपाया गया अज्ञात पदार्थ मिला। एक्स-रे बैगेज जांच मशीन में संदिग्ध वस्तु दिखाई देने के बाद यात्री ने भागने की कोशिश की, लेकिन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने पीछा कर उसे निकास द्वार के पास पकड़ लिया। जानकारी के मुताबिक, मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों के सामान की नियमित जांच के दौरान एक्स-रे मशीन की स्क्रीन पर संदिग्ध वस्तु नजर आई। इसके बाद सतर्क जवानों ने यात्री को रोकने की कोशिश की, लेकिन वह वहां से भागने लगा। सीआईएसएफ कर्मियों ने तत्काल उसका पीछा किया और उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके अंडरगारमेंट के सिले हुए हिस्से में अज्ञात पदार्थ छिपा मिला। यात्री ने खुद को मलेशिया के कुआलालंपुर में रहने वाला एनआरआई बताया।

मासिक धर्म स्वच्छता पर जवाब नहीं देने का मामला

राज्यों को सुप्रीम कोर्ट की फटकार कहा- मौलिक अधिकार से जुड़ा फैसला कागजों तक सीमित न रहे

केंद्र से जानकारी मांगने पर भी राज्यों ने नहीं दिया जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मासिक धर्म स्वच्छता को मौलिक अधिकार का हिस्सा घोषित करने के फैसले पर अमल



की जानकारी नहीं देने पर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रति नाराजगी जताई है। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने सवाल किया कि जब केंद्र सरकार जानकारी मांगती है, तो राज्य जवाब क्यों नहीं देते। अदालत ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से लिखित में जानकारी मांगे कि फैसले को लागू करने के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई 14 नवंबर को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने 30 जनवरी को दिए फैसले में कहा था कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार में मासिक धर्म से जुड़े स्वास्थ्य और स्वच्छता का अधिकार भी शामिल है। एक सितंबर को अदालत ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को फैसले के क्रियान्वयन में सामने आई कमियों को दूर कर अगली सुनवाई तक रिपोर्ट देने का निर्देश दिया था। 13 अक्टूबर को सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने बताया था कि केंद्र ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से इस संबंध में जानकारी मांगी है।

70 मिनट में हुए थे 21 धमाके

एक और दोषी की मौत की सजा पर सुप्रीम रोक अहमदाबाद ब्लास्ट में गई थी 56 लोगों की जान

आचरण और मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन की रिपोर्ट आठ सप्ताह में मांगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 2008 के अहमदाबाद सीरियल बम धमाकों के दोषी मोहम्मद तनवीर की मौत की सजा पर रोक लगा दी है। इन धमाकों में 56 लोगों की मौत हुई थी और 200 से अधिक लोग घायल हुए थे। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस अपरेश कुमार सिंह की पीठ ने तनवीर की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। उसने गुजरात हाईकोर्ट के सात जुलाई के फैसले को चुनौती दी है। मामले की अगली सुनवाई 12 सप्ताह बाद होगी। शीर्ष अदालत ने संबंधित अधिकारियों को आठ सप्ताह के भीतर तनवीर से जुड़ी परिवीक्षा अधिकारियों की रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। जेल अधीक्षक को उसके आचरण और जेल में


फाइल फोटो

किए गए काम का विवरण भी देना होगा। इसके अलावा सरकारी मेडिकल अस्पताल से उसका मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन कराकर रिपोर्ट अदालत में पेश करने को कहा गया है। 26 जुलाई 2008 को अहमदाबाद के विभिन्न इलाकों में 70 मिनट के भीतर 21 बम धमाके हुए थे। इनमें 56 लोगों की मौत हुई थी।

अदालतों में पहुंचा विरोध प्रदर्शनों का मामला

प्रदर्शन मौलिक अधिकार, लेकिन शांति भंग की आशंका पर कार्रवाई भी जरूरी: बॉम्बे हाईकोर्ट

सीजेपी प्रवक्ताओं की दो दिन की न्यायिक हिरासत बढ़ी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

देश में विरोध प्रदर्शनों और उनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई को लेकर कानूनी लड़ाई तेज हो गई है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन को मौलिक अधिकार बताते हुए कहा है कि पुलिस कार्रवाई पर रोक लगाने से पहले प्रदर्शनकारियों की पृष्ठभूमि और आम जनता को होने वाली असुविधा पर भी विचार जरूरी है। वहीं, ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आईसा) की अध्यक्ष नेहा बोरा ने शांति बनाए रखने के लिए 10 हजार रुपए का व्यक्तिगत बांड भरने के नोटिस को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। दूसरी ओर, दिल्ली की विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट अदालत ने सीजेपी के प्रवक्ताओं सौरव दास और आशुतोष रांका की न्यायिक हिरासत दो दिन बढ़ा दी है।

नेहा बोरा ने 10 हजार के बांड वाले नोटिस पर दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी

बॉम्बे हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

बॉम्बे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अद्वैत सेठना की पीठ ने महाराष्ट्र सरकार को उन याचिकाओं पर जवाब देने का निर्देश



दिया, जिनमें मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान पुलिस पर अवैध हिरासत के आरोप लगाए गए हैं। अदालत ने कहा कि हर व्यक्ति को शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार है, लेकिन प्रदर्शन की आड़ में आपराधिक गतिविधियां नहीं होनी चाहिए।

नेहा ने दी चुनौती

आईसा अध्यक्ष नेहा बोरा ने दिल्ली पुलिस की ओर से जारी उस नोटिस



को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें उन्हें 10 हजार रुपए का व्यक्तिगत बांड और जमानतदार प्रस्तुत करने तथा जांच के दौरान शांति बनाए रखने को कहा गया है।

प्रवक्ताओं की हिरासत बढ़ी

दिल्ली की विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट अदालत ने सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास और आशुतोष



रांका की हिरासत दो दिन बढ़ा दी है। दोनों 14 अक्टूबर से तिहाड़ जेल में बंद हैं और उनकी पांच दिन की हिरासत 19 अक्टूबर को समाप्त हो रही थी।

भारत के बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में आ सकती है कठिनाई

चीन ने भारत की राह में खड़ी की मुश्किल ? टनल बनाने वाली मशीनों पर लगाई रोक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नए प्रतिबंध 18 नवंबर 2026 से लागू होंगे

चीन ने ऐसा कदम उठाया है, जिससे भारत के बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। बीजिंग ने टनल बनाने वाली मशीनों समेत कई अहम उपकरणों के निर्यात पर नए प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया है। इन मशीनों का इस्तेमाल मेट्रो नेटवर्क, हाई-स्पीड रेल और सीमा क्षेत्रों में सुरंग बनाने के लिए होता है। ऐसे में चीन का यह फैसला भारत के लिए चिंता बढ़ाने वाला है। नए प्रतिबंध 18 नवंबर 2026 से लागू होंगे।

मशीनों का उपयोग मेट्रो नेटवर्क, हाई-स्पीड रेल व सुरंग बनाने में होता है

चीन के नए निर्यात नियंत्रण में टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) और उनसे जुड़े उपकरण शामिल हैं। इन मशीनों की मदद से जमीन के नीचे लंबी सुरंगें बनाई जाती हैं। मेट्रो रेल नेटवर्क के विस्तार से लेकर रेलवे और सीमावर्ती इलाकों में सड़क कनेक्टिविटी बेहतर बनाने तक, कई परियोजनाओं में इनकी जरूरत पड़ती है।

पहले भी भारत के लिए मशीनों की सप्लाई में आई थी अड़चन

यह पहली बार नहीं है जब भारत को चीन से टनल बोरिंग मशीनें हासिल करने में परेशानी का सामना करना पड़ा हो। साल 2024 में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने जर्मनी के तत्कालीन उपकुलपति रॉबर्ट हाबेक के सामने यह मुद्दा उठाया था। उन्होंने बताया था कि चीन में मशीनें बनाने वाली एक जर्मन कंपनी को भारत के लिए इनका निर्यात करने की अनुमति नहीं मिल रही थी। इस पुराने मामले के बीच अब चीन की ओर से नए प्रतिबंधों का ऐलान भारत की चिंता बढ़ा सकता है। खासकर उन परियोजनाओं के लिए, जहां ऐसी मशीनों और उनके विशेष पुर्जों की जरूरत होती है।



कई दूसरे उपकरण भी निशाने पर

चीन ने वॉकिंग एक्सकेवेटर और ऊंचाई वाले पहाड़ी इलाकों में इस्तेमाल होने वाली वेट शॉटक्रीट मशीनों को भी प्रतिबंधों के दायरे में रखा है। ये उपकरण मुश्किल जमीन पर खुदाई करने और सुरंगों में कंक्रीट का मिश्रण छिड़कने के काम आते हैं। इसके अलावा, समुद्र और नदियों से रेत, गाद और दूसरे ठोस पदार्थ निकालने वाली ड्रेजिंग मशीनों के कुछ खास पुर्जों पर भी निर्यात नियंत्रण लगाया गया है। इन उपकरणों की जरूरत बंदरगाहों के निर्माण और जलमार्गों को गहरा करने जैसी परियोजनाओं में पड़ती है।

चीन ने राष्ट्रीय सुरक्षा का दिया हवाला

चीन के वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, इन उपकरणों के निर्यात के लिए कंपनियों को लाइसेंस लेना होगा। निर्यातकों को मशीनों की तकनीकी जानकारी और संबंधित नियंत्रण कोड भी घोषित करने होंगे। दस्तावेजों की जांच के दौरान खेप की आपूर्ति रोकी जा सकती है। चीन ने इस फैसले के पीछे राष्ट्रीय सुरक्षा और अपने हितों को वजह बताया है। हालांकि, भारत पर इसके संभावित असर को देखते हुए यह सवाल अहम हो गया है कि अगर चीन से जरूरी मशीनों की सप्लाई प्रभावित होती है, तो भारत अपने बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की रफ्तार बनाए रखने के लिए क्या वैकल्पिक इंतजाम करेगा।

नेपाल के खाद्य विभाग ने बिस्कुट को घटिया गुणवत्ता का बताया

नेपाल ने 'प्रियागोल्ड' बिस्कुट के आयात और बिक्री पर लगाई रोक

एजेंसी ▶▶| काठमांडू



नेपाल के अधिकारियों ने भारतीय कंपनी सूर्या फूड एंड एग्रो लिमिटेड के प्रियागोल्ड बिस्कुट के आयात, बिक्री और वितरण पर प्रतिबंध लगा दिया है। नेपाल के खाद्य प्रौद्योगिकी एवं गुणवत्ता नियंत्रण विभाग ने सोमवार को जारी एक नोटिस में भारत की सूर्या फूड एंड एग्रो लिमिटेड के प्रियागोल्ड बिस्कुट को घटिया गुणवत्ता वाला बताते हुए उसके आयात, बिक्री एवं वितरण पर रोक लगा दी।

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने प्रियागोल्ड बिस्कुट बनाने में पशु आहार में इस्तेमाल होने वाले चोकर का उपयोग करने और अन्य गंभीर उल्लंघनों के मामले में सूर्या फूड एंड एग्रो के खिलाफ अभियोजन के लिए कानूनी कार्रवाई शुरू की है।

एफएसएसएआई ने कहा कि सूर्या फूड एंड एग्रो के निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता में गंभीर खामियां पाई गईं। नेपाल के खाद्य प्रौद्योगिकी एवं गुणवत्ता नियंत्रण विभाग ने एफएसएसएआई की ओर से जारी नोटिस के आधार पर प्रियागोल्ड बिस्कुट के आयात एवं बिक्री पर रोक लगाई है। एफएसएसएआई ने सूर्या फूड एंड एग्रो का लाइसेंस भी निलंबित कर दिया है।

नोटिस में कहा गया कि विभाग के महानिदेशक संजीव कुमार कर्ण ने ऑनलाइन माध्यम से आपात बैठक की। इसमें मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा और उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रियागोल्ड बिस्कुट पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया गया।

बिक्री व वितरण रोकने का आग्रह

नेपाल के खाद्य प्रौद्योगिकी एवं गुणवत्ता नियंत्रण विभाग ने संबंधित सभी निकायों, कारोबारियों और उपभोक्ताओं से आगे से इन बिस्कुट का आयात नहीं करने और उनकी बिक्री तथा वितरण रोकने का आग्रह किया है।

त्योहारी मांग से सोना 400 रुपए मजबूत

नई दिल्ली। दिल्ली के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें 400 रुपये बढ़कर 1.50 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। दशहरा से पहले त्योहारी मांग बढ़ने और वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख से बहुमूल्य धातु की कीमतों को समर्थन मिला। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव शुक्रवार के 1,49,900 प्रति 10 ग्राम से 400 रुपये बढ़कर 1,50,300 रुपये हो गया।

यूनियन बैंक का लाभ 31% बढ़कर 5781 करोड़ रुपए



मुंबई। सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 31 प्रतिशत बढ़कर 5,781 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की समान (जुलाई-सितंबर) तिमाही में 4,425.95 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने सोमवार को बयान में कहा कि एकल आधार पर बैंक का शुद्ध लाभ जुलाई-सितंबर तिमाही में 30.32 प्रतिशत बढ़कर 5,537.20 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 4,249.08 करोड़ रुपये था।

बैंकों के शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 876 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- निफ्टी 22,900 अंक के नीचे फिसला



निजी बैंकों में भारी बिकवाली और कमजोर वैश्विक रुख के चलते शेयर बाजार में दो कारोबारी सत्रों की तेजी के बाद सोमवार को जोरदार गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स 876.37 अंक लुढ़क गया, जबकि निफ्टी फिसलकर 22,888.95 अंक पर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 876.37 अंक टूटकर 73,852.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,020.73 अंक तक टूटकर 73,708.54 अंक पर आ गया था। निफ्टी भी 257.20 अंक गिरावट के साथ 22,888.95 अंक पर आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों में एक्सिस बैंक का शेयर सबसे अधिक 3.85 प्रतिशत टूटा। इसके अलावा अल्ट्राटेक सीमेंट, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, एनटीपीसी और एचडीएफसी बैंक नुकसान में रहने वाले प्रमुख शेयर में शामिल रहे। निजी बैंकों के सितंबर तिमाही के वित्तीय नतीजे निवेशकों को उत्साहित करने में विफल रहे। एचडीएफसी बैंक का शेयर दो प्रतिशत से अधिक टूट गया। दूसरी ओर, अदाणी पोर्ट्स, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), लार्सन एंड टुब्रो, इंटरग्लोब एविएशन और मारुति सुजुकी इंडिया के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

जूस पर भ्रामक दावों के लिए स्टोरिया पर कार्रवाई शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने अनार के जूस के लेबल पर भ्रामक दावे के मामले में स्टोरिया फूड्स एंड बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ 'न्यायनिर्णय' की कार्यवाही को मंजूरी दी है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि स्टोरिया जूस (अनार) में चार प्रतिशत अनार का गाढ़ा रस और 12 प्रतिशत सेब का गाढ़ा रस है, लेकिन इसके नाम और तस्वीर से उपभोक्ताओं

कंपनी ने अनार के जूस पर भ्रामक जानकारी का लेबल लगाया

को उत्पाद की वास्तविक संरचना के बारे में गलत धारणा हो सकती है। नियामक ने कहा कि उत्पाद के लेबल पर यह स्पष्ट रूप से नहीं बताया गया था कि जूस गाढ़े रस से दोबारा तैयार किया गया है, जबकि संबंधित नियमों के तहत ऐसा करना जरूरी है। इसके अलावा, उत्पाद पर किया गया '100 प्रतिशत फलों के जूस के बराबर (दोबारा तैयार किया गया)' का दावा भी संबंधित परामर्श के अनुरूप नहीं पाया गया। पैकेट के सामने 'अतिरिक्त चीनी नहीं' का दावा प्रमुखता से लिखा गया था, जबकि पीछे 'फलों में प्राकृतिक रूप से मौजूद चीनी शामिल है' की जानकारी कम प्रमुखता से दी गई थी।

पुनेरी क्रीम रोल को भी नोटिस

एक अन्य पोस्ट में नियामक ने बताया कि क्रैनबेरी अर्क उत्पाद पर भ्रामक दावे करने के मामले में हेल्दीहे फूड्स एलएलपी को नोटिस जारी किया गया है। बेकलाइट फूड प्रोसेसिंग को उसके उत्पाद 'पुनेरी क्रीम रोल' के लेबल और विज्ञापन में भ्रामक दावे करने के मामले में भी नोटिस दिया गया है।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष



सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

भारत की 'ऑटो टेक' कंपनियों ने अबतक जुटाए 1.3 अरब डॉलर

नई दिल्ली। भारत की वाहन प्रौद्योगिकी (ऑटो टेक) क्षेत्र की कंपनियों ने इस साल अबतक 97 निवेश दौर में 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं। डेटा विश्लेषण मंच 'ट्रैक्सन' की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

डेटा विश्लेषण कंपनी ट्रैक्सन ने जारी की रिपोर्ट

रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान सबसे अधिक निवेश ऑनलाइन बुकिंग पर कैब सेवा देने वाली कंपनी रैपिडो ने जुटाया। उसे 24 करोड़ अमेरिकी डॉलर मिले। इसके बाद इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन विनिर्माता सिंपल एनर्जी ने 18 करोड़ अमेरिकी डॉलर और रिवर ने 10.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए। 'इंडिया ऑटो टेक-2026 वाईटीडी' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय वाहन प्रौद्योगिकी कंपनियों ने 2026 में अबतक 97 दौर में 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं। इसकी तुलना में 2025 में 195 दौर में 2.1 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाए गए थे। निवेश के इन आंकड़ों में केवल इक्विटी के जरिये जुटाई गई राशि शामिल है।

फोनपे ने शेयरडॉटमार्केट को 'फोनपे इन्वेस्ट' के रूप में किया पेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

डिजिटल भुगतान एवं वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी फोनपे ने अपने निवेश एवं कारोबार मंच शेयरडॉटमार्केट को फोनपे इन्वेस्ट के रूप में पेश करने की सोमवार को घोषणा की। इसके साथ ही यह मंच फोनपे ब्रांड के तहत आ गया है। कंपनी ने कहा कि शेयरडॉटमार्केट से फोनपे इन्वेस्ट में बदलाव के जरिये शोध आधारित संपत्ति प्रबंधन सेवाओं को फोनपे के एकीकृत वित्तीय प्रणाली में शामिल किया गया है। इसमें भुगतान, कर्ज और बीमा सेवाएं भी शामिल हैं। इससे कंपनी की संपत्ति प्रबंधन सेवाएं अधिक लोगों तक पहुंच सकेंगी और फोनपे के बड़े एवं विविध उपयोगकर्ता आधार के लिए निवेश करना आसान होगा। कंपनी बयान के अनुसार, निवेश से जुड़े लेनदेन तक सीमित रहने के बजाय 'पोर्टफोलियो ऑप्टिमाइजर' निवेश की पूरी यात्रा में मदद करता है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

84—भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता—2023

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सन्नो पत्नी अमजद पता** मकान नं. ई–57/ए–375, झुग्गी प्रथम तल सुंदर नगरी नंद दिल्ली ने **एफआईआर संख्या 62/2020 धारा 135 भारतीय विद्युत अधिनियम के तहत** थानाः नंद नगरी, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सन्नो** मिल नहीं रही है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सन्नो** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 62/2020 धारा 135 भारतीय विद्युत अधिनियम के तहत थाना नंद नगरी, दिल्ली के उक्त सन्नो** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.01.2027** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
आशीष रस्तोगी
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश–05
कमरा नं. 21, पहली मंजिल
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/14636/NE/2026

राशिफल

मेष वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

वृष धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

मिथुन माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

कर्क आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शिक्षा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

सिंह पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

कन्या स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा ।पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं।

तुला वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृश्चिक शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

धनु कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

मकर कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

कुंभ कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

मीन दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

जियो आईपीओ पर टूट पड़े संस्थागत निवेशक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंबई

संस्थागत निवेशकों ने 2.5 लाख करोड़ की बोलियां लगाई

जियो प्लेटफॉर्म्स के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए संस्थागत निवेशकों ने करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये की बोलियां लगाई हैं। कंपनी में हिस्सेदारी लेने के इच्छुक निवेशकों में वैश्विक परिसंपत्ति प्रबंधक, सरकारी निवेश कोष, घरेलू म्यूचुअल फंड और बीमा कंपनियां शामिल हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज की यह अनुषंगी कंपनी शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने की तैयारी कर रही है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के पास जियो प्लेटफॉर्म्स की 66.43 प्रतिशत हिस्सेदारी है। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि कंपनी की 8,110 करोड़ रुपये की 'एंकर बुक' के लिए पेशकश की गई राशि के मुकाबले 30 गुना से अधिक बोलियां मिली।

निवेश कंपनियों में ब्लैकरॉक कैपिटल शामिल

संस्थागत निवेशकों की ओर से दिखाई गई इस रुचि से दूरसंचार एवं डिजिटल सेवाओं के कारोबार में निवेश की उनकी मजबूत दिलचस्पी का पता चलता है। सूत्रों ने बताया कि 'एंकर बुक' श्रेणी के लिए बोलियां लगाने वाली वैश्विक निवेश कंपनियों में ब्लैकरॉक, कैपिटल ग्रुप, फिडेलिटी इन्वेस्टमेंट्स, टी. रो प्राइस, श्रोडर्स, जेपी मॉर्गन एसेट मैनेजमेंट, फ्रैंकलिन टेम्पलटन, इनवेस्को और जेनस हेंडरसन शामिल हैं।



अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राम, पुत्र स्व. दीपक निवासी मकान नंबर 33, गली नंबर 08, शिव विहार, करावल नगर, दिल्ली** ने **सीआर. केस 16405/2022, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 12889/2020 भा.द.सं. की धारा 379/411 के तहत, थाना वज़ीराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **राम** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **राम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि सीआर. केस 16405/2022, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 12889/2020 भा.द.सं. की धारा 379/411 के तहत, थाना वज़ीराबाद, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **26.11.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
आकाश मोहन सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–12 (केन्द्रीय)
कमरा नं.264, दूसरी मंजिल, तीस हजारी कोर्ट्स, दिल्ली

DP/15037/N/2026

शब्द पहेली - 6383



बाएँ से दाए-

1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

ऊपर से नीचे

2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

शब्द पहेली -6382 का हल

	अ	ल	ख			मु	स्का	न
ग	ज़ा		रा	त	की	रा	नी		बी	च
ल			ब	ल		ह	म			म
त	न	खा		ना	मि	त		र	ह	न
	र	ज	नी		ब्र		क	स	म	
	क		ड	ल		दा	म		ब	
	गा	फि	ल		पा		ला	न	त	
स	मी	र		सु	रा	ही		म	न	न
म			म	म		न	र			र
य	क्ष		हा	ति	म	ता	ई		आ	म
	मा	लि	न				स	ई	स	



बिना हाथों के तीरंदाजी का जादुई कमाल, शीतल देवी ने की विश्व रिकॉर्ड की बराबरी

एजेंसी ▶▶| नागोया

भारतीय तीरंदाज शीतल देवी ने एशियाई पैरा खेलों में महिला कंपाउंड क्वालीफाइंग राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की और फिर तोमन कुमार के साथ मिलकर मिश्रित टीम स्पर्धा में एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया।

भुजाहीन शीतल कंपाउंड धनुष को सही स्थिति में लाने के लिए अपने पैरों और डोरी को खींचने और छोड़ने के लिए अपने कंधे और जबड़े का इस्तेमाल करती है। उन्होंने महिला कंपाउंड रैंकिंग राउंड में 720 में से 704 अंक हासिल करके विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की और नया एशियाई रिकॉर्ड बनाया। इसके बाद उन्होंने तोमन के साथ मिलकर कंपाउंड मिश्रित टीम रैंकिंग राउंड में 1402 अंक बनाकर 1400 के पिछले रिकॉर्ड को पार किया। तोमन ने पुरुषों के कंपाउंड क्वालीफाइंग में 698 अंक हासिल किए। पिछला मिश्रित टीम विश्व रिकॉर्ड भी शीतल ने ही बनाया था, हालांकि उस समय उनकी टीम में राकेश कुमार थे।



एशियाई पैरा खेल

निषाद ने लंबी कूद में जीता गोल्ड

निषाद कुमार ने एशियाई पैरा खेलों में पुरुषों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता की लंबी कूद टी47 स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले एशियाई पैरा खेलों में भी ऊंची कूद की टी47 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने मौजूदा खेलों की पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता के पहले दिन लंबी कूद में अपने तीसरे और पांचवें दोनों प्रयासों में 7.11 मीटर की छलांग लगाई। दिलचस्प बात यह है कि वह पहली बार लंबी कूद में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे।



निशानेबाज मोना ने जीता स्वर्ण

मोना अग्रवाल ने फाइनल में शानदार वापसी करते हुए अपनी हमवतन अवनि लेखरा को पछाड़कर महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच1) स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया, जिससे भारत ने शीर्ष दो स्थान हासिल कर एशियाई पैरा खेलों की पदक तालिका में खाता खोला। पेरिस पैरालंपिक 2024 की कांस्य पदक विजेता मोना ने छठे स्थान से वापसी करते हुए 250.0 अंक के साथ एशियाई पैरा खेलों का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने दो बार की पैरालंपिक चैंपियन अवनि को महज 0.4 अंक से पछाड़ा। गत चैंपियन के तौर पर उतरीं 24 वर्षीय अवनि को 249.6 अंकों के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

भाला फेंक में रिंकू को स्वर्ण

रिंकू ने सोमवार को यहां एशियाई पैरा खेलों की पुरुषों की भाला फेंक एफ46 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि उनके हमवतन अजीत सिंह ने रजत पदक हासिल किया। रिंकू ने 65.11 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने अजीत को महज नौ सेंटीमीटर के अंतर से पीछे छोड़ा। अजीत ने 65.02 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता।





दृष्टिबाधित जूडो में 2 पदक

भारत के दृष्टिबाधित जूडो खिलाड़ियों ने सोमवार को एशियाई पैरा खेलों में दो पदक जीते, जिसमें कोकिला ने महिलाओं के जे2-52 किग्रा वर्ग में रजत पदक जबकि कपिल परमार ने पुरुषों के जे1-70 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। कोकिला को फाइनल में किर्गिस्तान की ऐबिके उलानबेक काइजी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। कपिल को सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के जुनेदी के खिलाफ 0-1 से हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद उन्होंने कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बनाई।

हरियाणा के लिए अजीत चहल और अमन कुमार ने 3-3 विकेट झटके

हरियाणा का रणजी में कमाल : दो दिन में चंडीगढ़ को रौंदा, निशांत-यशवर्धन चमके

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रोहतक

रोहतक के चौधरी बंसी लाल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए रणजी ट्रॉफी मुकाबले में मेजबान हरियाणा ने चंडीगढ़ पर पारी और 24 रन से धमाकेदार जीत दर्ज की। गेंदबाजों और बल्लेबाजों के ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर हरियाणा ने यह मैच महज दो दिनों में अपने नाम कर लिया। इस दौरान पिच का ऐसा मिजाज दिखा कि दो दिन में ही कुल 30 विकेट गिर गए।

चंडीगढ़ की पहली पारी और हरियाणा की बढ़त

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चंडीगढ़ की पूरी टीम हरियाणा के घातक आक्रमण के आगे मात्र 103 रनों पर ढेर हो गई। हरियाणा के लिए अजीत चहल और अमन कुमार ने 3-3 विकेट झटके। इसके जवाब में हरियाणा ने अपनी पहली पारी में शानदार प्रदर्शन करते हुए 245 रन बनाए और 142 रनों की मजबूत बढ़त हासिल की। सलामी बल्लेबाज यशवर्धन दलाल ने बेहतरीन 95 रन और ऑलराउंडर निशांत सिंधु ने धैर्यपूर्ण 92 रनों की अर्धशतकीय पारियां खेलकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।



फॉलोऑन और निशांत की फिरकी का जादू

पहली पारी में भारी भरकम अंतर से पिछड़ने के बाद फॉलोऑन खेलने उतरी चंडीगढ़ की दूसरी पारी भी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई और पूरी टीम महज 118 रनों पर सिमट गई। चंडीगढ़ की ओर से मनन वोहरा ने सर्वाधिक 47 रन बनाए। रोहतक के स्टार स्पिनर निशांत सिंधु ने अपनी फिरकी का शानदार जादू दिखाते हुए 6 विकेट झटके, जबकि कनिष्क चौहान ने 3 शिकार किए। चौधरी बंसीलाल स्टेडियम की पिच ने गेंदबाजों को जमकर मदद की। पिच के इसी रंग और गेंदबाजों के खूंखार प्रदर्शन के चलते यह रोमांचक मुकाबला सिर्फ दो दिनों में ही समाप्त हो गया और कुल 30 विकेट गिर गए।

सुतार ने खेली 400 रन की नाबाद पारी



सोविमा। मिजोरम के चिन्मय सुतार ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 400 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बनकर इतिहास रच दिया। सुतार ने यह दुर्लभ उपलब्धि नागालैंड के खिलाफ रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप मैच के दूसरे दिन हासिल की। इस मुकाम पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज भाऊसाहेब बाबासाहेब निंबालकर थे, जिन्होंने 1948 में महाराष्ट्र की तरफ से खेलते हुए काठियावाड़ के खिलाफ नाबाद 443 रन बनाए थे। मिजोरम की टीम से जुड़ने से पहले मुंबई की तरफ से विजय हजारे ट्रॉफी खेल चुके सुतार 400 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी पारी में 517 गेंद का सामना करके 46 चौके और 7 छक्के लगाए। मिजोरम ने अपनी पहली पारी नौ विकेट 581 रन पर समाप्त घोषित की। जब सुतार 231 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे, तभी आखिरी बल्लेबाज लालरेमपुइया छकछुआक उनके साथ बल्लेबाजी करने के लिए क्रीज पर आए। उस समय मिजोरम का स्कोर 392 था। सुतार ने उनके साथ दसवें विकेट के लिए 189 रन की साझेदारी की। इसमें सुतार का योगदान 169 रन का रहा। लालरेमपुइया 14 रन बनाकर नाबाद रहे।

महिला क्रिकेट

जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरा और अंतिम टी20 मैच आज



एजेंसी ▶▶| रायपुर

शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लय में लौटने के बाद उत्साह से लबरेज भारतीय महिला क्रिकेट टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ मंगलवार को होने वाले तीसरे अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने और 3-0 से क्लीन स्वीप करने का लक्ष्य लेकर मैदान पर उतरेगी।

मंधाना का फॉर्म में लौटना भारत के लिए बड़ा सकारात्मक पहलू है क्योंकि वह फरवरी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले लय बनाए रखना चाहेंगी। मंधाना और शेफाली की सलामी जोड़ी एक बार फिर मजबूत शुरुआत देकर जिम्बाब्वे के गेंदबाजी आक्रमण पर दबाव बनाने की कोशिश करेगी।

भारत ने तीसरे नंबर पर जेमिमा रोड्रिग्स के चोटिल हो जाने के कारण अनुष्का शर्मा को मौका दिया लेकिन यह 23 वर्षीय खिलाड़ी पहले मैच में केवल चार रन बना पाई थी जबकि दूसरे मैच में उन्हें खेलने का खास मौका नहीं मिला। अब वह मौका मिलने पर अपनी छाप छोड़ने की पूरी कोशिश करेगी।

पहली जीत की तलाश में जिम्बाब्वे

जिम्बाब्वे ने सितंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ ऐतिहासिक पहली वनडे जीत के बाद इस श्रंखला में प्रवेश किया, लेकिन उसकी टीम अब भी टी20 में 2026 में अपनी पहली जीत की तलाश में हैं। उसे इस साल अपने सभी 20 मैच में हार का सामना करना पड़ा है। जिम्बाब्वे को उम्मीद होगी कि सलामी बल्लेबाज केलिस नधलोवु उसे मजबूत शुरुआत देंगी। गेंदबाजी में उसका दारोमदार ऑफ स्पिनर न्याशा त्वांजुरा पर रहेगा, जिन्होंने पहले मैच में तीन विकेट लेकर भारतीय शीर्ष क्रम को झकझोर दिया था।

खबर संक्षेप



एलिना स्वितोलिना ने तोड़ा विवाह बंधन

पेरिस। एलिना स्वितोलिना ने साथी टेनिस खिलाड़ी गेल मोनफिल्स के साथ विवाह बंधन खत्म करने की घोषणा की। यूक्रेन की विश्व में छठे नंबर की खिलाड़ी स्वितोलिना ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा, 'यह अब तक का सबसे मुश्किल फैसला है, जिसे मुझे साझा करना पड़ रहा है।' स्वितोलिना ने अपने देश में जंग के कारण उनके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले भावनात्मक प्रभाव के बारे में बात की। उन्होंने यह भी बताया कि जब उन्होंने ठीक होने के लिए टेनिस से ब्रेक लिया तो मोनफिल्स ने उनकी कैसे मदद की। उन्होंने कहा, लेकिन कुछ जंग आप अपने अंदर खुद ब खुद लड़ते हैं और किसी और के प्यार से उन्हें जीता नहीं जा सकता। समय के साथ मुझे समझ आया कि मुझे खुद अपने लिए रास्ता तैयार करना होगा और ऐसा मैं वैवाहिक जीवन के साथ नहीं कर सकती।' मोनफिल्स और स्वितोलिना की एक बेटी है।

28 को डब्ल्यूपीएल की नीलामी

नई दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज कमलिनी, स्नेह राणा, सोफी मोलिन्यू और श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू उन 146 खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें 28 अक्टूबर को कोच्चि में होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी सूची में रखा गया है। लीग के 2027 सत्र से पहले उपलब्ध 27 स्थानों के लिए इन खिलाड़ियों पर बोली लगेगी।

बैडमिंटन टूर्नामेंट

आज से फ्रेंच ओपन, सिंधू की वापसी पर नजर



एजेंसी ▶▶| पेरिस

अनुभवी पीवी सिंधू की अगुवाई में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हाल के अपने खराब प्रदर्शन को पीछे छोड़कर मंगलवार से शुरू होने वाले 950,000 अमेरिकी डॉलर इनामी फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगे।

सिंधू महिला एकल के पहले दौर में दक्षिण कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त आन से यंग का सामना करेंगी, जबकि पुरुष एकल में छठी वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन पहले मुकाबले में जापान के कोदाई नाराओका से भिड़ेंगे।



श्रीकांत-आयुष शेट्टी में मुकाबला

पुरुष एकल में किदाम्बी श्रीकांत का पहला मुकाबला हमवतन आयुष शेट्टी से होगा। पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी एशियाई खेलों के पहले दौर में बाहर हो गए थे। फ्रेंच ओपन में उनका सामना फ्रांस के दो भाइयों क्रिस्टो पोपोव और टोमा जूनियर पोपोव से होगा।

त्रीसा-गायत्री की भिड़ंत चुन और युन से

महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी पहले दौर में ताइवान की लिन चिह-चुन और यांग चू युन से भिड़ेगी। महिला एकल में भारत की दो उभरती हुई खिलाड़ी तन्वी शर्मा और इशारानी बरुआ पहले दौर में एक-दूसरे का सामना करेंगी। अश्मिता चालिहा चीन की हान कियान शी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी, जबकि उन्नति हुडा का सामना जापान की रिको गुंजी से होगा। देविका सिहाग पहले दौर में इंडोनेशिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी का सामना करेगी।

अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप तीन खिलाड़ियों ने जीते कांस्य पदक

लास वेगास। रोहित, जसकरण सिंह और चंद्रमोहन ने अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अपने-अपने भार वर्गों में कांस्य पदक जीते, जिससे भारत ने प्रतियोगिता का समापन छह पदकों के साथ किया। रोहित ने 57 किग्रा रेपेशाज दौर में मोल्दोवा के इयोन बुलगारू को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 12-2 से हराया। इसके बाद उन्होंने कांस्य पदक के मुकाबले में आर्मेनिया के आर्मन हारुत्युनयान को 8-3 से शिकस्त दी। रोहित ने इससे पहले जमैका के इरी अलेक्जेंडर जैक्सन को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराकर अपने अभियान की शुरुआत की थी। हालांकि, उन्हें प्री-क्वार्टर फाइनल में तुर्किये के बेकीर केसेर के खिलाफ 6-10 से हार का सामना करना पड़ा। सेमीफाइनल में हारने वाले जसकरण (65 किग्रा) ने बेलारूस के मागोमेदखान मागोमेदखानोव को 8-5 से हराकर भारत की पदक संख्या में इजाफा किया।



हांगकांग सिक्सेस : गुलबदीन नायब की कप्तानी में अफगानिस्तान टीम घोषित



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अफगानिस्तान ने हांगकांग सिक्सेस 2026 के लिए गुलबदीन नायब की कप्तानी में सात सदस्यों की एक अनुभवी टीम का ऐलान किया है। यह टीम 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक टिन क्वॉन्ग रोड रिक्रिएशन ग्राउंड में होने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। गुलबदीन नायब की वाली टीम में फरमानुल्लाह सफी, इमरान मीर, अब्दुल रहमान, करीम जन्नत, नांगेयालिया खारोटे और सेदिकुल्लाह पाचा को जगह मिली है। अफगानिस्तान को ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका और ओमान के साथ रखा गया है।

सिक्स-ए-साइड फॉर्मेट में खेले जाने वाले मैचों में, टीमों को बॉल और फील्ड में डिसिप्लिन बनाए रखते हुए स्कोरिंग के मौके बनाने होंगे। हांगकांग सिक्सेस में हर टीम में छह खिलाड़ी और हर इनिंग में छह ओवर होते हैं। छोटा फॉर्मेट लंबे समय तक मजबूती के लिए बहुत कम जगह छोड़ता है, जिससे हर तरह का योगदान खास तौर पर कीमती हो जाता है। अफगानिस्तान के कैंपेन में नायब का इंटरनेशनल लेवल पर अनुभव बहुत काम आएगा।

टीम का मकसद टूर्नामेंट की जरूरतों के हिसाब से तेजी से ढलना और एक मनोरंजक क्रिकेट देना होगा। अफगानिस्तान के हिस्सा लेने का स्वागत करते हुए, क्रिकेट हांगकांग, चीन के कमर्शियल और मार्केटिंग डायरेक्टर अनुराग भटनागर ने कहा कि टीम का तरीका टूर्नामेंट की अपील को और बढ़ाएगा।

प्रीमियर लीग में गोमेज ने दिलाई डेविड बैकहम की याद

एमबाप्पे के दो गोल से रियाल मैड्रिड की शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

काइलियन एमबाप्पे ने दो गोल करके रियाल मैड्रिड को स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में आसान जीत दिलाई जबकि डिएगो गोमेज ने प्रीमियर लीग में 50 मीटर की दूरी से गोल करके डेविड बैकहम की याद ताजा कर दी।

एमबाप्पे ने एक शानदार गोल किया और पेनल्टी किक को गोल में बदला, जिससे रियाल मैड्रिड ने विनीसियस जूनियर के निलंबन के कारण बाहर होने के बावजूद सेविला को 4-1 से हरा दिया। रियाल मैड्रिड इस जीत से एटलेटिको मैड्रिड और शीर्ष स्थान पर मौजूद बार्सिलोना के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

मैड्रिड ने सेविला को 4-1 से रौंदा ला लिगा में तीसरे स्थान पर पहुंची टीम



गोमेज ने किया बीच मैदान से गोल

इंग्लैंड में प्रीमियर लीग में ब्राइटन की क्रिस्टल पैलेस पर 5-0 की जीत में गोमेज ने मैदान के बीच से शॉट लगाकर गोल किया जबकि आर्सेनल ने नॉटिंघम फॉरेस्ट को हराया। गोमेज ने सातवें मिनट में 50 मीटर की दूरी से शॉट लगाकर गेंद को क्रिस्टल पैलेस के गोलकीपर वाल्टर बेनिटेज़ के ऊपर से नेट में पहुंचा दिया। पैराग्वे के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के इस शॉट ने 1996-97 के प्रीमियर लीग सत्र के पहले दिन बैकहम के मैनचेस्टर यूनाइटेड की तरफ से विंबलडन के खिलाफ किए गए इसी तरह के गोल की यादें ताजा कर दीं।

बुंडेसलिगा ने गंवाया पहला स्थान

बैकहम के इस गोल को प्रीमियर लीग के सर्वश्रेष्ठ गोल में से एक माना जाता है। फ्रीबर्ग ने सत्र की अपनी पहली हार के साथ बुंडेसलिगा में पहला स्थान हासिल करने का मौका गंवा दिया। उसे बायर लेवरकुसेन ने 2-1 से हराया। फ्रांस की लीग में मोनाको को अपनी पहली हार का सामना करना पड़ा। उसकी टीम लोरिएंट से 1-0 से हार गई।



खबर संक्षेप

भारत न बांग्लादेश, न फ्रांस,तुलना गलत

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के सत्ता परिवर्तन कराने के आरोपों



का जवाब दिया। थरूर ने कहा कि मेरा मानना है कि भारत बांग्लादेश नहीं है और भारत फ्रांस भी नहीं है। मुझे ये तुलना खास तौर पर प्रासंगिक नहीं लगती। हम फ्रांस में हुई बसों और पुलिस स्टेशनों को आग लगाने जैसी किसी भी हिंसा को कभी सही नहीं ठहराएंगे। हम केवल शांतिपूर्ण प्रदर्शन में विश्वास करते हैं। मैंने भी इसी तरह के प्रदर्शनों में हिस्सा लिया है ।

कनाडा में दो भारतीय मूल के नेता बने मेयर

ओटावा। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में चुनावों में भारतीय मूल के दो नेताओं ने मेयर



पद पर जीत दर्ज की है। भारत में जन्मे हर्षन रामदास फर्नी शहर के नए मेयर चुने गए हैं, जबकि सुरिंदरपाल राठौर ने विलियम्स लेक के मेयर पद पर दोबारा जीत हासिल की है। दोनों नेताओं की जीत ने लोगों की राजनीतिक भागीदारी को चर्चा में ला दिया है। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद हर्षन रामदास और सुरिंदरपाल राठौर की जीत सामने आई। रामदास ने फर्नी में अपने प्रतिद्वंद्वी काइल हैमिल्टन को हराया, जबकि राठौर विलियम्स लेक में दूसरी बार मेयर चुने गए।

यह जानकारी सोमवार को राजधानी में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उप-नौसेनाप्रमुख वाइस एडमिरल कोचर ने दी है

मल्टी डोमेन फोर्स बनने की तैयारी में नौसेना नई तकनीक संग रणनीतिक क्षमताओं पर जोर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद वैश्विक परिदृश्य में तेजी से होते बदलावों के बीच भारतीय नौसेना अब अपने आप को एक मल्टी डोमेन नेटवर्क फोर्स के रूप में परिवर्तित करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। जिसमें वह नई तकनीक को आत्मसात करने तक ही सीमित नहीं है। बल्कि इसके अलावा अपनी रणनीतिक क्षमताओं की पूर्ति पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। यहां मल्टी डोमेन के मायने आसमान से पानी के अंदर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से लेकर क्वांटम तकनीक तक जुड़े हुए हैं। यह जानकारी उप-नौसेनाप्रमुख वाइस एडमिरल अजय कोचर ने सोमवार को राजधानी के मानेकशॉ केंद्र में स्वावलंबन-2026 कार्यशाला के आयोजन के पूर्व में आयोजित की गई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए दी है। उन्होंने बताया कि स्वावलंबन कार्यशाला का इस वर्ष 26 से 27 अक्टूबर को इसी केंद्र में आयोजन किया जाएगा। जो कि इसका पांचवां संस्करण होगा।



सस्ते ड्रोन की खरीद पर जोर

उन्होंने ये भी कहा कि संघर्षों ने हमें ये सीख भी प्रदान की है कि तकनीक को स्वीकार करते वक्त हमें प्रत्यक्ष ऊर्जा हथियार सिस्टम की खरीद के उपायों पर ध्यान देने की बजाय एक महंगे हथियार के स्थान पर एक सस्ते फायरिंग सिस्टम जैसे ड्रोन की खरीद करनी चाहिए। इस साल अप्रैल में डीआरडीओ ने लेजर से निर्देशित ऊर्जा हथियार सिस्टम का सफलतापूर्वक परीक्षण भी किया है। इसी के साथ भारत चयनित समूह वाले उन देशों की सूची में शुमार हो गया है। जिनके पास नई पीढ़ी के हथियार हैं और ये शत्रुओं द्वारा भेजे गए ड्रोन और यूएवी को मार गिराने में सक्षम हैं।

संतुलित, ऑलराउंड तैनाती जरूरी

उन्होंने कहा कि किसी भी सशस्त्र सेना के लिए एक संतुलित, ऑल राउंड तैनाती की आवश्यकता होती है। लेकिन सिर्फ एक दिशा में आगे बढ़ने के लिए मुझे लगता है कि यह सही नहीं होगा। इसलिए जहां तक नौसेना की बात है तो हम सभी क्षेत्रों में तैनाती पर जोर दे रहे हैं। जैसे आसमान, समुद्र, पानी के अंदर, साइबर, अंतरिक्ष, असीमित युद्ध व नई प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र इसमें मुख्य रूप से शामिल हैं। इसी के तहत हम समुद्री क्षमता के दृष्टिकोण वाली योजना पर जोर दे रहे हैं। पैमाना, परिष्कार, गति और चरणबद्ध विकास को उन्होंने नौसेना का मार्गदर्शक सिद्धांत बताया है।

हमलों के बीच तटों तक पहुंचाए जहाज

पत्रकारों के सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि पश्चिम-एशिया क्षेत्र में बने हुए मौजूदा संकट के बीच हम लगातार विचार और तैनाती जैसे दोनों स्तरों पर जुड़े हुए हैं। अकेले संघर्ष केवल नौसेना के भविष्य को आकार नहीं दे सकते हैं। तकनीक को तीव्रता से अपनाने का मसला भी इसमें शामिल है। उधर, महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों पर हमलों के बीच नौसेना ने ऊर्जा सुरक्षा अभियान की बदौलत कई व्यापारिक जहाजों को सुरक्षित रूप से मारतीय तटों तक पहुंचाया है। हालिया संघर्षों ने हमें तेजी के साथ बदलावों को स्वीकार करने की दिशा में आगे बढ़ाया है। जिसमें युद्ध के लिए जरूरी स्वायत्त सिस्टम और एआई मुख्य हैं। इसमें एआई के अलावा काउंटर-यूएएस (मानवरहित एयरक्राफ्ट सिस्टम), क्वांटम तकनीक का इस्तेमाल शामिल है। मेरे हिसाब से यह वो तमाम क्षेत्र हैं। जो भविष्य में जल्द ही स्वीकार किए जाएंगे।

नौसेना ने दिया 42 युद्धपोतों का ऑर्डर

वाइस एडमिरल कोचर के मुताबिक, नौसेना में नए युद्धपोतों की आवक की जहां तक बात है तो नौसेना ने 42 प्लेटफार्म का ऑर्डर दिया है। इसके अलावा 78 प्लेटफार्म तथा 120 तीव्र गश्ती नौकाओं (एफआईसी) को लेकर आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) मिल चुकी है। इन 198 प्लेटफार्म की खरीद पर कुल करीब 2.41 लाख करोड़ रुपए की लागत आएगी। वर्तमान में ये खरीद प्रक्रिया के विभिन्न स्तरों पर हैं। लैंडिंग प्लेटफार्म डॉक (एलपीडी) को लेकर उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि हाल ही में 4 एलपीडी की खरीद को लेकर आरएफपी जारी की गई है। साथ ही बीते सप्ताह इनका निर्माण करने वाले शिपयार्ड को शॉर्टलिस्ट किया गया है। अगली पीढ़ी के जंगी फ्रिगेट के मामले में कुछ सप्ताह पहले आरएफपी जारी की जा चुकी है। अब सिर्फ प्रतिक्रिया का इंतजार है।

आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा

कार्यशाला से नौसेना के स्वदेशीकरण को लेकर चल रहे तमाम प्रयासों, तकनीकी नवाचार से रणनीतिक क्षमताओं को मजबूत बनाने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। यह आयोजन उभरती हुई समुद्री सुरक्षा चुनौतियों को लेकर नवाचार प्रवर्तकों, उद्योग भागीदारों, स्टार्टअप, एमएसएमई, अकैडमिया, निवेशकों और रक्षा बलों के बीच आपसी सहयोग को बढ़ावा देने में मददगार साबित होगा। 2022 में इसका पहला संस्करण हुआ था। जिसमें कुल 800 भागीदारों ने भाग लिया था। इसके बाद के वर्षों में इसका लगातार विस्तार हुआ है। बीते साल 3 हजार भागीदारों ने कार्यशाला में शिरकत की थी। कार्यशाला के जरिए 2022 के बाद से 3 हजार 500 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को लेकर एओएन और 1900 करोड़ रुपए के समझौते हुए हैं।

इस वर्ष भारत में आयोजित किया जा रहा पांचवां संस्करण, 19 अक्टूबर से शुरुआत और 1 नवंबर को होगा समापन

भारत-ऑस्ट्रेलिया की सेनाओं के बीच केरलम में हुआ 'ऑस्ट्राहिंद' युद्धाभ्यास का आगाज



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया क्षेत्र से लेकर रूस-यूक्रेन युद्ध तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बने हुए सुरक्षा चुनौतियों के दौर में भारत और ऑस्ट्रेलिया की थलसेनाओं के बीच सोमवार से 'ऑस्ट्राहिंद' युद्धाभ्यास-2026 की शुरुआत हो गई है। इस वर्ष 19 अक्टूबर से 1 नवंबर तक होने वाले इस युद्धाभ्यास का पांचवां संस्करण दक्षिण भारत के केरलम राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम के विदेशी प्रशिक्षण नोड एफटीएन में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें दोनों सेनाओं के कुल 120 रणबांकुरे भाग ले रहे हैं। युद्धाभ्यास की एक विशेषता यह भी है कि इस वर्ष पहली बार इसमें न्यूजीलैंड का एक प्रतिनिधिमंडल पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुआ है। रक्षा मंत्रालय ने 19 अक्टूबर को एक बयान के जरिए यह जानकारी दी है।

गढ़वाल राइफल संग होंगी बाकी सेनाएं

मंत्रालय ने कहा कि ऑस्ट्राहिंद में भारतीय सेना के दस्ते की अगुवाई गढ़वाल राइफल्स के जवान कर रहे हैं। जबकि उनके साथ वायुसेना और नौसेना की टुकड़ी भी शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से 13 ब्रिगेड के जवान युद्धाभ्यास का हिस्सा बने हैं। पिछले साल यह युद्धाभ्यास ऑस्ट्रेलिया के पर्थ स्थित इरविन बैरक में 13 से 26 अक्टूबर 2025 तक हुआ था।

यूएन के सिद्धांतों पर केंद्रित होगा युद्धाभ्यास

युद्धाभ्यास की थीम 'जाइंट कन्वेंशनल ऑपरेशंस इन आइलैंड एंड कोस्टल एनवायरमेंट अंडर चैप्टर-7 ऑफ द यूएन मैनडेट' रखी गई है। जिसका उद्देश्य दोनों थलसेनाओं के बीच अंतर-संचालनीयता, संयुक्त रूप से कार्य करने की भावना और रणनीतिक समन्वय को बढ़ावा देना है। साथ ही इसमें एक समान सूझबूझ के जरिए विभिन्न सैन्य क्रियाकलापों, तकनीकों और प्रक्रियाओं को द्वीपीय तथा तटीय भूभाग में अंजाम दिया जाएगा।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ेगी शांति-स्थिरता

ऑस्ट्राहिंद के जरिए न केवल दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग, साझा कार्रवाई को लेकर दोनों सेनाओं में आपसी विश्वास बढ़ेगा। बल्कि इसकी मदद से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता को लेकर बनी हुई भारत, ऑस्ट्रेलिया की प्रतिबद्धता को भी मजबूती मिलेगी। युद्धाभ्यास के दौरान दोनों सेनाएं संयुक्त रूप से योजना बनाने, रणनीतिक ड्रिल का अभ्यास करने, युद्धक अभियानों के लिए वास्तविक परिस्थितियों में प्रशिक्षण को आगे बढ़ाने जैसी गतिविधियों के जरिए अपनी युद्धक क्षमता का प्रदर्शन करेंगी। जिसमें हवाई और समुद्री क्षेत्रों का भी समावेश देखने को मिलेगा। तटीय, द्वीपीय भूभाग पर युद्धाभ्यास में समन्वित अभियानों का संचालन किया जाएगा। महत्वपूर्ण संसाधनों की निगरानी, गश्त, सुरक्षा सहित मानवीय सहायता व आपदा राहत एचएडीआर तैयारियों को भी इसमें व्यापक रूप से परखा जाएगा। इतना ही नहीं दोनों बल अपनी अच्छी आदतों का भी आदान प्रदान करते हुए नजर आएंगे।

गणराज्य को कमजोर करने की साजिश

राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा-जिन उपद्रवियों ने आगजनी की, उन पर होगा कठोर एक्शन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसा, तोड़फोड़ और लूटपाट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। राष्ट्र के नाम संबोधन में उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं गणराज्य को कमजोर करने की कोशिश हैं और दोषियों को जवाबदेह ठहराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों और हिंसा में शामिल लोगों के बीच अंतर करना जरूरी है। फ्रांस के गृह



मंत्रालय के अनुसार, करीब 2400 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि हिंसा के दौरान लगभग 1000 पुलिसकर्मी और जवान घायल हुए। कई शहरों में सरकारी इमारतों, दुकानों और सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया। श्री मैक्रों ने कहा कि सरकार इन घटनाओं की समीक्षा करेगी और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाएगी। उन्होंने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और सार्वजनिक व्यवस्था बहाल करने पर जोर दिया। प्रभावित लोगों को तत्काल सहायता देने और नुकसान से उबरने में समुदायों की मदद करने के लिए एक संकट प्रबंधन इकाई बनाने की घोषणा की।

बांग्लादेश में हुई इमरजेंसी लैंडिंग

12 हजार फीट की ऊंचाई पर खुला दरवाजा, भारतीय महिला की मौत

एजेंसी ⏭ ढाका

बांग्लादेश में एक भारतीय महिला की मौत हो गई है। दरअसल महिला को ले जा रही एयर एम्बुलेंस में तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसके कारण उड़ान के दौरान ही विमान का दरवाजा आंशिक रूप से खुल गया और उसे बांग्लादेश में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। यह जानकारी स्थानीय मीडिया के अनुसार है।

रिपोर्ट के अनुसार विमान ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्थानीय



समयानुसार दोपहर करीब 1:40 बजे सुरक्षित उतर गया। विमान में कुल सात लोग सवार थे, जिनमें दो पायलट, एक मरीज, एक डॉक्टर, एक पैरामेडिक और दो अन्य साथी शामिल थे। 'रिपोर्ट के मुताबिक, मरीज की पहचान 56 वर्षीय अंजना भौमिक के रूप में हुई है।

सार्वजनिक अशांति और हिंसा भड़काने वाली सामग्री पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश

वायरल फोटो-वीडियो के साथ संदर्भ स्पष्ट करने पर भी जोर

सोशल मीडिया पर एकतरफा नैरेटिव को बढ़ावा देने से बचें फेसबुक-इंस्टाग्राम: केंद्र सरकार की मेटा को सलाह

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक और इंस्टाग्राम की मालिक कंपनी मेटा को अपने रिकमेंडेशन सिस्टम की समीक्षा करने और यह सुनिश्चित करने की सलाह दी है कि उपयोगकर्ताओं को किसी एक या सीमित संख्या में नैरेटिव वाली सामग्री असमान रूप से अधिक मात्रा में न दिखाई जाए। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने कंपनी को जारी एक परामर्श में ऐसी सामग्री की निगरानी और जांच मजबूत करने पर भी जोर दिया है, जिससे सार्वजनिक अशांति फैलने, हिंसा भड़कने या अन्य गैरकानूनी गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की आशंका हो। मंत्रालय ने विशेष रूप से उन तस्वीरों, वीडियो, ग्राफिक्स और अन्य डिजिटल सामग्री के संदर्भ में उचित कदम उठाने को कहा है, जो किसी मौजूदा सार्वजनिक घटना को दर्शाती हों। ऐसी सामग्री के साथ पर्याप्त संदर्भ उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है, ताकि उपयोगकर्ता उसके वास्तविक होने, घटना की तारीख, स्थान और परिस्थितियों को लेकर भ्रमित न हों।

रिकमेंडेशन सिस्टम की भूमिका पर सरकार की नजर

फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उपयोगकर्ताओं को दिखाई देने वाली सामग्री का बड़ा हिस्सा उनके रिकमेंडेशन सिस्टम के जरिए चुना जाता है। ये सिस्टम उपयोगकर्ताओं की गतिविधियों, पसंद, रुचियों और अन्य संकेतों के आधार पर पोस्ट, वीडियो और अन्य सामग्री सुझाते हैं। सरकार की सलाह का एक प्रमुख पहलू यह है कि इन प्रणालियों के कारण उपयोगकर्ताओं के सामने किसी एक विचार, दावे या नैरेटिव की अत्यधिक मौजूदगी न हो। किसी विषय पर सीमित दृष्टिकोण वाली सामग्री लगातार दिखाई देने से उपयोगकर्ताओं की समझ प्रभावित हो सकती है। हालांकि, परामर्श में किस तरह के नैरेटिव या सामग्री को लेकर चिंता जताई गई है, इसका विस्तृत विवरण उपलब्ध जानकारी में स्पष्ट नहीं है।

सार्वजनिक अशांति फैलाने वाली सामग्री पर बढ़ेगी जांच

मंत्रालय ने मेटा से ऐसी सामग्री पर निगरानी और जांच मजबूत करने को कहा है, जो सार्वजनिक व्यवस्था को प्रभावित कर सकती है, हिंसा भड़का सकती है या किसी अन्य गैरकानूनी गतिविधि को प्रोत्साहित कर सकती है। सोशल मीडिया पर किसी घटना से जुड़ी अपुष्ट सूचना, भ्रामक दावे या संदर्भ से काटकर प्रसारित किए गए वीडियो तेजी से फैल सकते हैं। ऐसे मामलों में सामग्री की वास्तविकता और उसके संभावित प्रभाव की जांच महत्वपूर्ण हो जाती है। सरकार की सलाह का उद्देश्य ऐसी सामग्री से जुड़े जोखिमों पर प्लेटफॉर्म की सतर्कता बढ़ाना है। हालांकि, इस परामर्श को सभी विवादित या सरकार की आलोचना करने वाली पोस्ट पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उपलब्ध विवरण में जोर सार्वजनिक अशांति, हिंसा और गैरकानूनी गतिविधियों से जुड़े जोखिमों पर है।

वायरल फोटो-वीडियो के साथ संदर्भ देना जरूरी

मंत्रालय ने मौजूदा सार्वजनिक घटनाओं से जुड़ी तस्वीरों, वीडियो, ग्राफिक्स और अन्य सामग्री के साथ पर्याप्त संदर्भ उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया है। कई बार पुरानी तस्वीरों या वीडियो को नई घटना से जोड़कर प्रसारित किया जाता है। इसी तरह किसी दूसरे स्थान की घटना को किसी अन्य शहर या क्षेत्र का बताकर साझा करने से भ्रम फैल सकता है। ऐसी स्थिति में सामग्री की तारीख, स्थान, वास्तविकता और घटना से जुड़े हालात स्पष्ट करना महत्वपूर्ण है। मंत्रालय की सलाह के अनुसार, मेटा को यह सुनिश्चित करने के लिए उचित उपाय करने चाहिए कि उपयोगकर्ताओं को सामग्री देखते समय उसका आवश्यक संदर्भ मिल सके, खासकर तब जब मूल जानकारी से उसकी प्रामाणिकता या परिस्थितियों का पता लगाना आसान न हो।

गलत संदर्भ में प्रसारित सामग्री से भ्रम की आशंका

डिजिटल प्लेटफॉर्म पर किसी तस्वीर या वीडियो को उसके मूल संदर्भ से अलग करके साझा करने से घटना की गलत व्याख्या हो सकती है। किसी पुराने घटनाक्रम को वर्तमान बताना, संपादित वीडियो को बिना स्पष्टीकरण प्रसारित करना या अपुष्ट दावों के साथ दृश्य सामग्री साझा करना सार्वजनिक बहस को प्रभावित कर सकता है। ऐसे मामलों में संदर्भ संबंधी जानकारी उपयोगकर्ताओं को यह समझने में मदद कर सकती है कि सामग्री किस घटना से जुड़ी है और उसके बारे में उपलब्ध दावे कितने विश्वसनीय हैं। हालांकि, केवल संदर्भ जोड़ देना हर स्थिति में सामग्री की सत्यता की गारंटी नहीं है। इसके लिए तथ्य-जांच और विश्वसनीय स्रोतों की पुष्टि भी आवश्यक है।

सोशल मीडिया कंपनियों की जवाबदेही का सवाल

मेटा दुनिया के प्रमुख सोशल मीडिया समूहों में शामिल है और फेसबुक तथा इंस्टाग्राम के जरिए बड़ी संख्या में लोग समाचार, सार्वजनिक घटनाओं और राजनीतिक-सामाजिक मुद्दों से जुड़ी जानकारी प्राप्त करते हैं। ऐसे में प्लेटफॉर्म के एल्गोरिदम, सामग्री की अनुशंसा और भ्रामक सूचनाओं से निपटने की व्यवस्था का सार्वजनिक विमर्श पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है। सरकार की यह सलाह सोशल मीडिया कंपनियों की जिम्मेदारी को लेकर जारी बहस के बीच महत्वपूर्ण है। एक ओर सार्वजनिक व्यवस्था और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक है, वहीं दूसरी ओर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, निष्पक्ष सूचना और विभिन्न विचारों तक उपयोगकर्ताओं की पहुंच भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के अहम पहलू हैं।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109